वर्ष- 13 अंक - 91
लखनऊ, सोमवार 01 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नई श्रम संहिताओं से श्रमिकों को सुरक्षा और उद्योगों को मिलेगी सहूलियत : राजभर 03

बारात लेकर जा रही बोलेरो डम्पर में घुसी, एक की मौत, सात घायल 10

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,29,820/ |
| 22 कैरेट | = | 1,19000/ |
| 18 कैरेट | = | 97,370/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 185,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### दंतेवाड़ा में 37 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में डीवीसीएम, एसीएम कैडर के 37 नक्सलियों ने आज दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 27 नक्सलियों पर 65 लाख रुपये का इनाम घोषित है। इनमें एक एसजेडसीएम कैडर की महिला नक्सली बड़े कैडर के नक्सली कमांडर कमलेश की गार्ड रही है। इन आत्मसमर्पित 37 में से 27 नक्सलियों में 8-8 लाख रुपये के इनामी 4 नक्सली शामिल हैं, जबकि 5 लाख का इनामी एक नक्सली और बाकी कई नक्सलियों पर 2 लाख, 01 लाख और 50 हजार तक के इनाम की घोषणा है। आत्मसमर्पित 37 नक्सलियों में कई ऐसे भी हैं, जो कुछ वर्ष पहले मिनपा में पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर 26 जवानों के बलिदान और 20 जवानों को घायल कर हथियार एवं गोला बारुद लूटने की वारदात में शामिल थे।

### बिहार में जदयू नेता के पिता की पीट-पीटकर हत्या

**बांका।** बिहार के बांका जिले से बड़ी खबर सामने आई है, जहां जदयू प्रखंड अध्यक्ष भैरव कुमार मंडल के पिता छेदी मंडल (68) की निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि बच्चों के बीच पुरानी रंजिश के चलते यह घटना हुई। घटना के बाद भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार रात बांका जिले के बौंसी थाना क्षेत्र की है। मृतक छेदी मंडल अपने गदाल गांव स्थित घर में अकेले थे।

### नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया व राहुल पर नई एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की है। इसमें उनके अलावा छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। ये तीन कंपनियां हैं- एजेएल डोटेक्स मर्चेंडाइज और यंग इंडियन। इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, 2010 में एजेएल के पास करीब 2,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां थीं। डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपए दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपए चुकाकर एजेएल पर नियंत्रण हासिल किया। यंग इंडियन में राहुल व सोनिया की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### मेरठ में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ जिले के खिम्मीपुरा खोला में जंगलों के भीतर संचालित अवैध हथियार निर्माण फैक्टरी का भंडाफोड़ कर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हस्तिनापुर थाने के प्रभारी शशांक द्विवेदी ने बताया कि खिम्मीपुरा खोला के जंगल में की गई घेराबंदी के बाद ताज मोहम्मद, सोनू और सूरज नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया(

# सर्वाधिक एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयों वाला जिला बना वाराणसी

समृद्धि न्यूज

**जिले में 172 स्वास्थ्य इकाइयां एन्क्वास प्रमाणित, आरोग्य मंदिर का डाटा सक्षम पोर्टल पर अपलोड**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वाराणसी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत सर्वाधिक स्वास्थ्य इकाइयों को प्रमाणित कराने वाला देश का पहला जिला बना।

वर्तमान में जिले की 172 स्वास्थ्य इकाइयाँ एन्क्वास प्रमाणित हो चुकी हैं। रविवार को जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने यह जानकारी दी। प्रमाणन प्राप्त इकाइयों में 159 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 9 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व 2 जिला स्तरीय चिकित्सालय शामिल हैं। डॉ चौधरी के अनुसार 19 और इकाइयों के परिणाम आना शेष हैं, जबकि 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन 15 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच भारत सरकार द्वारा नामित टीमों द्वारा किया जाएगा। 4 सीएचसी, 3 पीएचसी एवं 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का डाटा सक्षम पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है।

# निजी स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों की शैक्षिक अर्हता की अब होगी जांच

## मानक के विपरीत बिना अर्हता के शिक्षकों से पढ़ाई कराने पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई ने जताई नाराजगी

**75 जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षकों को जांच की दी गई जिम्मेदारी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार प्राइवेट स्कूलों को लेकर एक्शन में है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों की शैक्षिक अर्हता की जांच कराई जाएगी। मानक के विपरीत बिना अर्हता के शिक्षकों से पढ़ाई कराने पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई ने सख्त नाराजगी जताई है। शिक्षा विभाग इन स्कूलों के शिक्षकों की जांच कर रिपोर्ट देगा।

एनसीटीई को इस मामले में झांसी के रहने वाले राहुल जैन की ओर से साक्ष्यों के साथ शिकायत की गई है, जिसमें कई निजी स्कूलों में शिक्षक बिना डीएलएड, बीएड, सीटीईटी व टीईटी पास किए बिना निजी स्कूलों में पढ़ाई करा रहे हैं।

एनसीटीई के अनिवार्य मानकों का पालन न किए जाने से तमाम निजी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। अब सभी 75 जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षक निजी स्कूलों के शिक्षकों की शैक्षिक अर्हता का ब्योरा खंगालेंगे। मानकों के विपरीत जहां शिक्षक मिलेंगे, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। हर हाल में विद्यार्थी को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले इसके लिए यह कदम उठाया जा रहा है। निजी स्कूल अभिभावकों से तो मोटी फीस वसूल लेते हैं, लेकिन शिक्षकों को कम वेतन पर रखते हैं। योग्यताधारी शिक्षक न मिलने की स्थिति में वह बीए-एमए पास से भी पढ़ाई करा लेते हैं। निजी स्कूलों में बिना अहर्ता शिक्षक रखने का मामला मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा तक पहुंचा है। एनसीटीई के पत्र के बाद शिक्षा विभाग ने जिलों में इसकी जांच कराने का निर्णय लिया। अब शासन की सख्ती के बाद जिलों में जांच शुरू होगी। योग्यता जांच का मुख्य उद्देश्य राज्य भर में शिक्षण मानकों को एकरूपता देना है।

**शिक्षा का अधिकार आरटीई अधिनियम के तहत भी सभी शिक्षकों के लिए न्यूनतम व्यावसायिक योग्यता अनिवार्य है। जांच के बाद न केवल अवैध रूप से कार्यरत शिक्षकों की छंटनी होगी बल्कि स्कूलों को भी मजबूरन योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्त करना पड़ेगा। इस कदम से शिक्षा की मूलभूत संरचना मजबूत होगी और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान रूप से बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। निजी स्कूलों में पैसे कमाने के बजाय शिक्षण की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए।**

# एक सप्ताह बढ़ी एसआईआर प्रक्रिया

## चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों में बढ़ाई तिथियां, गणना अवधि व मतदान केंद्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया अब 11 दिसंबर तक

**मसौदा मतदाता सूची नौ के बजाय 16 दिसंबर व अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी की बजाय 14 फरवरी तक होगी प्रकाशित**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जारी मतदाता सूची को अपडेट करने से जुड़ी प्रक्रिया एसआईआर की तिथियों में बदलाव करते हुए इन्हें एक सप्ताह आगे बढ़ाया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अब मसौदा मतदाता सूची 9 के बजाय 16 दिसंबर और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी की बजाय 14 फरवरी को प्रकाशित होगी।

विशेष गहन पुनरीक्षण के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन आयोग ने सभी गतिविधियों की समय-सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। नए कार्यक्रम के तहत गणना अवधि और मतदान केंद्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया अब 11 दिसंबर 2025 तक पूरी की जाएगी। नियंत्रक तालिका के अद्यतन और ड्राफ्ट मतदाता सूची की तैयारी का कार्य 12 से 15 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा, जबकि ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर 2025 को होगा। दावों और आपत्तियों को जमा करने की अवधि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। नोटिस चरण, जिसमें जारी करना, सुनवाई, सत्यापन तथा गणना प्रपत्रों और दावों-आपत्तियों पर निर्णय शामिल हैं, 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जांच और अंतिम प्रकाशन की अनुमति 10 फरवरी 2026 तक पूरी की जाएगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग देश के 12 राज्यों जिसमें पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश शामिल है, में मतदाता सूची को अपडेट कर रहा है। इसके लिए चुनाव आयोग नागरिकता और स्थानीय निवास के आधार पर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने और हटाने की विशेष जांच पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया चला रहा है। दूसरी ओर विपक्ष इसको लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर हमलावर है। विपक्ष की ओर से आज सर्वदलीय बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार बड़ी जल्दबाजी में एसआईआर की प्रक्रिया संचालित कर रही है। आज इसकी तारीखों को एक सप्ताह आगे बढ़ाया गया है। हमें लगता है कि कोई मतदाता सूची से छूटे नहीं इसके लिए इसमें और अधिक समय लिया जाना चाहिए।




### म.प्र. के छह जिलों ने एसआईआर का काम शत प्रतिशत किया पूर्ण

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मध्य प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मध्य प्रदेश के छह जिलों अशोक नगर, नीमच, बैतूल, गुना, मंडला और सीहोर जिले ने एसआईआर का काम शत प्रतिशत पूरा कर लिया है। यह जानकारी रविवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) संजीव कुमार झा ने दी। सीईओ झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के समन्वित प्रयास और अथक परिश्रम से ही संभव हुई है।

### दबाव में न आएं बीएलओ : नवदीप रिणवा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अहर्ता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की घोषित तिथियां को एक सप्ताह बढ़ाते हुए संशोधित तिथियां जारी कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधन तिथियां के अनुसार 11 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में 10.75 करोड़ से अधिक यानी 70 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन हो चुका है। साथ ही अब तक 9177 मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चूंकि एक सप्ताह की अवधि और मिल गई है, इसलिए उनके अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों ख़ासकर बीएलओ को अनावश्यक मानसिक दबाव में आने की आवश्यकता नहीं है। पर्याप्त समय है जिसमें सारा कार्य पूर्ण हो सकता है। ऐसे बीएलओ जो किसी भी वजह से कार्य में पिछड़ गए हैं और जिनको सहयोग की आवश्यकता उनको यथा आवश्यक सहयोग दिलाया जाए। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व हर पोलिंग बूथ पर बीएलओ और राजनैतिक दलों द्वारा तैनात बूथ लेवल एजेंट की बैठक होगी।

### एसआईआर उत्पीड़न रोकने के लिए आयोग को पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर अभियान में लगे राजकीय कर्मचारियों-शिक्षकों के साथ अव्यावहारिक बर्ताव से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रान्तीय पदाधिकारियों द्वारा गहरी निराशा एवं विरोध व्यक्त किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग तथा यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग करते हुए इस अप्रयोगिक प्रक्रिया पर अविलम्ब रोक लगाने हेतु आवश्यक कदम उठाने हेतु अनुरोध किया है। महामंत्री शिव वरन सिंह यादव ने बताया कि एसआईआर के कार्य में लगे प्रदेश भर के तृतीय श्रेणी के कार्मिकों-शिक्षकों पर इतना प्रशासनिक दबाव बनाया जा रहा है, कि वह अत्यधिक कार्य के दबाव के कारण खुद की जीवन लीला तक समाप्त कर रहे हैं। प्रशासनिक ज्यादती के उदाहरण प्रदेश भर से आ रहे हैं। जिनमें कुछ ही प्रकाश में हैं, और शेष वही पर प्रशासनिक दबाव के कारण दबा दिये जा रहे हैं।

# शिवगंगा में भीषण सड़क हादसा 11 की मौत, 40 से अधिक घायल

एजेंसी

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां पिल्लैयारपट्टी के पास दो सरकारी बसों की भिड़ंत में नौ लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तिरुपतूर, मदुरै और करैकुड़ी के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतकों में 5 महिला शामिल हैं।

शिवगंगा जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस. प्रसाद के मुताबिक जिले के तिरुपतूर से करैकुड़ी जाने वाले मार्ग पर कुम्मंगुड़ी पुल के पास रविवार शाम को तिरुपतूर से करैकुड़ी जा रही एक सरकारी बस की करैकुड़ी से डिंडिगल जा रही बस से पिल्लैयारपट्टी के पास आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे के यात्रियों की चीख सुनकर इलाके के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इस हादसे में, चालक सहित 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायल यात्रियों को 108 एम्बुलेंस से तिरुपत्तूर सरकारी अस्पताल और नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया। इस बीच भर्ती किए गए 3 लोग तिरुपत्तूर सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा, तिरुपत्तूर, मदुरै और काराइकुड़ी सरकारी अस्पतालों में गंभीर 40 से अधिक यात्री उपचाराधीन हैं।

### बेकाबू ट्रक ने आठ बाइक और एक ई-रिक्शा को रौंदा

**पांच लोगों की मौत, छह से ज्यादा लोग घायल**

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र स्थित एनएच-27 के दीपऊ मोड़ पर रविवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल है,जिनमे कई लोगो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर बताया गया कि एक तेज रफ्तार अनियंत्रित यूपी नंबर के ट्रक ने आठ बाइक और एक ई-रिक्शा को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि सड़क पर कई शव क्षत-विक्षत अवस्था में बिखर गये। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक के नीचे बाइक फंसने के कारण ही ट्रक कुछ दूरी पर रुक पाया,वरना हादसे में कई और मारे जाते। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। प्रशासन की मदद से घायलों को सदर अस्पताल और अन्य निजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा गया। हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया।

### प्रधानमंत्री ने लोगों को काशी तमिल संगम के लिए किया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में लोगों को दो से 15 दिसंबर तक काशी में आयोजित होने वाले चौथे काशी तमिल संगमम में आमंत्रित किया। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति को तंजावुर की चोलकालीन कला पर आधारित नटराज की कांस्य प्रतिमा भेंट किए जाने का भी कार्यक्रम के दौरान उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में कहा कि विश्व की सबसे पुरानी भाषा और विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में से एक शहर दोनों का संगम हमेशा अद्भुत होता है।

## चकबंदी प्रक्रिया में बदलाव करेगी राज्य सरकार, डिजिटाइज होंगे नक्शे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राज्य सरकार चकबंदी प्रक्रिया में बदलाव करने जा रही है। योगी सरकार की कोशिश चकबंदी को पारदर्शी बनाना है। आए दिन होने वाली धांधली की शिकायतों को खत्म करने के लिए चकबंदी से पहले गाटावार रोवर मशीन से ई-नक्शा तैयार कराया जाएगा। पुराने नक्शे से मिलान कर चकबंदी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नक्शा तैयार करने के लिए उच्च तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

यूपी में अभी पुराने नक्शों के आधार पर चकबंदी की जा रही है। इससे यह नहीं पता चल पा रहा है कि मौजूदा समय भूमि की क्या स्थिति है। प्रभावशाली लोग अपने हिसाब से जमीनों की पैमाइश करा लेते हैं और छोटे लोगों को शिकायत रहती है कि उनका हक मारा जा रहा है।

> चकबंदी को लेकर आने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रत्येक गाटे का नए सिरे से नक्शा तैयार होगा। रोवर मशीन का सहारा लिया जाएगा। चकबंदी को लेकर होने वाले विवाद खत्म होंगे और किसकी कितनी भूमि कहां है उसका वास्तिक रूप से पता चल जाएगा। पहले चरण में इसे कुछ गांवों में माडल के तौर पर कराया जाएगा। सफलता के बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।
> **हृषिकेश भास्कर, चकबंदी आयुक्त**

### चक्रवाती तूफान दित्वा से तमिलनाडु में तीन मौतें, उड़ानें-ट्रेनें रद्द

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान 'दित्वा' से श्रीलंका के बाद तमिलनाडु के कई हिस्सों में रविवार को भी लगातार भारी बारिश जारी रही, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। राज्य सरकार ने बताया कि बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई क्षेत्रों में पानी भरने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। कावेरी डेल्टा के रामनाथपुरम और नागपट्टिनम जैसे जिलों में भारी बारिश के चलते निचले इलाके जलमग्न हैं और यातायात बाधित हुआ है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार तूफान लगभग 7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है।

## देश की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा जरूरी

**झज्जर के सिद्ध बाबा पालनाथ आश्रम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए योगी**

एजेंसी



**झज्जर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को झज्जर जिले के कबलाना गांव स्थित सिद्ध बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठ भंडारे कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां पहुंचने पर योगी आदित्यनाथ का संत समाज ने भव्य स्वागत किया।

इसके बाद मंत्रोच्चार के बीच योगी आदित्यनाथ ने मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। यहां मंच से योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर से कटोगे तो बंटोगे का नारा दिया। कार्यक्रम में योगी ने कहा कि सीमा पार से हमारा दुश्मन दो तरह से हमले करने की फिराक में है। एक हमला धर्मांतरण और दूसरा हमला नशे के कारोबार को फैलाकर करना चाहता है। हमारा दुश्मन धर्मांतरण और नशे के कारोबार से देश को तोड़ना चाहता है और हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद करना चाहता है। हम सभी को इसके लिए सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे जाति, तुष्टिकरण, भाषा और क्षेत्रवाद के चक्कर में पड़कर आपस में न बटें। राष्ट्र की रक्षा करने के लिए हमें सनातन धर्म की रक्षा करनी होगी। यदि हम ऐसा नहीं कर पाए तो आने वाली पीढियां हमें कतई माफ नहीं करेंगी। योगी ने कहा कि युवाओं और वर्तमान पीढ़ी को बचाने के लिए हमें नशे पर प्रहार करना होगा। प्रदेश व देश के हर घर में हमें धर्म ध्वजा फहरानी होगी। गांव-गांव जाकर इसके लिए हमें जनजागरण चलाना होगा। यहां संत समाज के स्वागत से अभिभूत हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब भारत का स्वर्णिम काल था तो उस समय भी विदेशी हमले इसी प्रकार से हुए थे जैसे कि अब होने के प्रयास में हैं।

# पुलिस ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी मॉड्यूल का किया खुलासा, तीन लोग गिरफ्तार

**देश के कई संवेदनशील स्थानों पर हमले की तैयारी में था मॉड्यूल**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करते हुए तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। स्पेशल सेल की जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क पाकिस्तान में बैठे शहजाद भट्टी के निर्देशन में काम कर रहा था, जो वहां की खुफिया एजेंसी के इशारे पर भारत में हमलों की साजिशें रच रहा था।

स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है जिसे एक पाकिस्तानी नागरिक शहजाद भट्टी लीड कर रहा था।

शहजाद भट्टी एक गैंगस्टर है जो अभी पाकिस्तान की इंटेलिजेंस एजेंसी के इशारे पर काम कर रहा है। उक्त मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें से एक पंजाब का हरगुनप्रीत सिंह है। दूसरा विकास प्रजापति है जो मध्य प्रदेश के दतिया का है और तीसरा आरिफ है जो उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि हाल ही में 25 तारीख को गुरदासपुर सिटी पुलिस स्टेशन के सामने एक हैंड ग्रेनेड फेंका गया था, यही लड़के उस घटना में शामिल थे। इसके अलावा, स्पेशल सेल की जांच में यह भी पता चला है कि यह मॉड्यूल देश के कई अन्य संवेदनशील स्थानों पर हमले की तैयारी कर चुका था। आरोपितों ने कई जगहों की रेकी की थी और वहां की वीडियोग्राफी भी की थी, ताकि आगे ग्रेनेड हमलों को अंजाम दिया जा सके।

**बैठक** — रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक का हुआ आयोजन

# संसद का शीतकालीन सत्र आज से, विपक्ष से सहयोग की अपील

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक को सौहार्दपूर्ण बताते हुए उम्मीद जतायी है कि सत्र के सुचारू संचालन में सभी दलों का सहयोग मिलेगा। बैठक में विपक्षी नेताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाया।

इसके अलावा विपक्ष ने सुरक्षा, लोकतंत्र और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। सरकार ने विपक्ष से सहयोग की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि सरकार विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सभी मुद्दों पर विचार करेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रविवार को संसद भवन के संसदीय सौध में आयोजित बैठक में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई सहित विभिन्न पार्टियों के फ्लोर लीडर ने भाग लिया। एसआईआर के मुद्दे पर रिजिजू ने कहा कि वे इस समय इस पर कुछ नहीं कहेंगे। शाम को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी जिसमें कुछ मुद्दों पर सहमति बन सकती और कुछ मुद्दे चेयर के समक्ष उनकी अनुमति के लिए भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष एसआईआर के मुद्दे पर संसद नहीं चलने देगा ऐसा कोई विषय बैठक में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में गतिरोध संभव है और अगल-अलग एजेंडा होने के कारण मतभेद भी संभव हैं लेकिन हम विपक्ष से अनुरोध करते हैं कि वे सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करेंगे। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेताओं को सूचित किया कि संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार, एक दिसंबर से शुरू होगा और सरकारी कामकाज की तात्कालिकता के अधीन सत्र शुक्रवार, 19 दिसंबर को समाप्त हो सकता है।

### सत्र में संभावित रूप से विचार किए जाने वाले विधेयक

जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक, मणिपुर और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, एक अध्यादेश को बदलने के लिए निरसन और संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, परमाणु ऊर्जा विधेयक, कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक (एसएमसी), बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक, केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक। इसके अलावा कुछ वित्तीय कार्य भी हैं, वे इस प्रकार हैं- वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की पूरक मांगों के पहले बैच पर प्रस्तुति, चर्चा और मतदान और संबंधित विनियोग विधेयक की शुरुआत, विचार और पारित/वापसी।

# ग्रामीणों से संवाद कर जागरूक कर रही मोनालिसा

समय से प्रपत्र जमा करने की मतदाताओं से की अपील, बूथ बूथ घूमकर बी.एल.ओ. के कार्यों का कर रही पर्यवेक्षण



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को प्रभावी बनाने के लिए उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने शनिवार को दर्जनों गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों/मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए समय से प्रपत्र जमा करने की अपील की। संवाद के दौरान एसडीएम ने एस.आई.आर. के सम्बन्ध में मतदाताओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों स्पष्ट और सटीक जवाब देकर उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए कहा कि कहा कि अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें और भरे हुए प्रपत्र बूथ लेबिल अधिकारी को उपलब्ध करा दें।

एसडीएम ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण मात्र कागज़ी प्रक्रिया भर नही हैं, बल्कि हर नागरिक की पहचान, अधिकार और सहभागिता को सुरक्षित रखने की राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे समाज के सहयोग से ही सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने मतदाताओं को बताया कि इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है, जिससे कोई पात्र नागरिक छूटनें न पाएं और किसी मृत व्यक्ति का नाम सूची न रहने पाये। एसडीएम ने कहा कि एसआईआर अभियान आने वाले चुनावों की पारदर्शिता व विश्वसनीयता का आधार है।

तहसील प्रशासन दृढ़ संकल्पित है कि इस अभियान में किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहने पाये। ग्रामीणों से संवाद के दौरान उन्होंने बीएलओ की कारगुजारी का भी फीड बैक भी प्राप्त किया। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि गणना पत्रक वितरण से लेकर गणना पत्रक जमा होने तक की प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का कोई भी कागज नहीं लिया जा रहा है। जिनके पूर्वजों के नाम 2003 की सूची में उपलब्ध हैं, उनसे कोई अतिरिक्त दस्तावेज अपेक्षित नहीं होंगे, जबकि जिनका नाम 2003 की सूची में नहीं मिलता फिर भी वह फॉर्म भरकर अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा कर दें। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देश पर प्रत्येक बीएलओ अपने बूथ के घर-घर जाकर 04 दिसम्बर 2025 तक गणना प्रपत्र भरने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अभियान में बूथ लेबिल अधिकारियों को सहयोग करने की अपील की।

# तीन पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, पुलिस अधीक्षक ने की बेहतर स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना



समृद्धि न्यूज

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उपहार भेंट कर दी विदाई

**बहराइच।** रविवार को 03 पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए।

इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप उपनिरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक गरजन राम, लीडिंग फायर मैन लाखन सिंह को श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया तथा उनके द्वारा किये गये योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर नारायणदत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### केपीएम स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**रूपईडीहा,बहराइच समृद्धि न्यूज।** कन्हैयालाल परमेश्वर दीन मेमोरियल हाई स्कूल साकेत नगर रूपईडीहा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के माडल को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य रहे। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 5 से 10 तक के छात्रों ने हिस्सा लिया छात्रों द्वारा क्विज बॉक्स वाटर लेवल इंडिकेटर पवन चक्की कार्बन शुद्धिकरण जल चक्र सोलर सिस्टम चंद्रयान–3 ज्वालामुखी भूकंप मापी यंत्र लेजर होम सिक्योरिटी सिस्टम ट्रैफिक लाइट आदित्य एल 1 लिफ्ट आदि प्रकार के मॉडल बनाए थे। छात्रों में मुख्य रूप से अवंतिका सिंह, आसिफ, अक्षत, विवेक, शिल्पा, सुहानी, वर्तिका, सौम्या, कृष्ण, सत्यम, मनीषा, प्रज्ञा, अयान, साधना, दीप्ति, मानसिक, कोमल ने हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रबंधक ओंकारनाथ वर्मा एवं प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार वर्मा विनय प्रकाश, मुन्नालाल वर्मा, मोहम्मद सफीक, आरती वर्मा आदि ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बताया कि जो लेवल जो मॉडल बच्चों द्वारा बनाए गए हैं पहले बच्चे भी इन मॉडलों को वास्तविक रूप भी दे सकते हैं। अध्यक्ष डॉ उमाशंकर ने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पत्रकार ए आर उस्मानी से मिले सूरज सिंह, की मदद



गोंडा, समृद्धि न्यूज। कुछ दिनों से संदेश वाहक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार ए आर उस्मानी एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे है। जिनका इलाज टेंडर पाम हॉस्पिटल लखनऊ में चल रहा है। समाजवादी पार्टी के नेता सूरज सिंह शनिवार के दिन लखनऊ गए और टेंडर पाम हॉस्पिटल पहुंच कर उन की स्वास्थ्य की जानकारी लिया और इलाज में भी सहयोग किया और परिजनों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश शासन से भी सहयोग दिलाने का प्रयास करेंगे।

### 15 दिसंबर से आधार सेंटर अब बीएसएनएल आफिस पर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जनपद गोंडा में आधार सेंटर डा अम्बेडकर चौराहे पर चल रहा था जो 28 नवम्बर को बंद हो जाएगा और दिनांक 15 दिसम्बर से बी एस एन एल आफिस निकट बस अड्डा पर आधार सेंटर संचालित करेगा ऐसे लोग जो आधार कार्ड सम्बंधित कार्य कराना चाहते हैं नए आफिस पहुंचे उक्त जानकारी केन्द्र प्रबंधक वी के शुक्ला ने दी।

### पांच तक ले सकते है संगठन की सदस्यता

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक गांधी पार्क में संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में व जिला महामंत्री शिवराम शुक्ला के देखरेख में संपन्न हुई जो भी पदाधिकारी कर्मचारी पूर्व पदाधिकारी चुनाव में प्रतिभाग करना चाहते हैं वह सभी 5 दिसंबर तक जिला संगठन से सदस्यता प्राप्त कर सकते है। इसके बाद जनपद की फाइनल मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी।

### दो उपनिरीक्षक व एक मु0आ0 चालक हुए सेवानिवृत्त



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को जनपद गोण्डा पुलिस से 02 उ0नि0 व 01 मु0आ0 चालक अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान पुलिस लाइन गोण्डा स्थित सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लाईन सुश्री शिल्पा वर्मा द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल व फूल–माला पहनाकर, छाता व अन्य धार्मिक पुस्तके भेंट करते हुए विदा किया गया। महोदय द्वारा सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों से सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना की गयी एवं सेवानिवृत्ति उपरांत भी पुलिस विभाग का यथासंभव सहयोग करने की अपेक्षा की गयी तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारीजन मौजूद रहे। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में उ0नि0स0पु0 जगपति तिवारी, उ0नि0ना0पु0 संतरा, मु0आ0 चालक सुरेश चन्द्र है।

# यातायात जागरुकता रैली आयोजित कर यातायात माह-2025 का समापन



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** रविवार को निदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उ.प्र., लखनऊ के निर्देशों के क्रम में यातायात माह-2025 के अन्तर्गत जनपद में यातायात जागरूकता रैली निकालकर यातायात माह का समापन किया गया।

यातायात कार्यालय परिसर से रैली को पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पुलिस लाइन तिराहा से प्रारम्भ होकर अस्पताल चौराहा, छोटी बाजार, घंटाघर चौक, छावनी चौराहा, डिगिहा तिराहा होते हुए पुनः अस्पताल चौराहा के मार्ग से यातायात कार्यालय पर आकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से आमजनमानस को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा के प्रति सजगता तथा दुर्घटना-रहित यात्रा के उद्देश्य से जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा, सड़क संकेतों तथा जिम्मेदार ड्राइविंग की अपील की गयी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह यादव, क्षेत्राधिकारी नगर नरायणदत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात रामप्रकाश सहित यातायात पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फाइनल मुकाबला में एमरल्ड टीम ने मारी बाजी

**बहराइच।** स्पार्क कालेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज एंड अलादादपुर में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स एंड सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पार्क स्पेक्ट्रा 2025 सेशन -2 का समापन हुआ। स्पोर्ट्स कार्यक्रम में तीन टीमों का फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें प्रथम विजेता में एमरल्ड टीम,द्वितीय विजेता में सफायर टीम व तृतीय विजेता में डायमंड टीम रही। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था निदेशिका डॉ अभिलाषा वर्मा व वरिष्ठ चिकित्सक डा. केके वर्मा रहे। डा. अभिलाषा वर्मा व डा. केके वर्मा ने सभी विजेता टीमों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद राजभर, श्रीनू बीआर, श्रीजा नायर, मंजुला आर व राजकुमार यादव ने किया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल मुहासिन, वंदना, शिवम, स्नेहा, श्रीजा, संदीप, टोनू, सोनिया, सनी, राकेश, निष्कर्ष, विमल, उमेश, सत्य प्रकाश,शशांक, सूची, आयुषी, अमिता, दीपमाला, राजकुमार, पुष्पेंद्र, उत्तम शुक्ला समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई डैशबोर्ड व आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा बैठक

रैंक में सुधार लाएं ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाए : मुकेश चन्द्र



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंक में सुधार लाये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये।

सीडीओ ने कहा कि निचले स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण की गुणवत्ता में उदासीनता व लापरवाही बरते जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाय।सीडीओ श्री चन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी माह के अन्त तक सीएम डैशबोर्ड का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में अपेक्षित सुधार लायें ताकि जिले की ओवर आल रैंकिग और बेहतर हो सके। इसी प्रकार आईजीआरएस से सम्बन्धित सन्दर्भों का भी गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं ताकि असंतुष्ट निस्तारण की स्थिति में सुधार आ सके। सीडीओ ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि सन्दर्भ प्राप्त होते ही सम्बन्धित फरियादी से वार्ता भी कर लें ताकि वह भी कार्यवाही से संतुष्ट हो जाय। ग्रेडिंग की समीक्षा के दौरान सीडीओ द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन विभागों की श्रेणी 'ए' है, ऐसे विभाग 'ए' प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और 'ए' प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें। सीडीओ ने निर्देश दिया कि आवास की स्थिति, भवन निर्माण की प्रगति, दिव्यांग पेशन छात्रवृत्ति, आधार सीडिंग प्रकिया पीएम पोषण निधि, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि 30 दिवस के अन्दर 536 आवेदन के फलस्वरूप प्रगति में सुधार लाया जाय।

# हत्या का खुलासा, भाई ही निकला बहन का हत्यारा

समृद्धि न्यूज़



**गोंडा।** दिनांक 17 नवंबर को थाना तरबगंज पुलिस को ग्राम प्रधान बनगाँव श्री मंजीत सिंह द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम सिक्रेटरीपुरवा व कंचनपुर के बीच पीडी बन्धा सड़क के किनारे बाई तरफ एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है । इस सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारियों द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया।

फील्ड यूनिट/डॉग स्क्वाड टीम को घटना स्थल पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करायी गयी। शव के शिनाख्त हेतु अथक प्रयास किये गये । मृतका के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए इस ब्लाइण्ड मर्डर की घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस सहित 05 पुलिस टीमों का गठन कर थाना प्रभारी तरबगंज को घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अवलोकन में मृतका के शरीर पर कई चोटों के निशान पाए गये, एवं मृत्यु का कारण हेमोरेजिक शॉक एण्टीमॉर्टम इंजरी पाया गया, जिसके आधार पर थाना तरबगंज में सुसंगत धाराओं में अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया ।

उक्त टीमों द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु वृहद स्तर पर सीसीटीवी फुटेज की जाँच तथा मैनुअल एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई । इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी भाई मनीष पुत्र स्व0 चन्द्रप्रकाश एवं माँ निर्मला देवी पत्नी स्व0 चन्द्र प्रकाश नि0गण परसाजागीर गनेशपुर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती को वाल्टरगंज कस्बा थाना मोड़ के पास जनपद बस्ती से गिरफ्तार कर निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त वाहन बलेनो P 51 BR 8287 बरामद की गई । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा सराहनीय कार्य करने वाली गिरफ्तारकर्ता टीम को रु0 25,000/- के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

### बभनी बुजुर्ग में पूर्व विधायक की जयंती पर श्रद्धांजलि और कंबल वितरण कार्यक्रम

**उतरौला (बलरामपुर)।** राजेंद्र एकेडमी बुद्धा एजुकेशनल सोसायटी बभनी बुजुर्ग में पूर्व एम एल ए राजेंद्र प्रसाद चौधरी के 95 वें जयंती के अवसर पर आयोजित करुणा दिवस राम गोपाल चौधरी एवं विद्यापति चौधरी संस्थापक बुद्धा एजुकेशनल सोसायटी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संदीप कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा बलरामपुर, एकराम एडवोकेट, उपस्थित होकर पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद चौधरी के जीवनी पर आधारित पुस्तक विमोचन का उद्घाटन किया। संदीप कुमार वर्मा ने पूर्व विधायक के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए उनके द्वारा बेटी बेटा में भेद जैसे कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने पर चर्चा करते हुए उनके जीवन के तमाम उतार चढ़ाव के बारे मे जानकारी दी। जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा द्वारा गरीबों को ठंडक से बचने के लिए कम्बल वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के आसपास इलाकों के सैकड़ों लोगों समेत फूल सिंह, धर्म प्रकाश भारती, मनसा राम भारती, देवेन्द्र कुमार, उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी ने सभा का आयोजन कर बीएलओ को दी श्रद्धांजलि



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर मोदी के चुनावी घोटाले को उजागर करने तथा बीएलओ को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से स्थानीय गांधी पार्क, गोण्डा में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ़ 'अज्जू पण्डित' ने की। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अज्जू पण्डित जी ने कहा- अब तक जिन क्ष्ह्य ने अत्यधिक सरकारी दबाव और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के कारण आत्महत्या जैसा कदम उठाया है, उसकी पूर्ण जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार की है।÷ उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग करती है। सभा में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी- दिग्गज पाण्डेय (बौद्ध प्रांत), मंजू बहन (जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा), मनीष सिंह जी (जिला उपाध्यक्ष), डा0 आर0 के0 सिंह जी (जिला कोषाध्यक्ष), प्रवीण मिश्र तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत बीएलओ को श्रद्धांजलि अर्पित की और लोकतंत्र की रक्षा एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# टीका उत्सव के लिए ब्लॉक अधीक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न दिसंबर माह में जिले में चलेगा महाअभियान



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बच्चों को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के सभी ब्लॉक अधीक्षकों को सीएमओ सभागार में ÷टीका उत्सव कार्यक्रम÷ के लिए प्रशिक्षित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य आगामी दिसंबर माह में जिलेभर में प्रस्तावित टीकाकरण महाअभियान को प्रभावी और सफलतापूर्वक लागू करना है।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि दिसंबर 2025 पूरे माह ÷टीका उत्सव÷ के रूप में मनाया जाएगा। इस अवधि में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में 0-5 वर्ष आयु वर्ग के सभी ड्यू और छूटे हुए बच्चों की पहचान कर शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करेंगी। प्रत्येक टीकाकरण सत्र को थीम आधारित ढंग से सजाया जाएगा तथा लाभार्थियों को एक दिन पहले व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर माता-पिता को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करें, जबकि क्षेत्रीय कार्यकर्ता बच्चों की आईडी और मोबाइल नंबर के साथ यूविन पोर्टल पर उनका पंजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि डेटा अद्यतन और टीकाकरण की जानकारी सटीक बनी रहे। साथ ही उन्होंने सभी अधीक्षकों को निर्देशित किया कि प्रसव केंद्रों पर जन्म लेने वाले प्रत्येक शिशु की बर्थ डोज बिना विलंब के यूविन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने कहा कि जिले का संकल्प यह है कि कोई भी बच्चा टीकाकरण के अपने अधिकार से वंचित न रहे। यदि कोई बच्चा पोर्टल पर पंजीकृत न भी हो, तो भी उसे सभी आवश्यक टीके व सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। टीकाकरण सत्र के दौरान अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ पूर्ववत जारी रहेंगी तथा सत्रों का शुभारंभ स्थानीय प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में किया जाएगा।

### दो वाहन चोर व कबाड़ी गिरफ्तार, चार मोटरसाइकिलों के साथ बाइकों के पुर्जे बरामद

**बहराइच।** नगर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अलग-अलग इलाकों से चुराई गई सात मोटरसाइकिलें और आठ दोपहिया वाहनों के पुर्जे बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। नगर कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक रवि यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह, अजेश कुमार, संदीप गौड़ और आरक्षी पंकज गुप्ता, संदीप पाल, अजीत वर्मा, जतिन व सुग्रीव वर्मा की टीम हनुमान मंदिर के निकट झिंगहा घाट पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति चोरी की दो अलग-अलग बाइकों के साथ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों व्यक्तियों को रोका और उनसे वाहन के कागजात मांगे।

भक्ति रस

श्रीमद्भागवत कथा में अध्यात्म, सार्वभौमिकता के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

# श्रीमद्भागवत कथा में बही भक्ति व वैराग्य की त्रिवेणी

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** जनपद के विकास खंड मुजेहना क्षेत्र अंतर्गत मझरेती की वसुधा पर प्रवाहित हो रही श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी साक्षात् प्रवाहित होती हुई दृष्टिगोचर हुई। कथा वाचक आचार्य बाग़ीश कुमार तिवारी के दिव्य मुखारविंद से प्रवाहित श्रीमद्भागवत कथा के अमृतमय श्रवण से सम्पूर्ण परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा।

इस पावन अवसर पर महाराज श्री ने ध्रुव चरित, प्रह्लाद चरित, अजामिलोपाख्यान, जड़भरत संवाद, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामनावतार, श्रीराम कथा एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव जैसे गूढ़ हृदयस्पर्शी प्रसंगों का अनुपम निरूपण किया। उनके दिव्य वचनों ने न केवल श्रोताओं के हृदयों में भक्ति की भावज्योति प्रज्वलित की, अपितु यह भी उद्घोषित किया कि 'धर्म किसी सीमारेखा का नहीं, बल्कि समस्त मानवता का आभूषण है।' पूज्य आचार्य जी ने अपने मृदुल वचनों में कहा कि - ध्रुव ने अल्पायु में ही ईश्वर प्राप्ति का अमर आदर्श स्थापित किया, प्रह्लाद ने विपत्ति में अडिग भक्ति का प्रतीक बनकर दिखाया, अजामिल ने नामस्मरण की महिमा से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया, जड़भरत ने संसार की मोहजाल से विमुक्त रहकर आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति दी, वहीं गजेंद्र मोक्ष प्रसंग यह प्रतिपादित करता है कि संकट की अंतिम अवस्था में भी भगवदाश्रय ही जीवन का परम संबल है।

उन्होंने कहा कि समुद्र मंथन का रहस्य केवल देवासुर संग्राम नहीं, बल्कि मानव जीवन के अंतर्मंथन का रूपक है। वामनावतार में विनम्रता की विजय, रामकथा में धर्म की स्थापना और कृष्ण जन्मोत्सव में लीला एवं प्रेम का उत्सव निहित है। कथास्थल पर चारों ओर जय-जयकार, हरिनाम-संकीर्तन और शंखध्वनि के संग दिव्य आह्लाद का वातावरण निर्मित रहा। गांव में सुसज्जित व्यास पीठ पर जब श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग प्रारम्भ हुआ, तो सम्पूर्ण सभागार नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गूँज उठा।

श्रोताओं की आंखें आर्द्र थीं, और हृदयों में भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा। आयोजक -अलख राम यादव एवं उनकी धर्म पत्नी व पुत्र पूजा राम यादव द्वारा इस सात्त्विक आयोजन की भव्य व्यवस्था की गई थी।

इसके साथ आचार्य बागीश तिवारी ने कहा– धर्म की परिभाषा किसी एक जाति, पंथ या मजहब की सीमा में नहीं बंधी। जो मनुष्य प्रेम, करुणा, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलता है, वही सच्चा धर्मात्मा है। श्रीमद्भागवत का सार यही है– 'सर्वभूतेषु ईश्वरदर्शनम'। मौके पर उपस्थित कथा श्रोताओं ने भक्ति आनंदमय वातावरण में प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया।

# एएनटीएफने 1.50 करोड़ की हेरोइन के साथ तीन तस्करों को पकड़ा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में नशे के कारोबार पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने तीन सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 550 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह कार्रवाई विभूतिखंड थाना क्षेत्र में की गई।

गोरखपुर एएनटीएफ यूनिट ने विभूतिखंड पुलिस के सहयोग से रविवार को यह कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शहीद पथ मार्ग पर कामता चौराहे से कुछ दूरी पर बीबीडी विराज टावर के सामने एक अर्टिगा कार को घेरा गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई हेरोइन बरामद हुई, जिसके बाद तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाराबंकी जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के टिकरा उस्मा गांव निवासी मोहम्मद अनस (24), नासिर अली (55) और लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के टिकनिया मऊ गांव निवासी मोहम्मद अरसलान (21) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने ही गांव के एक व्यक्ति से हेरोइन लेकर उसे बेचने जा रहे थे।

# मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में रोजगार और कौशल विकास की बदली तस्वीर

## डिजिटल, एआई और ग्रीन जॉब्स पर फोकस, उत्तर प्रदेश को स्किल हब बनाने का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज



**योगी के मार्गदर्शन में वर्ष 2017 से अब तक स्किल इंडिया मिशन और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना के तहत 5 लाख 66 हजार से अधिक आईटीआई और पॉलिटेक्निक प्रशिक्षित युवाओं को मिशन रोजगार के माध्यम से नौकरियां प्राप्त हुई हैं।**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार की युवा-केंद्रित नीतियों ने न केवल राज्य के युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के नए द्वार खोले हैं, बल्कि उनमें स्वरोजगार, उद्यमिता और इनोवेशन का भी विकास किया है। एक ओर राज्य सरकार स्किल इंडिया मिशन और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना के तहत युवाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक तकनीकि में प्रशिक्षित कर रही है। वहीं दूसरी ओर रोजगार मेलों और इंक्यूबेशन सेंटरों के माध्यम से रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रही है। वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश में आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों तक किया गया है, तो वहीं उच्च तकनीकी के इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ की ये युवा केंद्रित पहले विकसित यूपी, विकसित भारत 2047 के विजन को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

अप्रैल 2025 तक 2,800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों के जरिए युवाओं को उद्योग उन्मुख कौशल प्रदान किया गया है, जिससे बेरोजगारी की दर में उल्लेखनीय कमी आई है। साथ ही सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत युवाओं को स्व रोजगार और स्टार्ट अप भी विकसित करने के लिए हर संभव मदद की जाती है। मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों से प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थानों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2016-17 में यूपी में मात्र 42 मेडिकल कॉलेज थे, वर्तमान में ये संख्या बढ़कर, निजी व सरकारी को मिलाकर 80 हो चुकी है। इससे न केवल प्रदेश में एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ी है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आया है। इसी तरह उच्च तकनीकि प्रशिक्षण के लिए इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। साथ ही इन संस्थानों में बनाये गये स्टार्टअप इंक्यूबेटर्स के जरिए युवा उद्यमिता को बढ़ावा मिला।

### 1,747 सक्रिय ट्रेनिंग पार्टनर्स का चयन

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास व गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए 1,747 सक्रिय ट्रेनिंग पार्टनर्स का चयन किया गया है। जिनके माधयम से युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रदान किया जाता है। साथ ही इनक्यूबेशन सेंटर्स के माध्यम से उन्हें अत्याधुनिक तकनीकों जैसे डिजिटल मार्केटिंग, ईवी मैन्युफैक्चरिंग और एआई के साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। यही नहीं समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलता है। कौशल प्रशिक्षण अभियानों और प्रतियोगिताओं में रिकॉर्ड संख्या में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया है, साथ ही उन्हें प्रगति की नई राह भी दिखाई है।

## खबरें एक नजर में

### नाले में मिला अधेड़ का शव, जांच शुरु

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र स्थित हंसखेड़ा चौकी के अंतर्गत रविवार सुबह एक नाले में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह लगभग 7 बजे पारा तिकोनिया से नहर तिराहा मार्ग पर कुल्हण कट्टा मोड़ के सामने नाली में यह शव पड़ा मिला। पुलिस टीम ने शव का प्रारंभिक निरीक्षण किया। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई गई है और शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले। शुरुआत में स्थानीय लोगों से पूछताछ के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी। बाद में, शव की तलाशी के दौरान मिले मोबाइल फोन से परिजनों के संपर्क नंबर प्राप्त हुए। इसके बाद मृतक की पहचान हरदोई जिले के टड़ियावां थाना अंतर्गत ग्राम एकघरा निवासी रामसागर पुत्र लट्ठा के रूप में हुई। परिजन ने पुलिस को बताया कि रामसागर पारा क्षेत्र में विजय श्रीवास्तव के यहां माली का काम करता था। मृतक के भतीजे रजनीश के अनुसार, रामसागर शराब पीने का आदी था और उसकी पत्नी उसे काफी समय पहले छोड़कर चली गई थी। रामसागर पांच भाइयों में से एक था, जिनमें से तीन की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। पारा पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है और अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि में होगा देहरी पूजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महा सभा ने आगामी छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि में देहरी पूजन एवं शौर्य दिवस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी कार्यकर्ताओं के छः दिसंबर को प्रातः 9 बजे मथुरा के लिए कूच करेंगे। इससे पहले संगठन के मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं के विभाजन, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों तथा जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि देहरी पूजन एवं शौर्य दिवस को सामाजिक एकता, राष्ट्रभक्ति और वैदिक परंपराओं की शक्ति का प्रतीक बनाते हुए ऐतिहासिक स्वरूप में सम्पन्न किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से कानपुर मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, शिवम वर्मा, बाराबंकी जिला अध्यक्ष, घनश्याम रस्तोगी, लखनऊ मंडल अध्यक्ष, आचार्य राम जी अवस्थी, सुनील सिंह, चंद्र मौली शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष सहित कई प्रमुख पदाधिकरियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों में पूरी तत्परता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### नशे में धुत रोडवेज बस चालक ने महिला को कुचला, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में रोडवेज बस ने महिला को कुचल दिया। इसमें महिला का सिर बुरी तरह सड़क पर पिचक गया। वह अपने तीन बच्चों के साथ लखनऊ अपनी मौसी के नए घर में प्रवेश के कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। लौटते समय हादसा हो गया। घटना चारबाग स्टेशन के बाहर की रविवार सुबह की है। उन्नाव के गंगाघाट थाना क्षेत्र के आदर्शनगर शुक्लागंज की संगीता रावत (40) के रूप में हुई। बेटे राहुल के मुताबिक, उसकी मां नगर निगम में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी के तौर पर काम करती थीं। संगीता फुट ओवरब्रिज के पास से परिवार के साथ सड़क पार कर रही थीं। परिवार ने बस को हाथ दिखाकर सड़क पार करने के लिए पास मांगा। बस रुकी तो बड़ा बेटा राहुल आगे बढ़ गया। उसके बाद बस चल गई, जिसकी चपेट में महिला आ गई। दो छोटे बच्चों को (एक लड़का- एक लड़की) बस की हल्की टक्कर लगी। रोडवेज बस का नंबर यूपी 32 एमएन 9180 है। जैसे ही संगीता का एक्सीडेंट हुआ, आसपास के लोगों ने दौड़कर बस ड्राइवर को पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस बुलाकर सौंप दिया। मृतका के दोनों घायल बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से मामूली उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने पंचायतनामा कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### डीबीएस लाइफ फाउंडेशन के नवीन कार्यालय का शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बादशाह नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित कॉम्प्लेक्स में डीबीएस लाइफ फाउंडेशन के नए कार्यालय का रविवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रों के बीच पूजा-अर्चना कर कार्यालय की शुरुआत की गई। फाउंडेशन के संस्थापक डीबीएस सिंह ने बताया कि संस्था लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करती आ रही है। पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण, जरूरतमंदों को ठंड में कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण, निःशुल्क रैन बसेरे की स्थापना जैसे कार्य नियमित रूप से किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था अब इंदिरा नगर के जरहरा में वृद्धाश्रम बनाने जा रही है। आने वाले नए वर्ष के फरवरी माह में इसके भवन निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

### ऑटो पलटा, एक की मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सुल्तानपुर रोड पर गंगागंज के पास एक ऑटो अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना रात करीब 10.30 बजे हुई। ऑटो लखनऊ की ओर से आ रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। सूचना मिलते ही गोसाईगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य घायलों को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) लखनऊ रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय बंटी पुत्र सुखई के रूप में हुई है, जो बाराबंकी के इस्माइलपुर थाना सुबेहा का निवासी था। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं, जल्द निस्तारण के दिए निर्देश

# हर पीड़ित की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें अफसर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगो की समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगो से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।'

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इससे पहले शनिवार को भी सीएम ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं थीं। आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि सभी की समस्याओं का समाधान कराएंगे। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण कराया जाए। एक महिला द्वारा किडनी के इलाज में डायलिसिस कराने की जरूरत और उसके लिए धनराशि न होने की बात कहने पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अफसरों को निर्देशित किया कि डायलिसिस के लिए पैसे की व्यवस्था कराई जाए।

### जमीन कब्जाने की शिकायत पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर सीएम योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। किसी भी गरीब की जमीन पर यदि कोई कब्जा करने की कोशिश करे तो उसे ठीक से सबक सिखाया जाए। गरीब की जमीनों पर दबंग या माफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में अंबेडकरनगर से आई एक महिला ने बाजार गए अपने बच्चे के साइकिल सहित गायब होने की पीड़ा बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकरण को संवेदनशीलता से लिया जाए और बच्चे का पता लगाने को जरूरी कदम उठाए जाएं। इस बार भी कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें मदद का भरोसा दिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

### योग भवन के 65 वर्ष पूरे होने पर सम्मान समारोह का आयोजन

**लखनऊ ।** योग भवन पिछले 65 वर्षों (1960-2025) से योग, चिकित्सा योग और ध्यान के क्षेत्र में अत्यंत समर्पण, लगन और ईमानदारी से कार्य कर रहा है। तब भी जब योग इतना लोकप्रिय नहीं था। योग भवन ने छह दशकों से भी अधिक समय से लखनऊ और उसके आसपास के लोगों के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में सुधार लाने और दुःखी लोगों के उत्थान के लिए अयक सेवा की है। किसी भी संस्थान के लिए छह दशकों से भी अधिक समय तक अस्तित्व में रहना, टिके रहना और लोगों की सेवा करना एक बड़ी उपलब्धि है। योग भवन के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल विष्णु कांत शास्त्री जी ने 2002 में किया था।

# चोरों ने पुलिस को दी चुनौती, सरेराह तोड़े दुकानों के शटर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी में चोरी और छिनैती की घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस की नाकाम गश्ती और शिथिलता पर जहां अपराधियों को हौसले बुलंद हो रहे हैं, वहीं लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि रोकने और टोकने वालों पर असलहा तान कर डराते धमकाते देखे जा रहे हैं। 28 नवम्बर 2025 की शाम 4 बजे के करीब आलमबाग थाना क्षेत्र स्थित लोको रोड पर लंगड़ा फाटक की तरफ जा रही तेजीखेड़ा की एक लड़की के कान के टॉप्स पर उचक्कों ने झपट्टा मारा, किन्तु उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी।

29 नवंबर को मड़ियांव थाना क्षेत्र में बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक महिला के एक कान की बाली छीनकर भाग निकले, जिसका वीडियो पीछा कर रहे एक कार सवार द्वारा बनाया गया। उस दौरान घटना को अंजाम देकर बाइक से भाग रहे एक बदमाश ने कार सवार को तमंचा निकालकर डराने का भी प्रयास किया। तेलीबाग स्थित गांधी नगर मुहल्ले में एक घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी चुरा कर भाग रहे चोरों को लोगों ने दौड़ा कर पकड़ा। 29/30 की रात विकास नगर थाना से आधा किमी दूरी पर चोरों ने राज लक्ष्मी स्वीट्स की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान में लगे सीसीटीवी कमरे तोड़ दिए और डीवीआर भी उठा ले गए।

इसी रात मामा चौराहा रोड इंदिरा हॉस्पिटल के बगल मुख मार्ग पर संचालित हिमांशु ट्रेडर्स की दुकान के दो शटर तोड़कर चोरों ने चोरी किया किन्तु नकदी न मिलने पर यूं ही छोड़ दिया। मजे की बात हिमांशु ट्रेडर्स के बगल रिहायशी मकान हैं किन्तु शटर तोड़ने की आवाज तक लोगों को नहीं सुनाई दिया। भोर में आवागमन शुरू होने पर दुकान स्वामियों को शटर तोड़े जाने की जानकारी हुई। लोगों ने पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज मिलने की संभावना है। पुलिस घटना बावत मौका मुआयना करने में लगी है। इंस्पेक्टर विकास नगर ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधी जल्द ही कानून की गिरफ्त में होंगे।

# पैसे के लालच में भाजपा हरित हृदय कहे जाने वाले जनेश्वर मिश्र पार्क को इवेंटबाजी के हवाले कर रही

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ के सबसे बड़े जनेश्वर मिश्र पार्क को बचाने के लिए नागरिक आंदोलन का आह्वान किया है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को पोस्ट कर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पैसे के लालच में लखनऊ के हरित हृदय कहे जाने वाले जनेश्वर मिश्र पार्क को इवेंटबाजी के हवाले कर रही है। अगर सपा अकेले इसका विरोध करेगी तो भाजपा इसे राजनीतिक करार देगी। उन्होंने लिखा, हम सबको मिलकर एक नागरिक आंदोलन की तरह इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। यदि हम अकेले ये करेंगे तो इसे राजनीतिक आंदोलन घोषित करके भाजपा सरकार अपना उल्लू सीधा कर लेगी। उन्होंने बुजुर्गों, परिवारवालों और हेल्थ व फिटनेस से जुड़े लोगों से इस विषय पर आगे आने और हरियाली बचाने की अपील करते हुए लिखा, इसलिए हमारी हर लखनऊवासी, पर्यावरण प्रेमी-एक्टिविस्ट, पार्कों का सदुपयोग करने वाले हर बुजुर्ग, हर परिवारवाले और हर हेल्थ व फिटनेस कॉन्शियस युवक-युवती से अपील है कि वो आगे आएं और लखनऊ की हरियाली को बचाएं। ये तो भाजपा और उनके संगी साथियों के लालच की शुरुआत है। आज एक पार्क इसका शिकार हो रहा है, कल को लखनऊ और उत्तर प्रदेश के हर मोहल्ले-कॉलोनी के पार्क पर भाजपाई ठेकेदारों का कब्जा हो जाएगा। सपा प्रमुख ने इवेंट के बाद लखनऊवासियों के हिस्सों में गंदगी आने की बात कही। स्थानीय निवासियों के हिस्से इन इवेंटों के बाद जमा हुए कूड़े-करकट, गंदगी और जूठन की दुर्गंध के सिवा कुछ नहीं आएगा।

# नई श्रम संहिताओं से श्रमिकों को सुरक्षा और उद्योगों को मिलेगी सहूलियत : अनिल राजभर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि देश में 29 पुराने श्रम कानूनों को एकीकृत करते हुए चार नई संहितायें मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 और उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता 2020 को लागू कर दिया गया है। ये संहिताएं 21 नवम्बर से देशभर में प्रभावी हो चुकी हैं।

रविवार को लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि इन सुधारों से श्रम कानूनों की जटिलता ऐतिहासिक रूप से कम हुई है। अब 1228 धाराओं के स्थान पर 480 धाराएँ, 1436 नियमों के स्थान पर 351 नियम, और 84 रजिस्टरों की जगह केवल 8 रजिस्टर रखने होंगे। 31 रिटर्न की जगह एकल रिटर्न की व्यवस्था की गई है, जिससे नियोक्ताओं की अनुपालन प्रक्रिया सरल होगी और श्रमिकों को अधिक प्रभावी सुरक्षा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और रैंडमाइज्ड कर दिया गया है। इससे पारंपरिक इंस्पेक्टर राज की अवधारणा समाप्त होगी। किसी प्रथम उल्लंघन पर नियोक्ता अधिकतम जुर्माने के 50 प्रतिशत भुगतान पर उपशमन प्राप्त कर सकेगा, जिससे अनावश्यक अभियोजन कम होंगे और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। मजदूरी संहिता के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख करते हुए अनिल राजभर ने बताया कि न्यूनतम वेतन अब सभी संगठित-असंगठित क्षेत्रों पर लागू होगा और वेतन भुगतान दो दिनों में अनिवार्य होगा। ओवरटाइम पर दोगुना वेतन, वेतन से अधिकतम 50 प्रतिशत कटौती की सीमा और सभी कर्मचारियों को वेज-स्लिप देना अनिवार्य किया गया है।

### विकसित भारत के विजन को हर हाल में देना है मूर्त रूप : केशव मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस सभागार मे शनिवार को वाराणसी में संपन्न हुई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के विजन को हर हाल में मूर्त रूप देना है। गांव गरीब के कल्याण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार समर्पित भाव से काम कर रही है।

उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक में एनआरएलएम योजना अंतर्गत प्रदेश मे एक करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक समूह गठित करने एवं महिलाओं को जोड़ने के निर्देश दिए गए।

# अधिक रजिस्ट्रियों वाले स्थानों का अब अधिकारी करेंगे औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने संपत्ति रजिस्ट्री प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और त्रुटि रहित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने यह जानकारी दी कि प्रदेश भर में उन सभी स्थानों पर, जहां संपत्ति रजिस्ट्रियों की संख्या अधिक दर्ज की जा रही है, वहां सरकार द्वारा किए जाने वाले औचक स्थलीय निरीक्षणों की संख्या में वृद्धि की जाएगी।

यह निर्णय हाल ही में धार्मिक और पर्यटन महत्व वाले क्षेत्रों में हुए भूमि सौदों की जांच के संदर्भ में व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए लिया गया है। मंत्री ने कहा है कि सरकार हर स्तर पर एक पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से विभाग यह प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले सभी जिलों में उप-निबंधक द्वारा 50, एडीएम द्वारा 25 तथा जिलाधिकारी द्वारा 5 औचक स्थलीय निरीक्षण किए जाने का प्रावधान था। नई व्यवस्था के तहत, उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां रजिस्ट्री की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है, ताकि विभागीय कार्यों की त्रुटि रहित निगरानी की जा सके और किसी भी अनियमितता को शुरुआती चरण में ही रोका जा सके। श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण की संख्या बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य उन सभी स्थानों पर विभागीय कार्यों की त्रुटि रहित निगरानी सुनिश्चित करना है जहां रजिस्ट्री का काम अधिक है।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में स्टैंड-अप कॉमेडियन शशांक ने फैमिली कॉमेडी से दर्शकों को खूब हंसाया

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या के शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ अर्चना द्विवेदी एडिशनल कमिश्नर आजमगढ़, पूर्व अपर नगर आयुक्त लखनऊ नगर निगम आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया ने दीप जलाकर कर किया गया।

हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में लखनऊ के प्रसिद्ध स्टैंड-अप कॉमेडियन और बॉलीवुड एक्टर शशांक ने स्टेज नाम-मेजर भौकाली अपनी शानदार फैमिली कॉमेडी से दर्शकों को खूब हंसाया और बेहतरीन प्रस्तुति देकर बैठे दर्शकों का दिल जीता। जय अवस्थी और सबीर अंसारी ने अपनी दिल छू लेने वाली पोएट्री से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया वहीं अमित सिंह ने धमाकेदार हिप-हॉप परफ़ॉर्मेंस दी। तत्पश्चात चले जैसे हवाए सनम सनन....गाने पर काश्वी दुबे ने डांस कर दर्शकों का मोहा मन। इस मनमोहक प्रस्तुति के बाद टैलेंट नाइट - सीज़न 4 का आयोजन हिमांशु तिवारी ओनर एच आर हब इवेंट के संयोजन में किया गया। मॉडलिंग, सिंगिंग, डांसिंग, रैपिंग और पोएट्री जैसी विधाओं में अपना हुनर प्रदर्शित किए। आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर कलाकारों को सम्मानित किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला को संवार सकें। इस दौरान महोत्सव समिति के मोनालिसा, रोली जयसवाल व मनोज सिंह चौहान, रोली सिंह, विवेक उपस्थित रहे।

**यूपी स्टेट ट्रेड शो** | उद्यमियों, नवाचरियों ने कहा- सीएम की पहल पर ओडीओपी व स्थानीय उत्पादों को मिल रहा बड़ा बाजार

# गीडा के ट्रेड शो में झलक रही उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय यूपी स्टेट ट्रेड शो में प्रदेश की औद्योगिक प्रगति झलक रही है। इस ट्रेड शो को लेकर उद्यमियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों व आमजन में खासा उत्साह और उल्लास दिख रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बीते आठ साल से औद्योगिक विकास की नई इबारत लिख रहे गीडा में उद्योगों की सतत श्रृंखला खड़ी हो रही है। सीएम की मंशा के अनुरूप कुछ वर्षों से गीडा के स्थापना दिवस पर ट्रेड शो का भी आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष राज्य स्तरीय ट्रेड शो लगाया गया है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने इसका उद्घाटन किया था और यह सोमवार तक जारी रहेगा। ट्रेड शो के दूसरे दिन आए दर्शकों के रिस्पांस ने उद्यमियों को खूब उत्साहित किया। यहां गीडा में बने उत्पादों के साथ ही यूपी के विभिन्न जिलों के ओडीओपी प्रोडक्ट और नवाचार से बने उत्पाद सबका ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। यहां लोगों को यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि पेप्सिको के कोल्ड ड्रिंक उनके जिले में ही बन रहे हैं और कोका कोला के भी जल्द ही बनने वाले हैं। गीडा की पुरानी यूनिट्स में से एक आईजीएल के स्टाल पर रखा पशु आहार देख लोगों को कौतुक हो रहा है। कारण यह कि हाई प्रोटीन वाला यह पशु आहार एथेनॉल बनाने में प्रयुक्त मक्के के अवशेष को प्रसंस्कृत कर इसे बनाया गया है। अभी टेस्टिंग फेज में इसे पशुपालकों में वितरित किया जा रहा है। आजमगढ़ की ओडीओपी में शामिल ब्लैक पॉटरी को देखने के लिए भी भीड़ जुट रही है। रेडीमेड गारमेंट्स के स्टालों पर भी खरीदारों के आने का सिलसिला बना हुआ है। महिला दर्शकों में सिल्क साड़ियों का आकर्षण छाया हुआ है। सिद्धार्थनगर की ओडीओपी के मेसर्स बुद्धा डिलाइट के स्टाल पर भगवान बुद्ध के महाप्रसाद के रूप में प्रसिद्ध कालानमक चावल से बने बेकरी उत्पाद नवाचार से कारोबार का नया अध्याय बता रहे हैं। गाजीपुर की प्रेरणा राय एंटीक हैंडक्राफ्ट और गिफ्ट आइटम का उत्पादन करती हैं। वह दो दिन में बड़ी संख्या में दर्शकों के आगमन से काफी खुश हैं। उनके स्टाल के एंटीक वस्तुओं को सराहना मिल रही है। लखनऊ के हर्बल टी स्टाल पर कई तरह के फूलों से बनी चाय का स्वाद भी दर्शक ले रहे हैं। ट्रेड शो में स्टाल लगाने वाले उद्यमियों और नवाचारियों गाजीपुर की प्रेरणा राय, कानपुर के शब्बीर अली, सिद्धार्थनगर के अजय रावत का स्पष्ट मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से ओडीओपी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिला है। ओडीओपी और स्थानीय उत्पादों का बाजार एक क्षेत्र विशेष से आगे बढ़कर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर का होने लगा है।

# सांसद को राजकीय मेडिकल कालेज के निरीक्षण में मिलीं अव्यवस्थाएं

- सांसद ने फोन कर प्राचार्य से जताई नाराजगी
- मेडिकल कालेज में अव्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को पत्र लिखेंगे: सांसद
- मरीजों ने सांसद से डाक्टर द्वारा खराब व्यवहार और ठीक से देखभाल नहीं करने का लगाया आरोप, सांसद ने ईएमओ को लगाई फटकार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय मेडिकल कालेज में देखभाल न होना और डाक्टरों द्वारा मरीजो के साथ अच्छा व्यवहार न करने की शिकायत लगातार सांसद अरुण सागर तक पहुंच रही थीं। रविवार को सांसद अरुण सागर अचानक मेडिकल कालेज पहुंच गए। वहां उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। किसी ने कहा कि डाक्टर देखने नही आते तो किसी ने कहा कि दवाएं मिलने में भी दिक्कते होती हैं। निरीक्षण के दौरान सांसद को मेडिकल कालेज के अंदर गंदगी मिली। सांसद ने फौरन प्राचार्य से फोन पर बात कर व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए हैं। सांसद ने कहा कि अव्यवस्थाओं को लेकर वह सीएम और प्रमुख सचिव को भी पत्र लिखेंगे।



दरअसल राजकीय मेडिकल कालेज में मरीजों से कभी डाक्टर अभद्रता करते हैं तो तीमारदारों से कभी वहां पर तैनात गार्ड उलझते हैं। ऐसे में आए दिन विवाद की स्थित बन जाती है। यहां दूर दराज से आने वाले मरीजों से डाक्टर द्वारा मधुर व्यवहार न होना भी विवाद का कारण बनता है। यहां तक कि जब मरीजों को ब्लड की आवश्यकता होती है तो मरीजों से लेकर तीमारदारों को इधर से उधर काफी ज्यादा दौड़ाया जाता है। इन शिकायतों के बाद सांसद अरुण सागर रविवार को राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण करने पहुंचे। मेडिकल कालेज में पहुचते ही उनको परिसर के अंदर काफी गंदगी मिली। जिसे देखकर सांसद का पारा हाई हो गया। इसके बाद उन्होने वार्ड के अंदर जाकर मरीजों से बातचीत की। मरीजों की समस्याओं को सुना। मरीजों ने सांसद से कहा कि गंभीर मरीज होने के बाद जब डाक्टर के पास जाते हैं तो वह देखने नही आते हैं। कई बार कहने के बाद अगर डाक्टर आ भी जाते हैं तो उनका व्यवहार अच्छा नही होता है। एक मरीज ने कहा कि पर्चा बनवाने से लेकर दवाएं मिलने में भी काफी दिक्कतें आती हैं। मरीजों ने कहा कि ब्लड की आवश्यकता पढ़ने पर डाक्टर से लेकर कर्मचारी बहुत दौड़ाते हैं। आसानी से ब्लड भी नही मिल पाता है। यहां तक कि स्टाफ का व्यवहार भी खराब होता है ।मरीजो की शिकायते सुनकर सांसद अरुण सागर ने प्राचार्य डाक्टर राजेश कुमार से फोन पर बात की। मरीजों की समस्याओं को प्राचार्य को बताया। सांसद ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रही है लेकिन यहां मरीजों की शिकायते सुनकर बहुत लापरवाही सामने आ रही है। उन्होंने प्राचार्य से दो टूक कहा कि व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार कर लिया जाए। अगली बार निरीक्षण में ये अव्यवस्था नही मिलना चाहिए। मरीजों को बेहतर इलाज देना हमारे और आपके लिए प्राथमिकता है। सांसद अरुण सागर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राजकीय मेडिकल कालेज में काफी गंदगी मिली है। मरीजों ने भी कई समस्याएं बताई हैं। उन्होंने प्राचार्य को अव्यवस्थाओं में सुधार करने के लिए कहा। सांसद ने कहा कि निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं को लेकर वह मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को भी पत्र लिखेंगे।

## एक दिसंबर से 28 फरवरी तक शाहजहांपुर से चलने वाली सभी पैसेंजर ट्रेन रद्द रहेंगी

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शाहजहांपुर से चलकर लखनऊ तक जाने वाली मेमो एक्सप्रेस शाहजहांपुर से चलकर सीतापुर जाने वाली सीतापुर पैसेंजर शाहजहांपुर से चलकर बालामऊ जाने वाली बाल में पैसेंजर रोजा जंक्शन से चलकर बरेली जाने वाली बरेली पैसेंजर 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक कोहरे के कारण रद्द रहेंगे मुख्य वाले की निरीक्षक संजीव कुमार ठाकुर ने बताया यात्रियों की सुरक्षा हेतु कोहरे में पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया वहीं संजीव कुमार ठाकुर ने बताया इलाहाबाद में पढ़ने वाले महा मेला के चलते हैं। मुगलसराय एक्सप्रेस नहीं रद्द की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन में बच्ची की हालत बिगड़ी

**रोजा, शाहजहांपुर।** लखनऊ से चलकर दिल्ली जाने वाली दूरंतो एक्सप्रेस के कोच नंबर b1 बर्थ नंबर 23 पर रवि कुमार लखनऊ से नई दिल्ली जा रहे थे। लखनऊ से चलने के बाद उनके 1 साल के बच्चे की हालत बिगड़ गई। तेज फीवर हो गया। रवि कुमार ने ट्रेन में चल रहा है टीटी को बताया। टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर जंक्शन पर रात में 1:40 पर होगा। क्या जहां डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

### गन्ना की फसल जलने के मामले में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** बेला छेदा गांव के आशीष अवस्थी ने हकीमुल्लाह निवासी आवा दुगैया, शिवांग पुत्र विनीत निवासी कटका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। आशीष अवस्थी ने बताया कि उनके खेत के पास कटका गांव के ही सुभाष और रामदेव का खेत है जो कि हकीमतुल्ला और शिवांग ने पटके पर ले रखा है। 25 नवंबर की शाम हकीम तुला व शिवांक ने मिलकर पटके पर लिए गए खेत में पताई जला दी जिसके बाद आसपास के खेतों में खड़े गन्ने की फसल में आग लग गई। आग से आशीष अवस्थी का पांच एकड़ समेत चमेली देवी, बाबूराम, मालती आदि की कुल 15 एकड़ गन्ने की फसल जलकर राख हो गई।

### मुकदमे में राजीनामा न करने पर महिला को पीटा

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगरा ज. हरना की रूचि ने गांव के ही रामबीर पुत्र रामप्रसाद व रामबीर की पत्नी माया देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। रूचि ने बताया कि 27 नवंबर की सुबह 9 बजे रामबीर अपनी पत्नी माया देवी के साथ आये और राजीनामा करने का दवाव बनाने लगे, इनकार करने पर दोनों लोगों ने मिलकर पीटा।

### बाइक चालक ने मारी टक्कर, युवक घायल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जनपद के जलालाबाद के स्टेट हाईवे के श्रीराम टाकीज के पास सड़क पार कर रहे धनंजय गुप्ता के तेज रफ़्तार बाइक चालक में टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मौजूद लोगों ने सड़क पर पड़े घायल को उठाया और साइड से किया। जानकारी के अनुसार जलालाबाद नगर निवासी युवक धनंजय गुप्ता स्टेट हाईवे पार करके परचूनी की दुकान से कुछ सौदा लेने गया हुआ था दुकानदार से जरूरी सामान लेने के बाद युवक वापस घर आने के लिए सड़क पार कर रहा था तभी अचानक जलालाबाद के मेंन चौराहे के तरफ से आ रहे खेड़ा निवासी राहुल ने अपनी बाइक से उसके टक्कर मार दी, मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाले को पकड़ लिया। मौजूद लोगों ने बाइक चालक राहुल को पड़कर बाइक सहित साइड में खड़ा कर दिया और घायल को अस्पताल भिजवाया मौका पाकर गांव खाई खेड़ा निवासी राहुल वहां से फरार हो गया. परिजनों ने रविवार सुबह 9:00 बताया का इलाज जारी है।

### युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के पादरा सिकंदरपुर गांव निवासी विजय कुमार 32 वर्ष पुत्र रामविलास सड़क के किनारे अमृत अवस्था में पाए गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया विजय कुमार के सर में काफी चोट लगी थी एक आंख फोड़ दी गई थी गले में कट का निशान लगा हुआ था वहीं पास में खड़ी बाइक में खरोच भी नहीं आई थी जिसे ग्रामीणों में हत्या की आशंका जताई जा रही है। विजय कुमार भूतपूर्व प्रधान नरेंद्र के यहां काम करता था। गुरुजी चौकी पर भी खाना बनाने का काम करता था। रोजा थाने पर भी कभी केदार आ जाता था। उसके छोटे भाई रतीराम रामनिवास है पुलिस में सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में किसी ने भी तहरीर नहीं दी थी कोतवाल प्रभारी राजेश सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी वहीं इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया एक्सीडेंट होने की वजह से व्यक्ति की मौत हुई है।

## जरियनपुर के प्रधान की गोली मारकर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज, पिता-पुत्रों सहित तीन नामजद, दो अज्ञात

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बीते बृहस्पतिवार को देर रात क्षेत्र की ग्राम पंचायत जरियनपुर के प्रधान देवेन्द्रपाल सिंह यादव को गोली मारकर हत्या के कुत्सित प्रयास की रिपोर्ट घायल प्रधान के भाई ने गांव के ही पिता - पुत्रों सहित तीन लोगों को नामजद करते हुए दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। घायल प्रधान के भाई सत्यपाल सिंह ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 27 नवंबर को रात्रि लगभग 11 बजे उसके भाई देवेन्द्रपाल सिंह तारापुर तिराहा स्थित अपनी दुकान से बाइक पर अपने घर ग्राम तारापुर जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही अतर सिंह यादव और इनके पुत्र परमानंद उर्फ लालू,अतुल उर्फ पटवारी ने दो अज्ञात लोगों के साथ घेरकर गाली गलौज करने लगे। उसके



भाई के विरोध करने पर परमानंद यादव उर्फ लालू ने तमंचे से सिर में गोली मार दी। पीछे से वह और उसके भतीजे अनिल कुमार ने अपनी बाइक की रोशनी में हमलावरों को पहचान कर ललकारा तभी अतर सिंह,परमानंद उर्फ लालू और अनिल उर्फ पटवारी अपने दोनों अज्ञात साथियों के साथ सभी को जान से मारने की धमकी देते हुए खेतों की ओर भाग गए। घायल के भाई का कहना है कि वह घायल भाई को निजी वाहन से मिर्ज़ापुर थाने ले गया। जहां से पुलिस ने उन्हें सीएचसी जरियनपुर मिर्जापुर में इलाज के लिए भेज दिया। सीएचसी से उसके भाई को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से भी घायल की स्थिति नाजुक देखते डॉक्टर ने हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। तब घायल को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाकर इलाज करवाया जा रहा है। निजी अस्पताल में कुछ राहत मिलने पर वह घटना के तीसरे दिन (29 नवम्बर) को रिपोर्ट दर्ज करवाने थाने आया है। पुलिस ने घायल प्रधान के भाई की तहरीर के आधार पर तीन नामजद व दो अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है। आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

## पुवायां इंटर कॉलेज में विद्याज्ञान प्रदेश परीक्षा संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां में शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा आयोजित विद्याज्ञान प्रदेश परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें कक्षा 6 में प्रवेश हेतु कक्षा 5 के अध्यनरत छात्र-छात्राओं की एक लिखित प्रदेश परीक्षा द्वारा प्रवेश लिया जाता है, जिसमें निर्धन छात्राओं के लिए निशुल्क शिक्षा प्राप्त हेतु इस संस्था के दो विद्यालय प्रदेश में शिक्षण कार्य कर रहे हैं एक सीतापुर में स्थित है तथा दूसरा बुलंदशहर में है। इस परीक्षा में तहसील पुवायां के चार ब्लॉक हुआ बंडा, खुटार, सिधौली के छात्राएं सम्मिलित हुए। परीक्षा को संपन्न करने के लिए विद्याज्ञान प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार सिंह



और केंद्र व्यवस्थापक जेपी मौर्य, परीक्षा प्रभारी संजय कुमार मिश्रा के साथ भुवनेश कुमार सिंह चौहान, महबूब आलम, राजीव लोचन गुप्ता, राकेश कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार राहुल रावत, पुनीत कुमार शर्मा, सूरज प्रताप सिंह आदि का सहयोग रहा। आयोजित विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित छात्राओं में पंजीकृत बालिका वर्ग से 192 बालक वर्ग में 129 कुल 321 पंजीकृत थे। जिसमें बालिका वर्ग में 88 और बालक वर्ग में 58 अनुपस्थित रहे। जबकि दोनों वर्गो से 175 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को कच्ची देसी शराब के साथ धर दबोचा। मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की एक व्यक्ति जो गांव कटैया खुर्द से अवैध कच्ची देसी शराब लेकर कस्बा सिधौली की तरफ आ रहा है। अगर जल्दी की जाए तो उसको पकड़ा जा सकता है। पुलिस ने मुखबिर की बात पर विश्वास करते हुए गांव कटैया की तरफ चल दिए जैसे ही बिजली घर से ग्राम कटैया खुर्द की तरफ से करीब 80 मी चले तो दूर से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया मुखबिर बता कर चला गया पुलिस को देखकर वह शक पका गया पुलिस ने उसको पकड़ कर उसकी जामा तलाशी ली उसके हाथ में प्लास्टिक की पिपिया में कच्ची देसी शराब पैक थी बरामद की पूछने पर उसने अपना नाम महेश कुमार पुत्र देवी शरण निवासी गांव ढकिया रनवास थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर बताया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की।

## अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग वूमेन लीग का आयोजन

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग में अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग वूमेन लीग 2025 का आयोजन शाहजहांपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विकासखंड सिधौली के गांव महाऊदुर्ग निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला सचिव अजय पाल वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र पाल बामनिया, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव नरेंद्र त्यागी, संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा प्रधान भटपुरा रसूलपुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता विभिन्न




आयु एवं भार वर्गों में आयोजित हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सब जूनियर वर्ग में 44 किलोग्राम में अंशिका वर्मा प्रथम, आरुषि द्वितीय और सोनम तृतीय रहीं। 48 किलोग्राम में रोली वर्मा प्रथम, रहनुमा द्वितीय, नव्या तृतीय, जबकि 53 किलोग्राम में साहिबा प्रथम, नसरीन द्वितीय और प्रियांशी तृतीय रहीं। 58 किलोग्राम में पलक ने प्रथम स्थान पाया। इसी तरह 63 किलोग्राम में शालिनी प्रथम व 69 किलोग्राम में लक्ष्मी प्रथम रहीं।जूनियर वर्ग में 48 किलोग्राम में रोजी प्रथम, आफरीन द्वितीय और दिव्यांशी तृतीय रहीं। 53 किलोग्राम में निकिता वर्मा प्रथम, गौरी द्वितीय, शहरी तृतीय, जबकि 58 किलोग्राम में जोहर, 63 में खुशबू और 69 किलोग्राम में प्रियांशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में 48 किलोग्राम में आफरीन प्रथम, 53 में प्रियांशी देवी, 58 में महक चौधरी, 63 में गीता राठौर, 69 में काजल तथा 77 किलोग्राम वर्ग में सीता प्रथम रहीं। प्रतियोगिता का संचालन निर्णायक मंडल के कोच राजीव कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी राजकिशोर एवं संतोषी कुमारी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रशिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## ठंड की दस्तक, आपदा प्रबंधन ने जिले में जारी की एडवाइजरी

- बुजुर्गों-बच्चों की देखभाल करें और अकेले रहने वाले पडोसियों का रखें ख्याल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए तैयारी और प्रतिक्रिया के उचित उपाय किये जाने के लिए दिशा-निर्देश एडवाइजरी जारी की गई है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए क्या करें, क्या न करें आदि का जनसमुदाय में प्रचार-प्रसार कराए जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही साथ नगर निकायों में अलाव जलाने एवं रैन बसेरों के संचालन को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है। नगर निगम के अंतर्गत रैन बसेरों का संचालन शुरू भी करा दिया गया है। जिसकी निगम अधिकारी मानीटरिंग भी कर रहे हैं।

**हाइपोथर्मिया के मामले में:**

- व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और उसके गीले कपडे बदले।
- व्यक्ति के शरीर को त्वचा से त्वचा के संपर्क में लाकर गर्म रखें, तौलिये या चादर की परतों से सुखाये।
- शरीर के तापमान को बढाने में मदद करने के लिए गर्म पेय दें। शराब न दें।
- स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सीय सहायता लें।
- लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से बचें।
- शराब न पीएं क्योंकि यह शरीर के तापमान को कम करती है, और रक्त वाहिकाओं को संकुचित करती है।
- ठंडे से प्रभावित अंग की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है।
- कपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है-घर के अंदर शरण लें।
- प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई तरल पदार्थ न दे जब तक कि पूरी तरह से सचेत न हो जाए।

**कृषि के लिए एडवाइजरी:** शीतलहर और पाला फसलों को नुकसान पहुंचाते है, जिसमें उनमें काला रतुआ, सफेद रतुआ, पछेती-तुषार आदि रोग उत्पन्न होते हैं। शीतलहर के कारण अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन, उपज और भंडारण अवधि में विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यवधान का कारण बनती है।

- ठंड से होने वाली बीमारी के लिए उपचारात्मक उपाय अपनाए, बेहतर जड़ विकास को सक्रिय करने के लिए बोर्डो मिश्रण या कॉपर ऑक्सी क्लोराइड, फास्फोरस और पोटेशियम का छिडकाव करें।
- शीतलहर के दौरान जहां भी संभव हो हल्की और बार-बार सतही सिंचाई करें।
- बागवानी और बगीचों में इंटरक्रॉपिंग अन्तर फसल खेती का उपयोग करें।
- टमाटर, बैंगन जैसी सब्जियों की मिश्रित फसल, के साथ सरसों,अरहर जैसी लंबी फसलें ठंडी हवाओं (ठंड के खिलाफ आश्रय के खिलाफ आवश्यक आश्रय प्रदान करेगी।
- सर्दियों के दौरान युवा फलदार पौधों को प्लास्टिक द्वारा ढककर अथवा पुआल या सरकंडा घास आदि के छप्पर झुग्गिया बनाकर विकिरण अवशोषण) को बढाया जा सकता है।
- जैविक मल्चिंग तापीय इन्सुलेशन के लिए।
- विंड ब्रेक, शेल्टर बेल्ट लगाना हवा की गति को कम करने के लिए।

### 300 स्थानों पर अलाव जलाए जाने को चिंहित

शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में लगभग 300 स्थान अलाव जलाएं जाने हेतु चिन्हित किए गये है तथा 17 रैनबसेरा क्रियाशील है। इनमें बस स्टैंड के पास कांट, जिला अस्पताल पारिसर, नगर निगम टाउनहॉल के पास,हनुमतधाम, अजीजगंज, छोटी विसरात पक्का पुल,रोडवेज शाहजहांपुर,पुवायां नगर पालिका कार्यालय के पास, नगर पालिका कार्यालय जलालाबाद,नगर पालिका कार्यालय तिलहर, नगर पंचायत कार्यालय खुटार, नगर पंचायत कार्यालय बण्डा, नगर पंचायत कार्यालय अल्लाहगंज टंकी परिसर, नगर पंचायत कार्यालय कटरा के सामने, नगर पंचायत कार्यालय निगोही, राजकीय इंटर कॉलेज कलांन,नगर पंचायत कार्यालय निगोही इसमें से 6 रैन बसेरा नगर निगम द्वारा एवं 11 रैन बसेरा नगर पालिका, नगर पंचायत द्वारा संचालित किए जा रहे है। रैनबसेरों में लगभग 400 व्यक्तियों की ठहरने की व्यवस्था की गई है, इसमें रजाई–गद्दा–कम्बल, बेड, पेयजल, शौचालय, प्रकाश आदि की व्यवस्था की गयी है।

### शीतलहरी से बचाव को एडवाइजरी

- शीतलहर से पहले रेडियो सुनें, टीवी देखें, स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए समाचार पत्र पढें ताकि यह पता चल सके कि क्या शीतलहर होने वाली है।
- पर्याप्त सर्दियों के कपडे पहनें। कपडों की कई परतें अधिक सहायक होती है।
- आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें।
- शीतलहर के दौरान फ्लू, नाक से खून जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ जाती है, जो आमतौर पर ठंड के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण हो जाती हैं या बढ जाती हैं। इस तरह के लक्षणों के लिए डॉक्टर से सलाह लें।
- मौसम की जानकारी और आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें और सलाह के अनुसार कार्य करें।
- जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें
- भारी कपडों की एक परत के बजाय ढीले फिटिंग, हल्के, विंडप्रूफ गर्म ऊनी कपडों की कई परतें पहनें। टाइट कपडे ब्लड सर्कुलेशन को कम करते हैं।
- अपने आप को सूखा रखें, अपने सिर, गर्दन, हाथों और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से कवर करें क्योंकि शरीर के इन अंगों के माध्यम से शरीर को ठंडक लगने का खतरा अधिक रहता है।
- दस्ताने पहनें क्योंकि दस्ताने ठंडक से गर्मी और इन्सुलेशन प्रदान करते है क्योंकि उंगलियां अपनी गर्मी साझा करती है और ठंड के लिए कम सतह क्षेत्र को उजागर करती है। ठंडक से बचने के लिए टोपी और मफलर का प्रयोग करें।
- शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार लें।
- पर्याप्त इम्यूनिटी बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं।
- नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पिएं, क्योंकि गर्म पेय पदार्थ ठंडक से लडने के लिए शरीर को गर्मी प्रदान करता है। बुजुर्ग लोगों और बच्चों की देखभाल करें और अकेले रहने वाले पडोसियों का ख्याल रखें।
- गर्मी उत्पन्न करने के लिये बंद कमरे के अन्दर कोयला, अंगीठी न जलायें क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस उत्पन्न हो सकती है जो बहुत जहरीली होती है और कमरे में मौजूद लोगों की जान जा सकती है।

### पशुपालन-पशुधन के लिए निर्देश जारी

- शीतलहर के दौरान, जानवरों और पशुधन को जीविका के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है। क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ जाती है।
- भैसों–मवेशियों के लिए इस मौसम के दौरान जानवरों में तापमान में अत्यधिक भिन्नता पशुओं की प्रजनन दर को प्रभावित कर सकती है।
- ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क से बचने के लिए रात के दौरान सभी तरफ से जानवरों के आवास को ढक दें।
- पशुधन आहार पद्धति और आहार पूरकों में सुधार करें।
- उच्च गुणवत्ता वाले चारे या चरागाहों का उपयोग।
- वसायुक्त खुराक प्रदान करें आहार सेवन, खिलाने और चबाने के व्यवहार पर अनुपात केंद्रित करें।
- सर्दियों के दौरान पशुओं के नीचे सूखा भूसा जैसी कुछ बिछावान सामग्री डालें।
- पशुओं को ठंड के समय में गुड़ व कैल्शियम टॉनिक पिलाएं पशुओं को ठंड के मौसम में जूट की बोरी अथवा घर में पड़ा पुराना कंबल उढाएं ।
- प्रेगनेंट पशुओं को ठंड लगने की ज्यादा संभावना होती है उनके पास अलाव जलाकर रखें,लेकिन यह भी ध्यान में रखें कि अलाव से पशुओं से कोई नुकसान न पहुंचे।
- शीतलहर के दौरान पशुओं को खुले स्थानों में न बांधे व घूमने न दें।
- शीतलहर के दौरान पशुमेले से बचें। पशु आश्रय में नमी और धुएं से बचें।
- जानवरों को ठंडा चारा और ठंडा पानी देने से बचें।
- पशु आश्रय में नमी और धुएं से बचें।
- मृत पशुओं के शवों को पशुओं के नियमित चरने वाले मार्गों पर नहीं फेंका जाना चाहिए।

### यातायात के लिए एडवाइजरी

- गन्ना तथा भूसा ढोने वाले गाडियों जैसे–ट्रॉली, ट्रक, बैलगाड़ी पर क्षमता से अधिक गन्ना न लादें।
- सर्दियों में गाड़ियों में फॉग लाईट का इस्तेमाल करें।
- गाडियों आगे व पीछे रेडियम पट्टी का प्रयोग करें।
- भार ढोने वाले वाहन के चालक इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पीछे से आ रही एम्बुलेंस को रास्ता दें।
- वाहन में हमेशा प्राथमिक उपचार किट अवश्य रखें।
- शॉल व कम्बल ओढ़कर वाहन न चलायें।
- दोपहिया वाहन चालक शीतलहरी–ठंड में बहुत आवश्यक होने पर ही घर से वाहन लेकर बाहर निकलें।
- दोपहिया वाहन चालक शीतलहरी–ठंड में बाहर निकलते समय गर्म कपडे, दस्ताने, चश्मा, हेलमेट पहन कर निकलें।
- दोपहिया वाहन चालक शीतलहरी में वाहन को धीमें चलाएं इससे खुद के साथ–साथ दुसरों को भी सुरक्षित रख सकते है।

## सुरक्षित ड्राइविंग करने वालों को पुष्प देकर किया सम्मानित



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में जनपद में विभिन्न विद्यालयों, संस्थाओं व पुलिस प्रशासन द्वारा बहुस्तरीय जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। पूरा दिन यातायात जागरूकता, जनभागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारी के भाव से सराबोर रहा।यातायात रैली हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल, रोज़ा भारतीय युवा चेतना मंच के तत्वावधान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य रैली निकाली गई, जो स्कूल से प्रारंभ होकर रोज़ा अड्डा तक पहुँची। रैली में यातायात नियमों के संदेश देते पोस्टर, बैनर व मानव श्रृंखला विशेष आकर्षण रहे। यातायात नियमों का पालन कर रहे नागरिकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समाजसेवी नरेंद्र त्यागी, प्रभारी थाना रोज़ा तथा प्रभारी यातायात की उपस्थिति रही। सहयोग संस्था द्वारा जागरूकता अभियान हथौड़ा चौराहा सहयोग संस्था के तत्वावधान में जे.पी. पब्लिक स्कूल भटपुरा रसूलपुर के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। दोपहिया चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। यमराज बने बच्चों ने लोगों को नियमों के पालन हेतु रचनात्मक तरीके से जागरूक किया। सुरक्षित ड्राइविंग करने वालों को पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ी वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति से अपर जिलाधिकारी (राजस्व एवं वित्त) अरविंद कुमार, नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सदर श्री प्रयांक जैन, एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह, प्रभारी रोज़ा, प्रभारी यातायात, सहयोग संस्था के पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-शिक्षक मौजूद रहे। यातायात जागरूकता कार्यक्रम पुवायाँ इंटर कॉलेज व राजीव चौक थानाध्यक्ष पुवायाँ मय पुलिस टीम एवं प्रभारी यातायात द्वारा छात्र-छात्राओं व आमजन को सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट-सीटबेल्ट का अनिवार्य उपयोग, मोबाइल के दुरूपयोग, ओवरस्पीडिंग के दुष्परिणाम के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया।

# खिरनी बाग धर्मशाला बना लोकतांत्रिक केंद्र, सात दिनों से जारी मतदाता सेवा शिविर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर के खिरनी बाग स्थित राम चरन लाल धर्मशाला इन दिनों लोकतांत्रिक जागरूकता का केंद्र बना हुआ है। लगातार सात दिनों से चल रहे मतदाता सेवा शिविर में हर उम्र के लोग सुबह से ही पहुंच रहे हैं। वर्तमान में मतदाता सूची से सम्बन्धित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। रोजाना सैकड़ों लोग लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। जनहित में लगाए गए इस शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदान सूची पूरी तरह अद्यतन रहे और कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। स्थानीय नागरिकों का उत्साह देख कर यही लगता है कि जागरूकता अभियान अपने सही मायने में असर दिखा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शिविर पहुंचकर पूरे कार्य की प्रगति और व्यवस्था का निरीक्षण किया। मंत्री ने फार्म जमा करने की प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन और भीड़ नियंत्रण की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौजूद अधिकारियों से यह भी पूछा कि लोगों को किस प्रकार की समस्याएं आ रही हैं और उन्हें तत्काल कैसे दूर किया जा सकता है। मंत्री खन्ना ने कहा कि लोकतंत्र की नींव मतदाता सूची की शुद्धता पर टिकी होती है और ऐसे शिविर समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने का एक अवसर देते हैं। उन्होंने शिविर में काम कर रही टीम की सराहना की और कहा कि लोगों की सुविधा के लिए यह पहल अत्यंत उपयोगी है। शिविर के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नरेंद्र कुमार मिश्रा, गुरु नीरज बाजपेई, अभिषेक द्विवेदी सीतू लगातार शिविर में उपस्थित रहकर लोगों की मदद कर रहे हैं। शिविर में नियुक्त सभी बीएलओ लगातार फील्ड और डेस्क दोनों पर सक्रिय हैं। वे वर्तमान में मतदाता सूची से सम्बन्धित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य जिम्मेदारी को पूरी तत्परता से निभा रहे हैं।

# पुलिस ने अपराधियों को थाने बुलाया, अपराध करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत के पर्यवेक्षण में, अपराध पर सख़्त अंकुश लगाने व सक्रिय अपराधियों की निगरानी को सुदृढ़ करने हेतु थाना कोतवाली पर एक विशेष पहल जिसमें थाना कोतवाली द्वारा थाना क्षेत्र के विगत पाँच वर्षों से सक्रिय/चिन्हित अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर तथा गोकशी से जुड़े व्यक्तियों को थाने पर बुलाया गया, जहाँ उन्हें कानून का पालन करने के लिए कठोरतम चेतावनी दी गई तथा भविष्य में अपराध न करने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अपराधियों को दिया गया स्पष्ट एवं कठोर संदेश, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा उपस्थित सभी चिन्हित अपराधियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने की सख्त चेतावनी दी गई। उन्हें कानूनी दंड, न्यायिक प्रक्रिया, संभावित गिरफ्तारी एवं कठोर दंडात्मक परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी समझाया गया कि अपराध का दुष्प्रभाव केवल अपराधी पर ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार की सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर रूप से पड़ता है। अपराधियों ने स्वयं स्वीकार किया कि अपराध करने के बाद उनके परिवारों को गंभीर मानसिक, सामाजिक व आर्थिक कष्ट सहने पड़े हैं और उन्होंने भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि से दूर रहने का वचन दिया तथा अपराध की रोकथाम हेतु पुलिस की मदद करने का आश्वासन भी दिया।

# बंदरों के आतंक से दुकानदार परेशान

**शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी स्टेशन कॉलोनी माल गोदाम कॉलोनी चर्च कॉलोनी मठिया कॉलोनी में लंगूरी बंदर ने आतंक मचा रखा है। रोज अड्डा पर खुली हुई दुकानों में बंदर घुस जाता है। आए दिन दुकान में तोड़फोड़ सामान्य इधर-उधर कर देना सामान को लेकर ऊपर चढ़ जाना कनपुरिया बिस्कुट के पैकेट लेकर फाड़ देना। इसी से में मुंह देखने के बाद शीशे को तोड़ देना आज की घटनाओं से स्थानीय दुकानदार और क्षेत्रवासी काफी परेशान हैं कई लोगों को बंदर ने काट लिया जिससे कि लोग घायल होगा मार्केट में बंदर आने के बाद दुकानदार अपने-अपने शटर बंद करके बाहर खड़े हो जाते हैं आज रविवार के दिन दोपहर में कुछ दुकानदारों ने स्वेटर बंद कर लिया लेकिन एक स्टूडियो वाले ने स्तर नहीं बंद किया और वह बंदर स्टूडियो में घुस गया काफी खोल करने के बाद कुछ देर शांत बैठा रहा उसके बाद बंदर दुकान से निकलकर मूंगफली के ठेले पर चला गया ठेला वाला उसे देखकर भाग गया काफी देर तक मूंगफली खाता है उसके बाद मूंगफली चला गया स्थानीय लोगों ने नगर निगम से मंदिर पकड़ने की मांग की है बंदर पकड़ने की मांग की है।

# बंडा मंडी में धान की तौल ठप, किसानों में भारी रोष

- अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप, पांच दिसम्बर तक समाधान नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने बंडा उपमंडी में धान की तौल बंद होने और बाहरी मंडियों से आने वाली ट्रॉलियों को प्राथमिकता दिए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 5 दिसम्बर तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। सौंपे ज्ञापन में बताया कि पिछले एक सप्ताह से स्थानीय किसानों की धान ट्रॉलियां मंडी के बाहर लाइन में खड़ी हैं, लेकिन तौल शुरू नहीं हो रही है। इसके विपरीत बाहरी मंडियों से आने वाली ट्रॉलियों की तौल लगातार की जा रही है, जिससे स्थानीय किसानों में गहरा आक्रोश है।किसानों ने बताया कि 28 नवंबर को लगभग 1800 क्विंटल धान मंडी में प्रवेश की प्रतीक्षा में थीं, जबकि सरकारी तौल 10 हजार क्विंटल तौल पोर्टल पर दर्शाई गई। जबकि मौके पर तौल नहीं की गई। सौ के लगभग ट्रालियों गेट से लेकर रोड पर खड़ी है तौल मंडी में ना के बराबर हो रही हैं लेकिन इसके बावजूद पोर्टल पर तौल दर्शाई जा रही हैं। आरोप है कि यह सब केंद्र प्रभारी और क्षेत्रीय विपणन अधिकारी राम कैलाश सोनकर की मिलीभगत से हो रहा है। भाकियू नेताओं की मांग है कि क्षेत्रीय विवरण अधिकारी को तुरत हटाकर जिले से बाहर भेजा जाए। आरोप है प्रशासन ने स्थानीय किसानों की उपेक्षा करते हुए बाहरी ट्रॉलियों को प्राथमिकता दी। मांग की स्थानीय किसानों की धान तौल शुरू की जाये, मंडी में अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारी को हटाया जाए, बाहरी ट्रॉलियों की तौल रोकी जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 5 दिसम्बर तक उनकी समस्याएं दूर नहीं की गई तो मंडी परिसर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## कच्ची शराब बनाने में छह पर मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार



**खुटार, शाहजहांपुर।** रविवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग दिउरिया जसवंतपुर के जंगल में झुकना नदी के किनारे कच्ची शराब बना रहे हैं। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक आर के रावत पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। और घेराबंदी कर रंजीत सिंह हाल निवासी सुजानपुर मूल निवासी मोहल्ला गुरु की नगरी थाना मंडी गोविंद गढ़ जिला फतेहगढ़ साहिब पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके साथ कच्ची शराब बना रहे कश्मीर सिंह निवासी मैनिया, बलजीत सिंह निवासी निवासी सुजानपुर, गुरमीत सिंह निवासी मंडनपुर, सुरजीत सिंह निवासी मैनिया, चमन सिंह निवासी मैनिया मौके से फरार हो गए। फरार पांचों आरोपियों पर खुटार थाने में कई मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने मौके पर 4 सौ लीटर लहन नष्ट किया। 50 लीटर कच्ची शराब, 5 किलो यूरिया खाद, दो नाली एक बाल्टी, एक खाली ट्यूब बरामद किया। पुलिस ने छह आरोपियों के विरुद्ध मकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायलय में पेश किया जाएगा।

## गणना प्रपत्र आज ही जमा करें, कोई मतदाता न छूटे

**शाहजहांपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य पूरी गंभीरता के साथ संचालित है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि गणना प्रपत्र को स्पष्ट रूप से भरकर अविलंब अपने बीएलओ को जमा करें, ताकि मतदाता सूची में नाम शामिल करने और अद्यतन करने की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। डीईओ ने बताया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब प्रत्येक मतदाता इसमें सक्रिय सहभागिता निभाए। उन्होंने जनपदवासियों से आग्रह किया कि गणना प्रपत्र भरने में देर न करें और अंतिम तिथि 4 दिसंबर का इंतजार बिल्कुल न करें। उन्होंने कहा, शुद्ध निर्वाचक नामावली– मज़बूत लोकतंत्र अभियान के तहत यह आवश्यक है कि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। इसलिए प्रत्येक मतदाता अपना भरा और हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र बीएलओ या मतदान केंद्र पर अनिवार्य रूप से जमा करें। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाना है। सभी मतदाताओं से अपेक्षा की गई है कि वे अपने विवरण सही-सही भरें और इस महत्त्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान करें, जिससे जनपद की निर्वाचक नामावली पूरी तरह सटीक तैयार हो सके।

## चिंगारी से झोपड़ी में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना परौर के ग्राम बर्खे मई में चूल्हे की चिंगारी से अचानक झोपड़ी में आग लग जाने के कारण ग्राम बरखेमई निवासी पेशकार का झोपड़ी नुमा घर जलकर राख हो गया। झोपड़ी में रखा घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया। पेशकार की लड़की अपने डेढ़ माह के बेटे को लेकर मायके आई थी। वह भी आंशिक रूप से झुलस गया। गांव में दो बरातो का कार्यक्रम चल रहा था कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित लोग सूचना पर पहुंच गए और आग पर काबू कर लिया। लेकिन तब तक पेश कर की झोपड़ी में रखा घरेलू सामान ब झोपड़ी जलकर राख हो गई थी। खबर शनिवार रात करीब 10:00 बजे की है।

# भाकियू चढूनी ने सीओ पुवायां पर लगाया भूमाफियों का साथ देने का आरोप

- सीओ पुवायां को हटाने की मांग, नहीं तो आंदोलन होगा

**शाहजहांपुर/पुवायां, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने पुवायां क्षेत्राधिकारी और उप जिलाधिकारी पर किसानों के साथ भेदभावपूर्ण एवं पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाते हुए 10 दिसंबर को बड़े आंदोलन की घोषणा की है। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोनों अधिकारियों को हटाया नहीं गया तो जिलेभर के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर विशाल किसान पंचायत करेंगे। किसान विश्रामगृह, मंडी पुवायां में 30 नवंबर को आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में आरोप लगाया कि क्षेत्राधिकारी पुवायां किसानों से सही व्यवहार नहीं करते और न्याय के बजाय भू-माफियाओं व दबंगों का साथ देते हैं। किसानों की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कराने में उनकी भूमिका संदिग्ध है। उप जिलाधिकारी पुवायां किसानों के फोन तक नहीं उठाती हैं और सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे के मामलों में कार्रवाई नहीं करतीं।पदाधिकारियों ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा पहले जारी किए गए आदेशों का पालन भी नहीं कराया गया, जिससे प्रतीत होता है कि पुवायां तहसील और पुलिस प्रशासन में गहरा भ्रष्टाचार व्याप्त है। किसानों ने मांग की कि दोनों अधिकारियों की विभागीय जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए। संगठन ने घोषणा की कि 10 दिसंबर को पुवायां में विशाल पंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें पूरे जिले के बीकेयू (चढूनी) पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे तथा किसान विरोधी अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा। बैठक में प्रदेश महासचिव रणजीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष करमजीत सिंह, जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव, जिला मुख्य सचिव डॉ. संतोष कुमार, तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष सोमवीर सिंह चौहान, महेश सक्सेना, सर्वेश कुमार, मोतीलाल, सुशील कुमार, नगर अध्यक्ष भाईलाल, अशोक कुमार, सचिन, तहसील प्रवक्ता संजय गुप्ता, राजकुमार समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसआईआर के बहाने वोटों को कमजोर करने की कोशिशः पूर्व मंत्री

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव, विधायक व पूर्व मंत्री जनाब अता-उर-रहमान जनपद बरेली से शाहजहांपुर पहुंचे। बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर उन्होंने एआईआर के तहत प्रदेश नेतृत्व, जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, ब्लॉक प्रभारी और बीएलओ के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। यहाँ जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूलमाला, बुके और अंगवस्त्र पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अता-उर-रहमान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चल रहा विशेष गहन पुनरीक्षण भाजपा और चुनाव आयोग की सोची-समझी राजनीतिक चाल है, जिसका लक्ष्य समाजवादी पार्टी के समर्थन वाले वोटों को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा नई-नई नीतियाँ और तरीके अपनाती है, लेकिन सपा इसका हर स्तर पर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के पीडीए मॉडल ने भाजपा के घमंड को तोड़ा और यूपी की 80 में से 37 सीटें जीतकर बीजेपी का रथ रोक दिया। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को निर्णायक बताते हुए सभी बूथों पर बीएलए, बूथ अध्यक्षों और पदाधिकारियों को एसआईआर में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करें, बीएलओ से संपर्क कर सही फॉर्म भरवाएँ और हर बूथ को मजबूत करें। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव की लगातार मांग के बाद चुनाव आयोग ने एसआईआर की अंतिम तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर 2025 कर दी। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ददरौल विधानसभा में बीएलए और बूथ अध्यक्ष बीएलओ के साथ समन्वय कर एसआईआर फॉर्म भरवाने में जुटे हैं। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने बताया कि कार्यकर्ता फॉर्म की ऑनलाइन फीडिंग भी करवा रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि छह विधानसभाओं से मिल रही सभी शिकायतें जिलाधिकारी, एडीएम प्रशासन, नगर मजिस्ट्रेट और एसडीएम प्रशासन को भेजी जा रही हैं और लगातार समाधान कराया जा रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से एसआईआर अभियान में पूरी निष्ठा से जुटने की अपील की। मीटिंग में सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, प्रदेश सचिव विजय सिंह, प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, प्रदेश प्रमुख महासचिव रिजवान अहमद, ज्योत्सना कश्यप, अतिउल्लाह सिद्दीकी सहित अनेक वरिष्ठ नेता, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, जिला एवं महानगर पदाधिकारी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव ने किया।

## कंपोजिट स्कूलों में लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के लिए धनराशि जारी

**शाहजहांपुर।** पीएमश्री के अंतर्गत नवीन चयनित 450 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के संचालन के लिए उपकरण की खरीद के लिए धनराशि जारी कर दी गई है। एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग, होम एंड हेल्थ के टूल्स व उपकरण स्थानीय स्तर पर खरीदे जाएंगे। जिले में 450 स्कूलों में लर्निंग बाई डूइंग की लैब स्थापित की गई। इनके अंतर्गत खेती-किसानी भी विद्यार्थियों को सिखाई जाएगी। इसके लिए उपरण खरीदने के लिए कांट, ददरौल, खुटार, मदनापुर, पुवायां और सिंधौली में 302750 रुपये की धनराशि जारी की गई। इसके तहत लैब के उपकरण व एलबीडी प्रयोगशाला के लिए सामग्री खरीदी जाएगी। बीएसए दिव्या गुप्ता ने सभी बीईओ को निर्देश दिए कि पारदर्शिता के साथ कार्य को कराया है।

## दामाद पर पुत्री को लापता करने का आरोप, पुलिस ने मामला किया रफा-दफा

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद में शिकायत दर्ज कर हरदोई जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव नगला लोधू निवासी कृष्ण पाल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री का विवाह 4 वर्ष पूर्व जलालाबाद के मोहल्ला तकिया मजीत निवासी मुनेश पुत्र बाबूराम के साथ की थी उसका दामाद पुत्री को दहेज उत्पीड़न को लेकर मारपीट करता था। पंचायत में सुलह समझौता होने के बाद वह उसे हरियाणा के पानीपत ले गया और साथ में रहकर वहां काम करता था. परंतु उसकी पुत्री 22 तारीख से लापता चल रही है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर महिला हेल्प डेस्क की महिला कांस्टेबल ने पीड़ित के दामाद मुनेश से फोन पर बात करथाने बुलाया थाने पहुंचकर मनीष ने बताया कि उसकी पत्नी 21 तारीख को दोपहर में किराए के मकान से भाग गई है.जिसकी उन्होंने हरियाणा के पानीपत के थाना तहसील कैंप में रिपोर्ट दर्ज कर दी है और उन्होंने उसकी कॉपी मोबाइल पर महिला कांस्टेबल को दिखाई। इसके बाद महिला कांस्टेबल ने पीड़ित पिता कृष्ण पाल से कहा कि जब वहां रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है. तो इस थाने से कोई लेना-देना नहीं है और वहां की पुलिस जब तुम्हारी पुत्री को पता चलेगा तो सूचित किया जाएगा। इस प्रकार उन्होंने मामले को रफा दफा कर दिया।

## पुराने विवाद के चलते ग्रामीण से दबंगों ने की मारपीट, तमंचा दिखाकर जान से मारने की दी धमकी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव ककराला निवासी राम खिलाड़ी ने थाना में प्रार्थना पत्र देने के बाद रविवार दिन के 11 बताया कि बीते दिन की शाम वह अपने खेत में गेहूं की फसल की रखवाली करके लौट रहे थे तभी रास्ते में गांव के ही नन्हे लाल बात दो अज्ञात व्यक्ति मिले जिन्होंने उन्हें देखते ही गाली गलौज किया गलियों का विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मार पीट की एक अनजान व्यक्ति ने उन्हें अवैध तमंचा दिखाकर गोली मारकर जान लेने की बात कही. पीड़ित ने बताया कि उनका जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

## महिला छेड़छाड़ करने पर रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** विधवा महिला के साथ छेड़छाड़ करने पर हेमराज पुत्र किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि पीड़ित महिला 27 नवंबर के शाम लगभग पौने सात बजे शौच के लिए जा रही थी कि हेमराज ने अश्लील हरकत की। पीड़िता घर पर अकेली थी परिजनों आने के बाद घटना की जानकारी दी।

## दो दिवसीय स्पर्धा का हुआ समापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

युवा कल्याण विभाग के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आज उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। समापन समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी एस.पी. बमनिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में कार्यक्रम प्रभारी व्यायाम प्रशिक्षक सतेंद्र कुमार, सहयोगी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम सिंह, राहुल उपाध्याय, अनुराग कुमार, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजयपाल वर्मा, ऑफिशियल प्रिया मिश्रा, इंद्रजीत लोधी, निशांत, पंकज सक्सेना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम प्रभारी ने बताया कि आज की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालिका कबड्डी में शांति देवी विद्यालय विजेता तथा आर्य महिला इंटर कॉलेज उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग में स्पोर्ट्स स्टेडियम विजेता तथा आर्य महिला इंटर कॉलेज उपविजेता बना। सिनियर बालक कबड्डी वर्ग में एस.एस. कॉलेज विजेता रहा।फुटबॉल सब जूनियर में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने खिताब जीता। फुटबॉल सीनियर वर्ग में स्पोर्ट्स स्टेडियम उपविजेता और पी.के. स्पोर्ट्स एकेडमी ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मंगल दल की नेहा कश्यप, आशीष वर्मा, पीआरडी जवान वेदप्रकाश, ओमकार, सुआलाल, मुकेश चन्द्र, महेश चन्द्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पांच दिन से लापता युवक का खेत में मिला शव, हत्या का आरोप

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- पुलिस ने कहा-पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे

जिले में पांच दिन से लापता 35 साल के बाबूराम का शव रविवार को तालाब किनारे गन्ने के खेत से बरामद हुआ। परिजनों ने लेनदेन विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने हत्या का आरोप पड़ोसी वार्ड के चार युवकों पर लगाया है। मामला निघासन क्षेत्र के नानक नगर गांव का है। परिजनों के मुताबिक मृतक और आरोपियों के बीच 1900 रुपए के लेनदेन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में कुछ दिन पहले दोनों पक्षों में जमकर मारपीट भी हुई थी। मारपीट की घटना के बाद से ही बाबूराम मानसिक रूप से परेशान था। परिजनों के अनुसार वह मंगलवार सुबह बिना बताए घर से निकल गया था और फिर वापस नहीं लौटा।

रविवार दोपहर ग्रामीण जब तालाब की ओर गए तो गन्ने की मेड़ पर पड़े शव को देखकर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची निघासन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों का आरोप है कि बाबूराम की हत्या कर शव को खेत में फेंका गया, ताकि घटना को छिपाया जा सके। मृतक बाबूराम मजदूरी करता था और पिछले कुछ वर्षों से लद्दाख में काम कर रहा था। ठंड और बर्फबारी बढ़ने के चलते वह करीब दो महीने पहले ही गांव लौटा था। परिवार में पत्नी, दो बच्चे और बूढ़ी मां हैं। अचानक हुई मौत से परिवार सदमे में है। परिवार के चचेरे भाई बहादुर की बेटी सुमन की शादी आज होनी है। कुशाहा से बारात भी आ चुकी है, लेकिन हादसे ने परिवार को दुख में डुबो दिया है। कोतवाल निघासन महेशचंद्र ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर बाबूराम की गुमशुदगी मंगलवार को दर्ज कर ली गई थी। पुलिस ने उसकी तलाश के लिए थानों के सूचना बोर्डों पर पोस्टर चस्पा किए थे और सोशल मीडिया पर भी जानकारी प्रसारित कराई थी। लेनदेन विवाद को लेकर नामजद चारों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी, इसी बीच बाबूराम का शव मिल गया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। बाबूराम के परिवार में पत्नी अनीता (30), दो बेटियां, प्रियांशी (10) और मांशी (7) हैं। मां प्रेमलता और पिता बिंद्रा भी साथ रहते हैं। बड़े भाई मनोहर की पहले ही दुर्घटना में मौत हो चुकी है। मझले भाई का नाम लालता है, जबकि बाबूराम सबसे छोटा था। बाबूराम की शादी को 15 साल हो चुके हैं।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2223641 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2227001617 का अंकपत्र/सह प्रमाणपत्र खो गया है।

राहुल यादव पुत्र जीवन लाल यादव ग्राम-लालबोझा भटपुरवा जनपद-श्रावस्ती।

## दुनिया में तेजी से दौड़ रही भारत की बड़ी इकॉनमी


वैश्विक स्तर पर जहां दुनिया आर्थिक मंदी और तमाम संकटों से जूझ रही है, वहीं भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था से दुनिया हैरान है। भारत को हर स्तर पर घेरने की कोशिशें भी की जा रही हैं। बावजूद इसके देश की अर्थव्यवस्था में तेजी देखी जा रही है जो देशवासियों के लिए बड़ी सौगात है। ताजा उदाहरण इस वित्तीय साल की दूसरी तिमाही में देश की 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ी जीडीपी है। जबकि विभिन्न रेटिंग एजेंसियों ने 2025-26 के लिए 6.30 से 6.70 फीसद तक अनुमान लगाया था। यहां तक कि संसद में भी यही बात दोहराई गई थी किन्तु मुख्य आर्थिक सलाहकार वी.अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि इस वित्तीय साल की समाप्ति के पहले भारत के लिए एक और अच्छी खबर होने वाली है, जो पूरी दुनिया को और भी विचलित करेगी। श्री नागेश्वरन ने बताया है कि भारत की अर्थव्यवस्था इस वित्तीय साल में 7 प्रतिशत से अधिक गति से बढ़ेगी और तब देश की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के पार हो जायेगी, जो इस साल संसद में बताए गए संभावित आर्थिक आंकड़े 6.3-6.8 प्रतिशत के अनुमान से कहीं ज्यादा होगी।

उन्होंने कहा कि कृषि, विनिर्माण और सेवा जैसे सभी क्षेत्रों में यह तेजी बनी रहने की उम्मीद है। इसकी वजह अच्छी फसल, ग्रामीण और शहरी इलाकों में मजबूत मांग, कम महंगाई और टैक्स में कटौती का असर है। श्री नागेश्वरन ने एक प्रेजेंटेशन में बताया है कि कीमतों और टैक्स सुधारों से लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जिससे निकट भविष्य में खपत बढ़ने की उम्मीद है। कंपनियों की मज़बूत बैलेंस शीट 2025-26 की दूसरी छमाही में निजी निवेश को बनाए रखने में मदद करेगी। स्थिर महंगाई, लगातार सरकारी पूंजीगत व्यय और सुधारों की रफ्तार मिलकर अर्थव्यवस्था को जोखिमों से निपटने के लिए तैयार करती है, जैसा कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा 2025-26 के जीडीपी वृद्धि अनुमानों में बढ़ोतरी से पता भी चलता है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही की भी शुरुआत अच्छी रही है। उन्होंने ई-वे बिलों के बनने, नॉन-फूड क्रेडिट में तेजी, ऊर्जा, वैकल्पिक ऊर्जा की खपत और माल ढुलाई में वृद्धि जैसे संकेतकों की ओर इंगित किया।

उन्होंने बताया कि अच्छी फसल के कारण ग्रामीण इलाकों में इनकम बढ़ने से वहां की मांग लगातार मजबूत हो रही है। अक्टूबर 2025 में ट्रैक्टरों की बिक्री पिछले एक दशक की तुलना में किसी भी महीने के मुकाबले बहुत अधिक रही है। इसका कारण अच्छा मॉनसून, ग्रामीण इलाकों में बेहतर माहौल, त्योहारी मांग और हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती मुख्य रूप से शामिल है। उन्होंने बताया कि तीसरी तिमाही के प्रथम माह में दोपहिया और तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि कीमतों की स्थिति पर मुख्य महंगाई स्थिर बनी हुई है। साथ ही, समय पर रबी की बुवाई और जलाशयों में पानी का अच्छा स्तर खाद्य आपूर्ति के अनुकूल माहौल का संकेत दे रहा है। हाल ही में लागू किए गए नए श्रम कानून भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स और मजबूत उद्योगों के निर्माण में मदद करेंगे।

# जिहाद, हिंसा, जमीयत उलेमा-ए-हिंद और मौलाना मदनी

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*



**भारत में जब कोई भी नेता चाहे वह धार्मिक, मजहबी हो या राजनीतिक इस तरह की भाषा इस्तेमाल करता है जो समाज के एक वर्ग को दूसरे वर्ग से अलग करती है तो अनायास ही सामाजिक अविश्वास बढ़ता है। मदनी का बयान इसी संदर्भ में चिंताजनक है, क्योंकि भारत में जिहाद का आधुनिक अर्थ उस ऐतिहासिक-आध्यात्मिक अर्थ से बहुत भिन्न नहीं समझा जाता जो किताबों में दर्ज है। यह वही अर्थ है जो आतंकी समूहों ने प्रचारित किया और कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी जिम्मेदार नेता का प्राथमिक दायित्व यही होना चाहिए कि वह इस शब्द के दुरुपयोग को पहचाने, न कि उसे पुनः पवित्रता का आवरण देकर सार्वजनिक विमर्श में पुनर्जीवित करते हुए ये कहे कि जब जब जुल्म होगा, तब तब जिहाद होगा। वास्तव में यदि जिहाद का अर्थ मदनी की दृष्टि में हिंसा नहीं है, तो उन्हें यह भी भरोसा देना चाहिए कि जो लोग जिहाद के नाम पर हिंसा करते हैं, वे इस्लाम और भारतीय मुसलमान, दोनों के दुश्मन हैं। अब से वे ये सुनिश्चित करेंगे कि भारत में जिहाद शब्द का इस्तेमाल किसी भी राजनीतिक या मजहबी हिंसक आंदोलन में नहीं होगा। वस्तुतः तभी माना जा सकता है कि जिहाद वाकई इस्लाम की एक पवित्र अवधारणा है, अन्यथा सभी को पता है कि जिहाद के मायने गैर मुसलमान के प्रति हिंसा और अत्याचार है, ये अपनी इस्लामिक हुकूमत को कायम करने का सबसे बड़ा औजार है। फिलहाल तो यही दिखाई देता है।**

भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के कार्यक्रम में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिया गया वक्तव्य, जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा इसे वास्तव में सिर्फ एक टिप्पणी नहीं माना जा सकता है, यह एक ऐसा कथन है जिसके सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव दूर तक जाते हैं। खासकर इसलिए क्योंकि जिहाद शब्द आधुनिक समय में एक विवादित और अक्सर हिंसा से जुड़ी अवधारणा बन चुका है। मदनी मानते हैं कि जिहाद एक पवित्र कर्तव्य है, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का नाम है और हिंसा अथवा आतंक से उसका कोई संबंध नहीं, किंतु सवाल यह है कि यदि जिहाद वास्तव में इतना ही पवित्र और नैतिक अवधारणा है तो दुनिया के अनेक इस्लामिक, मजहबी हिंसक समूह इसे हत्याओं का औजार क्यों बनाते आए हैं और अब भी बना रहे हैं?

सभी समझें कि यह प्रश्न भावनात्मक नहीं है, ऐतिहासिक और भू-राजनीतिक सच्चाइयों का परिणाम है क्योंकि इससे जुड़ा पूरा इतिहास आज मौजूद है। बीते चार दशकों में जितने बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकी आक्रमण हुए, न्यूयॉर्क से लेकर मुंबई, दिल्ली से लेकर पेरिस तक उनमें दोषियों ने अपने कृत्य को अक्सर जिहाद के नाम पर उचित ठहराया है। क्या वे सभी समूह किसी जुल्म का उत्तर दे रहे थे? क्या उन पर दुनिया अत्याचार कर रही थी? यदि नहीं तो फिर भारत एवं दुनिया भर में सभी इस्लामी नेतृत्व को इस पर खुलकर कहना चाहिए कि हिंसा का यह रूप इस्लाम नहीं है।

दुखद यह है कि ऐसा स्पष्ट और साहसी प्रतिरोध 'इस्लाम समूह' के रूप में दिखाई नहीं देता है। अब तक जितने भी इस्लामिक आतंकवादी भारत में पकड़े गए हैं, उनमें अधिकांश ने स्वयं से स्वीकार किया है कि वे गैर मुसलमानों के खिलाफ जिहाद एक पवित्र युद्ध कर रहे हैं! अब इसे कैसे नकारा जा सकता है? यह तथ्य तो तमाम जगह पुलिस और न्यायालयों के रिकार्ड में मौजूद है।

**जिहाद की अवधारणा : आदर्श से राजनीतिक हथियार तक:-** वस्तुतः The Legacy of Jihad जैसी पुस्तकों में दर्ज विस्तृत शोध यह दिखाता है कि जिहाद की ऐतिहासिक अवधारणा में आध्यात्मिक संघर्ष (नफ्स के खिलाफ), सामाजिक न्याय और अन्याय के विरोध का तत्व तो था, परंतु सदियों में राजसत्ता, राजनीति और कट्टरपंथी नेतृत्व ने इसे कई बार पवित्र युद्ध का रूप भी दिया और इस्लाम के बने रहने और उसके विस्तारवाद के लिए अब भी दे रहे हैं। पुस्तक यह आलोचनात्मक दृष्टि प्रस्तुत करती है कि इस्लाम के मजहबी आदर्श और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के मिश्रण ने इसे हिंसक दिशा की ओर मोड़ दिया।

इसी तरह Jihad: The Trail of Political Islam आधुनिक जिहादी आंदोलनों की जड़ें समझाती है और बताती है कि कैसे राजनीतिक इस्लाम ने जिहाद को वैचारिक हथियार की तरह उपयोग किया। The Mind of Jihad ¥õÚU Jihad and Death जैसी पुस्तकों को भी एक बार जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी को अवश्य पढ़ लेना चाहिए, जो यह विश्लेषण करती हैं कि आज की आतंकी मानसिकता जिहाद को नैतिक कर्तव्य बताकर आत्मघाती हिंसा का औचित्य तैयार करती है। वहीं, Salafi-Jihadism यह स्पष्ट करती है कि कट्टरपंथी समूहों ने जिहाद को धर्म से अधिक विचारधारात्मक युद्ध का रूप दे दिया है। दुनिया भर में इस्लाम का शासन और उम्मा की सोच ही इस जिहाद के केंद्र में है।

इन सभी अध्ययनों से यह सामान्य निष्कर्ष उभरता है कि जिहाद का आध्यात्मिक अर्थ और उसका आधुनिक राजनीतिक-हिंसक अर्थ एक-दूसरे से बहुत भिन्न हैं। यदि मदनी और उनके समर्थक जिहाद को शुद्ध आध्यात्मिक व नैतिक सिद्धांत के रूप में मानते हैं, तो यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि आतंकवाद के नाम पर किया गया जिहाद इस्लाम के विरुद्ध अपराध है। लेकिन प्रश्न यह है कि यह स्पष्ट विभाजन कौन करेगा?

**भारतीय मुसलमान, जिहाद का दुरुपयोग और मजहबी नेतृत्व की जिम्मेदारी:-** भारत का मुसलमान समुदाय बहुसंख्यक रूप से शांतिप्रिय, लोकतांत्रिक व्यवस्था में आस्था रखने वाला और सामाजिक ताने-बाने का अभिन्न हिस्सा है, पर कट्टरपंथियों द्वारा जिहाद शब्द के दुरुपयोग की जिम्मेदारी भी किसी न किसी को लेनी होगी। क्या यह जिम्मेदारी मौलाना मदनी जैसे प्रभावशाली धार्मिक नेताओं की नहीं है कि वे खुलकर, बिना किसी अस्पष्टता के, यह कहें कि भारतीय उपमहाद्वीप और विश्व स्तर पर सक्रिय कई इस्लामिक आतंकवादी संगठनों में प्रमुख रूप से इंडियन मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी, जमात-उद-दावा, अल-बदर, हिज़्ब-उल-मुजाहिदीन और लश्कर-ए-झँगवी, हक्कानी नेटवर्क, अल-कायदा, अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट, आईएसआईएस, दाएश, अल-नुसरा फ्रंट और अंसार अल-शरिआ, अल-शबाब, बोको हराम और अंसार अल-इस्लाम जैसे संगठनों द्वारा किया गया कोई भी हिंसक 'जिहाद' इस्लाम विरोधी अपराध है।

क्या इन जैसे इस्लामिक नेताओं को सभी आतंकवादी संगठनों से भारत के मुसलमानों को दूर रहने का आह्वान नहीं करना चाहिए? लेकिन जब एक बड़ा मजहबी (धार्मिक) नेता सार्वजनिक मंच से कहता है कि जुल्म होगा तो जिहाद होगा, तब यह कथन सहसा ही उन कट्टरपंथी समूहों के नैरेटिव से टकराने के बजाय, जाने-अनजाने, उससे मिलता-जुलता प्रतीत होने लगता है, उनका समर्थन करता दिखता है। यह बात अपने-आप में खतरनाक है, क्योंकि समाज में भय, संदेह और विभाजन की जमीन ऐसे ही बयानों से तैयार होती है।

**जुल्म की परिभाषा कौन तय करेगा?:-** मदनी यह नहीं बताते कि जुल्म क्या है और इसका निर्धारण कौन करेगा। क्या किसी नीति से असहमति जुल्म है? क्या न्यायिक प्रक्रिया की आलोचना या समर्थन जुल्म है? क्या किसी राजनीतिक दल की बयानबाजी को जुल्म कहकर उसके विरुद्ध संघर्ष को जिहाद नाम दिया जा सकता है? इन मजहबी मौलानाओं द्वारा 'जुल्म' की परिभाषा अस्पष्ट छोड़ दी जाती है और यही अस्पष्टता कट्टरपंथियों द्वारा हिंसक नैरेटिव तैयार करने का औजार बनती है। यदि जिहाद केवल आत्म-सुधार, नैतिकता और अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष है तो क्या कारण है कि पिछले कई वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा हिस्सा उसे आतंक, हिंसा और हत्या से जोड़कर देखता है? यह छवि किसने और कैसे बनाई और इसे बदलने की जिम्मेदारी सबसे पहले किस पर आती है?

**भारत में जिहाद की राजनीति : विभाजन का रास्ता:-** भारत में जब कोई भी नेता चाहे वह धार्मिक, मजहबी हो या राजनीतिक इस तरह की भाषा इस्तेमाल करता है जो समाज के एक वर्ग को दूसरे वर्ग से अलग करती है तो अनायास ही सामाजिक अविश्वास बढ़ता है। मदनी का बयान इसी संदर्भ में चिंताजनक है, क्योंकि भारत में जिहाद का आधुनिक अर्थ उस ऐतिहासिक-आध्यात्मिक अर्थ से बहुत भिन्न नहीं समझा जाता जो किताबों में दर्ज है। यह वही अर्थ है जो आतंकी समूहों ने प्रचारित किया और कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी जिम्मेदार नेता का प्राथमिक दायित्व यही होना चाहिए कि वह इस शब्द के दुरुपयोग को पहचाने, न कि उसे पुनः पवित्रता का आवरण देकर सार्वजनिक विमर्श में पुनर्जीवित करते हुए ये कहे कि जब जब जुल्म होगा, तब तब जिहाद होगा।

वास्तव में यदि जिहाद का अर्थ मदनी की दृष्टि में हिंसा नहीं है, तो उन्हें यह भी भरोसा देना चाहिए कि जो लोग जिहाद के नाम पर हिंसा करते हैं, वे इस्लाम और भारतीय मुसलमान, दोनों के दुश्मन हैं। अब से वे ये सुनिश्चित करेंगे कि भारत में जिहाद शब्द का इस्तेमाल किसी भी राजनीतिक या मजहबी हिंसक आंदोलन में नहीं होगा। वस्तुतः तभी माना जा सकता है कि जिहाद वाकई इस्लाम की एक पवित्र अवधारणा है, अन्यथा सभी को पता है कि जिहाद के मायने गैर मुसलमान के प्रति हिंसा और अत्याचार है, ये अपनी इस्लामिक हुकूमत को कायम करने का सबसे बड़ा औजार है। फिलहाल तो यही दिखाई देता है।

विचार

# एक इतिहास की धारणा को बल, एक भूगोल का इंतजार

*उमेश चतुर्वेदी*

जुलाई 2001 का दूसरा हफ्ता था। राजधानी दिल्ली और आगरा में बड़ी हलचल थी। इस हलचल पर समूचे देश या यूं कहिए कि दक्षिण एशिया की विशेष निगाह थी। वजह थी, पंद्रह जुलाई से शुरू हो रही परवेज मुशर्रफ की भारत यात्रा। करगिल युद्ध के खलनायक तब तक पाकिस्तान का शासक हो चुका था। मुशर्रफ तानाशाह राष्ट्रपति बन चुके थे। करगिल का जख्म चूंकि अभी हरा था, लिहाजा मुशर्रफ की यात्रा उत्सुकता, उम्मीद और आशंका के दायरे में थी। जैसा कि ऐसी यात्राओं के दौरान होता है, कूटनीतिक तैयारियां भी खूब होती हैं। परवेज की यात्रा के ठीक पहले अपने चिर-परिचित अंदाज में पाकिस्तान ने कश्मीरी आत्मनिर्णय को लेकर कूटनीतिक दबाव बनाना शुरू कर दिया था। यात्रा के एक या दो दिनों पहले की बात है। दिल्ली में सिंधी समाज ने मुशर्रफ की यात्रा के मद्देनजर एक कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के सामने पाकिस्तान की उस कोशिश का जिक्र किया गया तो भरे मंच से उन्होंने पाकिस्तान को चेता दिया था, 'अगर पाकिस्तान कश्मीर का सवाल उठाएगा तो भारत जवाबी रूप से सिंध के आत्मनिर्णय का सवाल उठाएगा।'

इस वाकये का जिक्र इसलिए हो रहा है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक चौबीस साल बाद सार्वजनिक मंच से कहा है कि भविष्य में सिंध भारत का हिस्सा हो सकता है। भारत की सीमाओं के बदलने की उम्मीद तो देश का एक तबका काफी अरसे से कर रहा है। लेकिन उसका ध्यान सिंध की बजाय बलूचिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर ज्यादा रहा है। सिंध का सवाल अपेक्षाकृत कम चर्चित और कम ध्यातव्य रहा है। लेकिन यह बात चूंकि देश के रक्षा मंत्री ने कही है तो यह मामला गंभीर हो जाता है। हो सकता है कि यह राजनाथ सिंह का निजी विचार हो। लेकिन वे भारत की आधिकारिक शासक मोदी कैबिनेट के दूसरे नंबर के व्यक्ति हैं। इसलिए उनके शब्द कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं और उन शब्दों का प्रभाव राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पड़ने स्वाभाविक है। बंटवारे से पहले सिंध की ज्यादातर आबादी हिंदू थी। प्रचलित शब्दों में वहां के लोगों को सिंधी कहा जाता है। सिंध के बंटवारे को यहां के हिंदू समाज ने ना तो व्यवहारिक माना, और ना ही उचित। आज यह पाकिस्तान का तीसरा बड़ा प्रांत है, जिसका क्षेत्रफल एक लाख 40 हजार 914 वर्ग किलोमीटर है। गुजरात के कच्छ का रण और राजस्थान का थार रेगिस्तान इसके पूर्व में स्थित है, जबकि दक्षिण में इसका पांव अरब सागर पखार रहा है। अरब सागर के ही किनारे स्थित कराची पाकिस्तान का आर्थिक केंद्र है, जैसे भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई है। दुनिया के चाहे जिस भी हिस्से में हिंदू समाज रहता है, अपने धार्मिक और संस्कार वाले कामों, पूजा-अर्चना आदि में सबसे पहले खुद को एक मंत्र से पवित्र करता है और अर्चना में जिस जल का उपयोग करता है, उसे वह एक मंत्र के जरिए पवित्र करता है। वह मंत्र है, गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु। जिसका अभिप्राय है कि गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु और कावेरी के जले से यह अर्चन कार्य करता हूं। इस मंत्र से स्पष्ट है कि भारतीय मनीषा और संस्कृति के लिए सदियों से गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती , नर्मदा, सिंधु और कावेरी नदियों को पवित्रतम नदियां रही हैं। उनका जल हमारी सभ्यता का वाहक रहा है, उनके जरिए हमारी संस्कृति और सभ्यता का विकास हुआ है। भारत की सप्त पवित्र नदियों में से एक सिंधु इसी सिंध प्रांत से होकर गुजरती है। इस लिहाज से देखें तो भारत भूमि के लिए सिंध का महत्व समझ में आता है। लालकृष्ण आडवाणी भी सिंध के वासी रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि उनकी पीढ़ी के सिंध के लोग भारत के विभाजन को स्वीकार नहीं कर पाए। राजनाथ सिंह ने अपने व्याख्यान में इस लेख का भी जिक्र किया है। आडवाणी अपने राजनीतिक उत्कर्ष के दिनों में सिंधु दर्शन यात्रा नाम से आयोजन करते रहे हैं। जिसका मकसद सिंधु के जरिए सिंध की माटी से बिछड़कर भारत आ गए लोगों को जोड़ना और उनकी स्मृतियों को जिंदा रखना रहा। ब्रिटिश संसद द्वारा पारित कानून के तहत भारत विभाजन की योजना लार्ड माउंटबेटन ने बनाई। उन्होंने इसका जिम्मा कानून के जानकार सिरिल रेडक्लिफ को दिया। रेडक्लिफ को भूगोल और संस्कृति की जानकारी नहीं थी। विभाजन करते वक्त उन्होंने भारतीय वास्तविकताओं का ध्यान नहीं रखा। संस्कृतियों की भी समझ नहीं थी। इसका असर विभाजन पर भी दिखा। रेडक्लिफ रेखा एक तरह से उनकी मूर्खताओं का प्रतीक बन गई। उनकी संस्कृतिहीन सोच की वजह से भारत को विभाजन के वक्त भयानक विभीषिका को झेलना पड़ा। कई जगह पर विभाजन अगर कृत्रिम लगता है तो उसकी वजह रेडक्लिफ की संस्कृति, भूगोल और जमीनी हालात की नासमझी है।

इसी वजह से सिंध से भी भारत में विलय के लिए क्षीण ही सही, आवाजें उठती रहीं है। भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों को भी सम्मान नहीं मिला. उन्हें बिहारी और मुहाजिर कहा जाता रहा। एक दौर में सिंध में मुहाजिर कौमी मूवमेंट चलता रहा, जिसके प्रमुख अल्ताफ हुसैन रहे। हालांकि उनके आंदोलन का मकसद पाकिस्तान में भारत से गए उर्दू भाषी मुसलमानों के अधिकारो की रक्षा रहा। लेकिन पाकिस्तान सरकार उसे भारत समर्थक और विभाजनकारी मानती रही।

बाल्टिस्तान, बलूचिस्तान और पाकिस्तान के अधिकार वाले कश्मीर से तो भारत के साथ जुड़ने की मांग उठती रही है। हाल के दिनों में इस मांग ने तेजी पकड़ी है। वहां से आने वाले वीडियो में 'मोदी-मोदी ' के नारे भी सुनाई देने लगे हैं। हालांकि सिंध प्रांत से ऐसी आवाजें कम उठती रहीं। यहां याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान के एक प्रमुख राजनीतिक दल 'पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी' का सबसे ज्यादा असर सिंध प्रांत में ही है। जिसकी प्रमुख एक दौर में बेनजीर भुट्टो रही हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भुट्टो परिवार की जागीर मानी जाती है।

इन संदर्भों में देखें तो राजनाथ सिंह के बयान इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि सिंध में विभाजन को लेकर मांग बढ़ रही है। पाकिस्तान की बदहाली, उर्दू भाषी मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे के व्यवहार की वजह से सिंध प्रांत में रह से मुहाजिर लोगों में भी भारत के प्रति अनुराग बढ़ रहा है। बेशक भारत से सीधी जुड़ी रही पीढ़ी अब नहीं रही, लेकिन उसने अपना दर्द, अपने सुहाने सपने और गौरवशाली अतीत को नई पीढ़ी के साथ साझा किया है। नई पीढ़ी के पास सूचना तकनीक है, सूचना के तमाम साधन है। इसलिए वह देख पा रही है कि सीमा के उस पार की हालत कैसी है। उसके लिए भारत का नजारा दर्द और क्षोभ का कारण बन जाता है। क्योंकि आजादी के पहले संयुक्त भारत में सिंध की गिनती समृद्ध राज्यों में होती थी। सिंध कभी हिंदू बहुल राज्य था। कराची शहर हिंदू प्रधान था। पाकिस्तान की जनसंख्या में सिर्फ 2.17 फीसद हिंदू हैं। जो करीब 52 लाख हैं। इनमें से करीब 49 लाख सिंध में ही रहते हैं। 2023 की जनगणना से अनुसार सिंध की आबादी करीब 5.57 करोड़ है। इस लिहाज से देखें तो यहां की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी करीब 8.8 प्रतिशत है। ग्रामीण आबादी में करीब 13.3 प्रतिशत हिंदू हैं. ये लोग ज्यादातर सिंध के थारपारकर और उमरकोट जिले में रहते हैं। विभाजन से पहले सिंध के कई जिलों में हिंदुओं की आबादी करीब 90 फीसद थी। 1941 की जनगणना के अनुसार, कराची में ही हिंदुओं की बड़ी संख्या में हिंदू आबादी थी। इसके अलावा शिकारपुर, खैरपुर, लरकाना, सुक्कुर में भारी संख्या में हिंदू रहते थे। आज भी उमरकोट जिले में मुस्लिम समुदाय की तुलना में हिंदुओं की संख्या ज्यादा है। इसकी दूरी भारतीय सीमा से सिर्फ 60 किलोमीटर है। कह सकते हैं कि राजनाथ सिंह के बयान ने वहां के हिंदू समुदाय के लोगों की उम्मीदें जगा दी होंगी। उन्हें लगता होगा कि एक न दिन वे भारत का उसी तरह हिस्सा होंगे, जैसे उनके पुरखे विभाजन के पहले थे। इस बयान ने एक अतीत और इतिहास की धारणा को जिंदा तो कर दिया है, एक भूगोल की उम्मीदें भी जगा दी हैं। एक भूगोल कब हकीकत बन पाएगा, यह कहना फिलहाल मुश्किल है।

साहित्य




## कुर्सी होगी सुलभ...!

**संजय एम तराणेकर**

मल्लिकार्जुन ने नेताओं को
दिल्ली किया तलब,
अब मुख्यमंत्री की कुर्सी
किसी को होगी सुलभ।
कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन
को लेकर उठी लहर,
अटकलों ने सियासी उथल-पुथल पे
ढाया कहर।

डीके-सिद्धा समर्थक कर
रहें शक्ति-प्रदर्शन शुरू,
राहुल बाबा बहुत सयाने है
इन सब के वो है गुरु।
अब सोनिया-प्रियंका सोचते
रहते हैं मैं क्या करूं,
फूटे किस पर ठीकरा मैं हाथ
कहां-कहां पर धरु।

पावर-शेयरिंग फार्मूले ने
बढ़ाई सबकी मुसीबत,
यूं नेताओं को सामंजस्य
बैठाने में होगी दिक्कत।
पद की रेस में परमेश्वरा
ने भी ठोक दिया है दावा,
एक-दूसरे पर शब्दबाण चलाकर
हो रहा छलावा।



# राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : लौकिक और अलौकिक लक्ष्य प्राप्ति का अद्भुत संदेश

*रमेश शर्मा*

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आरंभ हो गया है। इस वर्ष एक दिसम्बर को दुनियाँ के चालीस देशों में गीता जयंती का मुख्य आयोजन होगा। श्रीमद्भगवत गीता कालजयी है और इतना व्यापक भी कि आधुनिक विज्ञान से जीवन की हर समस्या के समाधान सूत्र हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच का संवाद है जो महाभारत युद्ध आरंभ होने के कुछ क्षण पहले हुआ था। वह स्थल कुरुक्षेत्र था। कुरुक्षेत्र अब हरियाणा प्रदेश में है। इस संवाद की तिथि मार्गशीर्ष माह शुक्लपक्ष की एकादशी थी। इस वर्ष यह तिथि 30 नवंबर को रात्रि 9 बजकर 29 मिनट से आरंभ हो रही है और एक दिसंबर को शाम सात बजकर एक मिनट तक रहेगी। इसलिए गीता जयंती 01 दिसंबर को है। इस वर्ष गीता जयंती महोत्सव दुनियाँ के चालीस देशों में होगा। इसका समन्वय भारत सरकार का विदेश विभाग कर रहा है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार इसवर्ष श्रीमद्भगवतगीता की 5154 वीं जयंती है। यद्यपि तिथि को लेकर कुछ विद्वानों में मतभेद हैं। लेकिन फिर भी समुद्र में द्वारिका की खोज और कुरुक्षेत्र के उत्खनन में प्रमाणों से महाभारत की घटना ईसा से लगभग 3100 वर्ष पूर्व माना गया है। इसके अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद्भगवतगीता का संदेश कम सेकम पाँच हजार वर्ष पहले तो दिया था। श्रीमद्भगवत गीता में कुल सात सौ श्लोक हैं। इनमें इनमें राजा धृतराष्ट्र द्वारा पूछा गया प्रश्न एक श्लोक, संजय द्वारा उवाच के बयालीस श्लोक, अर्जुन उवाच चौरासी श्लोक तथा पाँच सौ तिहत्तर श्लोक भगवान श्रीकृष्ण उवाच हैं। इन सात श्लोकों को उनके संदर्भ के अनुरूप अठारह अध्याय में विभाजित किया गया है। हर अध्याय का विषय विशिष्ट है। जिन्हें योग नाम दिया गया है। अर्जुन के मन में उत्पन्न विषाद से प्रश्न उपजे थे। इसलिये पहले अध्याय को विषाद योग नाम दिया गया है। इसके बाद क्रमशः साङ्ख्ययोग, कर्मयोग, कर्म ज्ञानयोग, कर्म संन्यासियोग, आत्मसंयमयोग अर्थात ध्यानयोग, ज्ञान विज्ञानयोग, अक्षर ब्रह्मयोग, राजगुह्ययोग, विभूतियोग, विश्वरूप विराट योग, भक्तियोग, क्षेत्र क्षेत्रज्ञ विभागयोग, गुणत्रय विभागयोग, पुरुषोत्तमयोग, दैवासुर समद्विभागयोग, श्रद्धात्रय विभागयोग और मोक्ष संन्यासयोग के अंतर्गत प्रत्येक विन्दु के विश्लेषण सूत्र हैं। श्रीमद्भगवतगीता कालजयी ग्रंथ है। इसमें हर जिज्ञासा के समाधान सूत्र हैं। समय के साथ चुनौतियाँ बदलती हैं, समस्याओं का स्वरूप बदलता है। जिनका समाधान भी बदलते समय के अनुरूप होना चाहिए। तभी जीवन सार्थक होगा। जीवन की सार्थकता और सफलता व्यक्तित्व निर्माण में है। व्यक्ति ही परिवार, समाज, राष्ट्र और संसार की नींव में होता है। यदि व्यक्ति के चरित्र में आदर्श है, सत्य है, पराक्रम है, पुरुषार्थ है, प्रज्ञा है, दृढ़ता है, समयानुरूप चिंतन धारा है, संकल्पशीलता है तो वह सदैव लोक कल्याण के मार्ग पर चलेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने इन सभी गुणों के साथ आदर्श जीवनशैली पर जोर दिया है। यदि व्यक्ति का चिंतन संकुचित नहीं है, उसका चरित्र आदर्श है, तो वयक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति कोई रोक नहीं पायेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने इन गुणों के साथ व्यक्तित्व निर्माण के लिये आचरण पर भी जोर दिया है। व्यक्ति का आचरण ऐसा होना चाहिए कि वह स्वयं भी प्रतिष्ठित हो और अन्य लोग भी उसका अनुसरण करें। यह संतुलित जीवन शैली और विचारों के समन्वय, राग द्वेष से परे होना चाहिए। विपरीत परिस्थितियों में भी संतुलित रहे। श्रीमद्भगवद्गीता की एक और विशेषता है। इसमें यदि दृश्यमान शरीर और संसार की समृद्धि के सूत्र हैं तो अदृष्यमान गुणों से लेकर अंतरिक्ष की अनंत ऊर्जा से समन्वय बनाने के सूत्र भी हैं। जिन्हें हम मन की उड़ान, विवेक, चित्त, वृत्ति, स्वभाव से लेकर धरती, आकाश, जल, अग्नि और वायु की केन्द्रीभूत चेतना अर्थात ऊर्जा तक के समन्वय के सूत्र हैं। श्रीमद्भगवद्गीता समस्या से पलायन का नहीं रुककर जूझने का संदेश देती है। अर्जुन तो संन्यास लेना चाहता था, भगवत् भक्ति के लिये युद्धक्षेत्र से जाना चाहता था। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने रोका। समस्या देखकर घबराना अथवा पलायन करने से समाधान नहीं होता। समस्या से भागना जीवन की अवनति है। इसलिये संकल्प के साथ समस्या का निराकरण करना आवश्यक है। लेकिन उसके लिये पहले समस्या को समझना भी आवश्यक है। पहले समझना फिर पूरी एकाग्रता के साथ समाधान केलिये आगे बढ़ने में ही जीवन ही उनन्ति है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रत्येक वाक्य में यही संदेश है। इसमें वर्णित समाधान के सूत्र कालचक्र से परे हैं। सामान्य जीवन के कर्म-कर्तव्य से लेकर परिश्रम, पुरुषार्थ, प्रकृति के रहस्य, आत्मा का अस्तित्व, ब्रह्म के द्वैत और अद्वैत स्वरूप तक सभी जिज्ञासाओं का समाधान श्रीमद्भगवत गीता में है। लक्ष्य प्राप्ति और समस्या निदान के लिये इसमें वर्णित सूत्र प्रत्येक कालखंड में सामयिक हैं।

संसार के अधिकांश देशों ने गीता का अपनी भाषा में अनुवाद किया है। अंग्रेजी, जर्मन और फ्रेंच ही नहीं, अरबी, फारसी और उर्दू भाषा में भी गीता के अनुवाद हुये हैं। अमेरिका और ब्रिटेन के कुछ विश्वविद्यालयों मे गीता पाठ्यक्रम में शामिल है। भारत में भी गीता के जितने भाष्य तैयार हुये उतने किसी अन्य ग्रंथ के नहीं। ये भाष्य हर कालखंड में प्रत्येक विचार समूह के मनीषियों ने किये। उनमें आध्यात्मिक, साहित्यक, समाज सुधारक, राजनेता आदि सभी वर्ग समूह के सुधिजन हैं। सबका अपना दृष्टिकोण है। पूज्य आदि शंकराचार्यजी के भाष्य में निर्गुण और अद्वैत के दर्शन होते हैं तो रामानुजाचार्य जी के भाष्य में सगुन भक्ति के। ज्ञान और कर्म को समझाने वाला ओशो का भाष्य है। राजनेताओं में गाँधीजी और लोकमान्य तिलक और समाज सुधारक बिनोबाजी ने भी गीता के ज्ञान को अपने ढंग प्रस्तुत किया है। इन मनीषियों ने केवल गीता का भाष्य ही तैयार नहीं किया अपितु इनके व्यक्तित्व और कार्यशैली में गीता के उस संदेश की झलक भी मिलती है जो इन्होंने अपने अपने भाष्य में दिया है। पूज्य आदिशंकराचार्य जी द्वारा सनातन धर्म की पताका को पुनर्प्रतिठित करने में, रामानुजाचार्य जी द्वारा दासत्व के घोर अंधकार के बीच भक्ति मार्ग द्वारा सनातन ज्योति जलाये रखने में, गाँधीजी एवं लोकमान्य तिलक ने स्वाधीनता संग्राम में नयी दिशा सुनिश्चित करने में और बिनोवाजी के भूदान आँदोलन की संकल्पशीलता में स्पष्ट झलकती है। संविधान की मूलप्रति के चौथे भाग में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को श्रीमद्भगवत गीता का संदेश देते हुये चित्र भी उकेरा गया है। संविधान के इस भाग में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत का उल्लेख है। संभवतः संविधान निर्माताओं का उद्देश्य नीति नियमों के पालन में निरपेक्षता भाव लाना रहा होगा। इसलिए उन्होंने इस भाग के लिये इस चित्र को उकेरने का निर्णय लिया होगा। श्रीमद्भगवद्गीता में व्यक्तित्व, समाज राष्ट्र और संसार को सुखी बनाने के सूत्र भी हैं और यह भारत में सबसे अधिक बिकने वाला और बाँटा जाने वाला ग्रंथ है। इसकी मान्यता न्यायालय में भी है और संविधान में भी। संविधान में मान्यता है तभी तो गीता का उपदेश करते हुये चित्र उकेरा गया है। लेकिन सबसे कम पढ़ा जाना वाला और सबसे कम समझा जाने वाला ग्रंथ भी गीता है। जो समाज श्रीमद्भगवतगीता पर हाथ रखकर सौगंध खाता है, अपने प्रियजनों की स्मृति में गीता का वितरण करता है वह यदि पढ़कर गीता समझता तो उसके सामने वह समस्याएँ नहीं होतीं जो आज देश में दिखाई दे रहीं हैं। लेकिन अब भारत सरकार रूचि ले रही है। गीता महोत्सव का स्वरूप अंतरराष्ट्रीय हो गया है। इसका शुभारंभ करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र गये थे। इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय समाज जीवन में गीता को समझने और उसके अनुरूप आचरण करने का भाव प्रबल होगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मोबाइल फोन से जाति सूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।कस्बे के वार्ड संख्या 15 संत कबीर नगर निवासी ओम शरन सोनकर ने बताया कि उसके पड़ोस में ललपुरा थाना क्षेत्र के परसनी गांव का निवासी आमिर किराए का कमरा लेकर रहता है। वह आए दिन मोबाइल फोन से मुझे तथा मेरे रिश्तेदारों को जाति सूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने युवक के खिलाफ दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुत्री के अपहरण का मुकदमा पड़ोसी जनपद के युवक पर दर्ज कराया है एक गांव निवासी पिता ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मेरी पुत्री को गत 27 नवंबर की रात 8:00 बजे बांदा जनपद जसपुरा थाना क्षेत्र के काना खेड़ा गांव निवासी पवन सिंह चार पहिया वाहन से अपहरण करके दबंगी के साथ ले गया है। इस घटना को गांव के कई लोगों ने देखा है। पुलिस ने पवन सिंह के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

### श्री गायत्री महायज्ञ में आये सन्तों को ओढ़ाए कंबल



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** श्री गायत्री महायज्ञ में आए सन्तों को शनिवार की रात को भाजपा नेता अमित कुमार सोनू ने कंबल ओढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया इन्होंने बताया कि महायज्ञ में दूर–दूर से सैकड़ों विरक्त संत हर साल आते हैं। न्यूनतम जरूरतों के साथ जीवन जीने वाले ये संत धूनी रमाकर जप एवं साधना में लगे हैं। खुले आसमान के नीचे ही रात गुजारने वाले इन्हीं संतों को कंबल ओढ़ाया गया है। इस दौरान उमेश शिवहरे, कृष्णकुमार गुप्ता, रावेन्द्र शिवहरे, रिज़वान हाशमी, प्रिंस यादव, विकास गुप्ता, लक्ष्य गुप्ता, कबीर कुमार, मिरय कुमार मौजूद रहे।

### ईश्वर के आशीर्वाद से मृत्यु के भय से मिलती है मुक्तिः दुर्गा प्रसाद



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** तुलसीदास, मीरा,सूरदास की रचनाएं अद्भुत है। उनकी रचनाओं ने मनुष्य को सद्मार्ग पर चलने की राह बताई है। उक्त उद्गार श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर सर्व विद्यमान है। कथा व्यास ने भक्त प्रहलाद का सुंदर वृतांत सुनाते हुए कहा कि उन्होंने असुर कुल में जन्म लेकर भी ईश्वर का साक्षात दर्शन आशीर्वाद अपनी भक्ति के बल पर प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि बड़े-बड़े साधु संतों, ऋषियों मुनियों को जीवन पर्यंत तपस्या के उपरांत ईश्वर के साक्षात दर्शन नहीं प्राप्त होते हैं। वहीं भक्त प्रहलाद ने बाल्य काल में ही ईश्वर के दर्शन पाकर जीवन को धन्य बना लिया। उन्होंने सनकादि आदि की कथा सुनाते हुए कहा की मृत्यु का भय सभी जीवात्मा को होता है। लेकिन ईश्वर का आशीर्वाद पाकर मृत्यु के भय से मुक्त हुआ जा सकता है। इसके पश्चात उन्होंने कृष्ण जन्म का सुंदर वृतांत सुनाया। जिस पर पूरा पंडाल कृष्णमय हो गया। सोहर गीत गाकर महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर कान्हा के जन्म को धूमधाम से मनाया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे। पूरा पंडाल नन्द के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

### डामर गांव में नमामि गंगे द्वारा डाली गयी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, आने-जाने वालों को हो रही दिक्कत



**कुरारा, हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में नमामि गंगे योजना से डाली गई पाइप लाइन क्षति ग्रस्त हो जाने से गांव से आवागमन के मुख्य रास्ते में पानी भर रहा है। जिससे रास्ता खराब हो रहा है। लोगों को रास्ते से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र के डामर गांव में गांव के अंदर जाने वाले रास्ते में चार रास्ता पर नमामि गंगे योजना की पाइप लाइन क्षति ग्रस्त हो गई है। जिससे सप्लाई के दौरान पानी बहकर रास्ते में भर रहा है। गांव निवासी वीर सिंह, चंद्रभान, रामकुमार, होरीलाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि नमामि गंगे की पाइप लाइन श्रीचंद के दरवाजे, रामसनेही के दरवाजे, रामकुमार के दरवाजे, छोटे के घर के सामने क्षति ग्रस्त हो गई है। जिससे सप्लाई के दौरान हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है तथा गांव से आने जाने का मुख्य रास्ता खराब हो रहा है तथा लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों। द्वारा कर्मचारियों से की गई है। लेकिन लापरवाही के चलते इस पाइप लाइन को एक माह से ठीक नहीं किया जा रहा है। जिससे पक्की सड़क बर्बाद हो रही है तथा सड़क में गड्ढे हो जाने से वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस क्षति ग्रस्त पाइप लाइन को ठीक कराए जाने की मांग की है।

### पहाड़ पर खनन के दौरान ऊंचाई से गिरकर श्रमिक की मौत

**कबरई/महोबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मकरबई स्थित एट्जेड पहाड़ में खनन कार्य करते समय ऊंचाई से गिरकर घायल हुए मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। श्रमिक की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिलवाही निवासी रामकुमार कुशवाहा का 35 वर्षीय पुत्र महेश कुशवाहा मकरबई गांव स्थित पहाड़ में खनन कार्य कर रहा था तभी ऊंचाई से गिरकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। श्रमिक की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाई शुरू कर दी है।

### सीओ ने समीक्षा बैठक कर विवेचना निस्तारण व कानून-व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश



**अजनर/महोबा।** क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौंड द्वारा थाना अजनर में नियुक्त विवेचकों के साथ लंबित विवेचनाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अर्दली रूम आयोजित किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रत्येक विवेचक से लंबित विवेचनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तथा समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। आईजीआरएस, सीबीआर एवं डीबीआर प्रविष्टियों के समय से निस्तारण हेतु निर्देश। शस्त्र लाइसेंस सत्यापन, नवीनीकरण एवं निरस्तीकरण से संबंधित कार्यवाहियों में तेजी लाने के निर्देश। गुमशुदा एवं बरामदगी से संबंधित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर प्रभावी कार्यवाई हेतु आदेश। निरोधात्मक कार्यवाही के अंतर्गत कार्यवाई में सक्रियता बनाए रखने तथा स्थानीय गुंडा,अपराधियों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश। थाना क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त एवं वाहन चेकिंग को निरंतर जारी रखने तथा अपराध नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सघनता बढ़ाने के निर्देश। क्षेत्राधिकारी द्वारा सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विवेचना को विवेकपूर्ण, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समयसीमा में निस्तारित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

### पुलिस सेवा में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मी को एसपी ने दी भावुक विदाई



**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी की यादगार विदाई हेतु पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले उपनिरीक्षक घनश्याम को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी। विदाई समारोह के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सिंह, प्रभारी यातायात सुनील कुमार तथा जनपदीय पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवं अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मियों सहित उनके परिवारीजन उपस्थित रहे और सभी के द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह संपन्न

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन नगर से तीन किलोमीटर दूर मदारपुर गांव में शहीद अब्दुल हमीद शादी समारोह समिति के तत्वाधान में रविवार के दिन आयोजित किया गया। यहां सामूहिक रूप से 19 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा और अग्नि को साक्षी मानते हुए वैवाहिक जीवन के लिए सात फेरे लिए। वही मुस्लिम जोड़ो को मौलवी ने निकाह पढा कर एक दूजे के साथ रहने की कसम खिलाई द्यमुख्य अतिथि रजा मोहम्मद श्रीनाथ एवं बुंदेलखंड इंसाफ सेना के अध्यक्ष विनय तिवारी व समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी




जोड़ों को खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया। दूर दराज से आये जोड़ो में 11हिन्दू व आठ मुस्लिम कन्याओं के एक साथ 19 दूल्हों की बारात बैंडबाजों के साथ निकली। आयोजन स्थल पर बेटियों के परिजन एवं मेहमानों ने उनकी जोरदार आगवानी की। इसके बाद विवाह की रस्में शुरू हुई। बारातियों की आवभगत और विवाह कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी एवं सेवादार पूरे मनोयोग से जुटे रहे। विवाह स्थल पर वरमाला से लेकर फेरों तक पंडाल मंगल गीतों से गुंजायमान रहा।

19जोड़ों ने स्टेज पर कतार में आकर मंत्रोच्चार के साथ एक साथ वरमाला पहनाई, फिर मंडप में सभी जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लिए। हर वेदी पर अलग पंडित और कन्यादान करने वाले परिजन साथ मौलवी भी मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष हामिद शाह कादरी, उपाध्यक्ष बदरुद्दीन ने दहेज का सामान कूलर फ्रिज वाशिंग मशीन आदि देकर हंसी खुशी कन्याओं को विदा किया इस कार्यक्रम के सहयोगी रामबाबू यादव, सौरभ तिवारी, कलन्दर निजामी, जफर अंसारी, ओम प्रकाश सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## हरियाणा में आयोजित सेमिनार में पंधरी की खुशबू को मिला प्रथम स्थान




**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत पंधरी की एक होनहार बेटी ने हरियाणा में आयोजित टोयोटा बोशोकु डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित सेमिनार में प्रथम स्थान प्राप्त करके घर परिवार के साथ प्रांत एवं जिले का नाम रोशन किया है शनिवार को हरियाणा के बावल में टोयोटा बोशोकु डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने क्वालिटी सर्कल पर सेमिनार का आयोजन किया था। इसमें पंधरी की जुग्गीलाल गुप्ता की पुत्री खुशबू गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त करके घर परिवार के साथ प्रांत एवं जिले का नाम रोशन किया है। बिटिया की इस सफलता पर पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। परिवार में हर्ष का माहौल है। पंधरी के पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ़ बाले गुप्ता, नीना गुप्ता, मैकुलाल गुप्ता, अंकित गुप्ता आदि ग्रामीणों ने इस सफलता पर हर्ष जताते हुए बिटिया को बधाई दी है।

## रविवार को तपोभूमि मेले में उमड़ी भीड़



**भरुआ सुमेरपुर।** रविवार को श्री गायत्री महायज्ञ 68वीं वर्षगांठ पर आयोजित मेले में रविवार को कस्बा वासियों की जमकर भीड़ उमड़ी। वहीं यज्ञवेदी में सातवें दिन 65 कर्मकांडी ब्राह्मण 24 लाख श्री गायत्री मंत्र का जाप करके सुख शांति कामना कर रहे हैं। मेले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा की कमान थानाध्यक्ष ने स्वतः संभाल रखी है। श्री गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ में रविवार को तपोभूमि में लगे मेले में कस्बावासियों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं बच्चों ने झूले चर्खी का जमकर लुफ्त उठाया और घर गृहस्थी के सामानों की खरीदारी की। वही यज्ञवेदी में यज्ञाचार्य माधवानारायण शास्त्री एवं यज्ञ के ब्रह्मा बलदेव प्रसाद शास्त्री के नेतृत्व में 65 कर्मकांडी ब्राह्मण 24 लाख गायत्री महामंत्र का जाप करके क्षेत्र की सुख शांति की कामना कर रहे हैं। इस वर्ष मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हाईवे से लेकर तपोभूमि के कोने कोने में तीन दर्जन पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के कमान थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने स्वतः संभाल रखी है।

# किन्नरों के मध्य नेग मांगने का विवाद खूनी संघर्ष में बदला, एक गुट के दो घायल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- रविवार को तड़के बस स्टैंड के पास हुई घटना दोनों गुटों ने दी तहरीर पुलिस जांच में जुटी

नेग लेने का किन्नरों का विवाद रविवार को तड़के खूनी संघर्ष में बदल गया। एक गुट के मजीरा वादक एवं वाहन चालक को दूसरे गुट के साथ आए युवकों ने धारदार हथियारों एवं लाठी डंडों से पीट कर लहुलुहान कर दिया। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों गुटों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। किन्नरों के झगड़े की शुरुआत 27 नवंबर को हुई थी। इसके बाद 29 नवंबर को सुबह 6:00 बजे टेढ़ा गांव में भी दोनों गुटों के बीच वाद विवाद हुआ था। एक गुट ने इसकी शिकायत गांव से लौटकर पुलिस को दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इससे दूसरे गुट के हौसले बुलंद हैं। कस्बे के देवगांव मार्ग में रहने वाले किन्नर अंजना ने बताया कि वह पिछले एक दशक से कस्बे के किन्नर गुरु अफसाना के पास रहकर नेग आदि लेने का कार्य करती थी। पिछले एक वर्ष से वह बाहर थी। अब वह वापस कस्बे में आ गई है और अलग रहकर नेग मांगने का कार्य करती है। गत 29 नवंबर को सुबह 6:00 बजे वह टेढ़ा की एक गेस्ट हाउस में नेग लेने के लिए अपने साथियों के साथ गई थी। तब अफसाना गुट के



किन्नर ने उसके साथ गाली गलौज करके मारपीट की थी। इसकी शिकायत उसने लौटकर थाने में की थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। इससे दूसरे गुट के किन्नरों के हौसले बुलंद हो गए है और रविवार को तड़के जब वह मंजीरा वादक शिवपूजन, वाहन चालक हरिपूजन के साथ कस्बे के बस स्टैंड के समीप गेस्ट हाउस में नेग लेने पहुंची। उसी समय दूसरे गुट की काजल उर्फ संजय निवासी बिलगांव बांदा अपने साथी पप्पू, अभय, फहीम एवं 20 अज्ञात युवकों के साथ हमला बोल दिया। सभी लोग चाकू, लाठी डंडे से लैस थे। सभी ने गाली गलौज करके चाकू एवं लाठी डंडों से मारकर लहूलुहान कर दिया। इस मारपीट में वाहन चालक हरीपूजन, मंजीरा वादक शिवपूजन के साथ उसे गंभीर चोटे आई है। हरिपूजन एवं शिवपूजन को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। इसके बाद उसमें थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। मामले की जांच कर कार्यवाही करेंगे।

# इंचौली मढ़ली माई मंदिर के प्रांगण में शतचंडी महायज्ञ हुआ आयोजित

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के ग्राम इचौली स्थित मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में शतचंडी महा यज्ञ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास पण्डित यतेन्द्र पाठक ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है।कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। कथा व्यास ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति किया। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया।



भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। यज्ञाचार्य, पंडित अमित मिश्रा,, यज्ञ के ब्रह्मा पंडित शोभित तिवारी, पत्राचार पंडित अजय तिवारी पंडित प्रसू तिवारी पंडित विजय द्विवेदी, राजा रानी पंडित लल्लन तिवारी, भागवत परीक्षित विनोद ऋषिराज सिंह, विपिन पांडे, ऋषि तिवार, फूलचंद तिवारी, दीपू निषाद, चन्ना सिंह, गंगादीन वर्मा, प्रधान इचौली रामविलास गुप्ता, अरुण गुप्ता, प्रताप सिंह रघुवंशी, इचौली अमित तिवारी, प्रेमचंद शिवहरे इत्यादि श्रोता ने भागवत कथा श्रवण किया।

# पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं



बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक हार्दिक सिंह मय हमराह कांस्टेबल इन्द्रपाल चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त देवपाल पुत्र आशाराम राजपूत निवासी ग्राम नकरा थाना पनवाड़ी को संबन्धित मुकदमा धारा 323/504/506 भादवि. में न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### विद्युत विभाग के बड़े बकायादारों को सीधा लाभ देने के लिए योजना का शुभारंभ

**कुलपहाड़ /महोबा।** अभी नहीं तो कभी नहीं के तर्ज पर विद्युत विभाग बिजली बिल राहत योजना के तहत उपभोक्ताओं को 1 दिसंबर 2025 से ऐतिहासिक योजना का लाभ देने जा रही है जिसका बकायेदार लाभ उठा सकते हैं । एसडीओ प्रदीप कुमार एवं जेई गोपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि विभाग द्वारा 1 दिसंबर 2025 से अभी नहीं तो कभी नहीं की तर्ज पर बिजली बिल राहत योजना संचालित की जा रही है जिसमें उपखण्ड क्षेत्र कुलपहाड़, जैतपुर, धौरा, उपकेंद्र के उपभोक्ता ऐसे दो किलोवाट तक के घरेलू एवं 1 किलोवाट के वाणिज्यिक उपभोक्ता जिन्होंने 31 मार्च 2025 के बाद भुगतान नहीं किया, 2 किलो वाट तक के घरेलू एवं 1 किलो वाट तक के वाणिज्यिक संयोजनों के मूल बकाये में 25% एवं ब्याज में 100% तक की छूट पा सकते हैं उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के विद्युत चोरी के जुर्माने में 50% तक की छूट पाकर कोर्ट कचहरी से छुटकारा पा सकते हैं । बकायदारों को मासिक बिल के साथ आसान किस्त 750 रुपए एवं 500 रूपये प्रतिमाह जमा करने की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । इस योजना का लाभ उठाने के लिए विद्युत कार्यालय, जन सुविधा केंद्र, मीटर रीडर तथा 1912 पर कॉल से संपर्क कर लाभ उठा सकते हैं, पंजीकरण धनराशि 2000 रूपये निर्धारित है यह योजना तीन चरण में संचालित कर एक मुश्त भुगतान करने पर मूल बकाया में छूट दी जाएगी।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा करने के मामले में वांछित महिला गिरफ्तार

**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित निरीक्षक बलवान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित फर्जीवाड़े के मामले में थाना पनवाड़ी पर पंजीकृत मुकदमा धारा 318(4)/338/336(3) बीएनएस से संबंधित वाँछित अभियुक्ता अर्चना पत्नी अर्जुन सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम फदना थाना पनवाड़ी को ग्राम



फंदना के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता द्वारा योजना के तहत अन्य अभियुक्तगण के साथ मिलकर सरकारी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर कूटरचित दस्तावेज लगाकर अनुचित बीमा कराया गया था। अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

## मित्र की बरात में जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

- बाइक सवार दो अन्य घायलों को मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राजमार्ग में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि अन्य दो सवार घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। पनवाड़ी थाना के रिछा गांव निवासी 25 वर्षीय मुन्ना कुशवाहा उर्फ हिरदेश अपने दोस्त की बरात में शामिल होने के लिए मकरबई गांव जा रहा था। बाइक में 20 वर्षीय मान सिंह कुशवाहा और 18 वर्षीय दीपू थे। कानपुर सागर राजमार्ग में किड़ारी फाटक के पास बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक रफूचक्कर हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मुन्ना को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल दीपू और मानसिंह को मेडिकल कॉलेज केलिए रेफर किया गया है।

### राजमार्ग में लगा भीषण जाम बराती फंसे

**महोबा।** इन दिनों सहालग को लेकर राजमार्ग में जाम की समस्या आम हो गई है। कानपुर सागर राजमार्ग में किड़ारी फाटक सहित कबरई के बांदा तिराहा पर आए दिन जाम लगता है। शाम तो कबरई से ग्रिट लेकर जाने वाले वाहनों के बीच शादी समारोह में जा रहे वाहनों से जाम लग जाता है। शनिवार को किड़ारी फाटक में जाम लग गया। काफी देर तक जाम में बराती फंस गए।

### सड़क किनारे पटरी में फंसी कार

**महोबा।** चरखारी बाईपास में ट्यूबवेल के पास पटरी में मिट्टी न होने के कारण हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है। शनिवार को सड़क किनारे पटरी पर कार फंसने से हादसा टल गया। लोगों का कहना है कि आए दिन यहां वाहन फंस जाते है। शिकायतों के बाद भी सड़क किनारे पटरी के समतलीकरण का काम नहीं हो रहा है जिससे हादसों का खतरा मंडरा रहा है। लोगों की सुरक्षा से जुड़े मामले को गंभीरता से लेतर पटरी मरम्मत कराने की मांग उठाई है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने किया श्रीनगर थाने का निरीक्षण

- परखे अभिलेख, शस्त्रागार एवं गश्त व्यवस्था की गहन समीक्षा
- प्रभावी गश्त एवं सतत वाहन चेकिंग व सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के दिए निर्देश

**श्रीनगर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा थाना श्रीनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं महिला सुरक्षा से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं मालखाना का निरीक्षण किया गया। अभिलेखों के सुरक्षित संधारण, समयबद्ध प्रविष्टियों तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली को देखते हुए संबंधित कर्मचारियों को



आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मिशन शक्ति केंद्र पर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों की निस्तारण स्थिति का अवलोकन कर लंबित प्रकरणों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाने के शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए असलहों की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। इसके उपरांत गार्ड फाइल, रजिस्टर-08, बीट सूचना रजिस्टर, ऑर्डर बुक, मालखाना रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी सूची एवं न्यायालय संबंधी अभिलेखों का सावधानीपूर्वक अवलोकन किया गया। अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण हेतु संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया। आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभावी रात्रि गश्त, नियमित पैदल गश्त, वाहन चेकिंग एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत व सतत रूप से संचालित करने हेतु निर्देशित किया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त कर्मचारीगण को अपने कार्यों में तत्परता, पेशेवर दक्षता एवं जनसहयोग पर आधारित पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध तमंचे की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक रोशन गुप्ता चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त समीर पुत्र अनीस उम्र करीब 21 वर्ष निवासी मुहल्ला भटीपुरा को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ बिच्छू पहाड़िया मोड़ के पास कांशीराम कालोनी रोड पर



पुलिया के पास से हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। जिसके संबंध मे थाना कोतवाली नगर महोबा में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

**▸ शोधार्थियों ने रखे शोधपत्र, विशेषज्ञों ने दी सारगर्भित व्याख्यान**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज, अर्थशास्त्र विभाग–जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज, बाराबंकी एवं प्रज्ञाप्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन शोधार्थियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रारूप में अपने शोधपत्रों का वाचन किया।

**प्रथम तकनीकी सत्र : ज्ञान परंपरा और संस्कृति पर चर्चा:–** प्रथम सत्र में प्रो. साकेत कुशवाहा, कुलपति–लद्दाख विश्वविद्यालय, ने प्राचीन भारत के क्षेत्र-विस्तार, ज्ञान परंपरा और संस्कृति पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। सत्र में प्रो. मंजुला उपाध्याय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस तकनीकी सत्र का संचालन प्रो. मनीष पांडेय तथा आभार प्रदर्शन प्रो. सुनीता यादव ने किया।

**समांतर सत्र : शोध कार्यों पर विमर्श:–** समांतर सत्र का संचालन डॉ. अरविंद पांडेय तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नीलमप्रभा ने किया, जिसमें शोधार्थियों ने अपने विषयगत निष्कर्ष साझा किए।



**समापन सत्र : भारतीय ज्ञान विश्व के लिए वरदान:–** समापन सत्र में मुख्य अतिथि सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को न केवल भारत, बल्कि विश्व के लिए भी वरदान बताया। श्री रामाशीष जी, सदस्य–अखिल भारतीय टोली, प्रज्ञाप्रवाह, ने कहा कि स्वदेशी ज्ञान प्रणाली ही भारत की विविध समस्याओं का सार्थक समाधान प्रस्तुत करती है। इस सत्र में प्रतिवेदन वाचन प्रो. विजय वर्मा ने किया। श्री हरेश प्रताप सिंह, सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन द्वारा छात्र छात्राओं को प्रेरित किया।

संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. अर्चना सिंह ने सभी विद्वान अतिथियों, शोधार्थियों और सहयोगियों का आभार जताया। अंत में प्राचार्य प्रो. डॉ सीताराम सिंह ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों, व्याख्याताओं, शोधार्थियों, पत्रकार बंधुओं और सभी सहयोगियों की सराहना की।

# भाकियू ने रजबहा पर शुरू किया धरना

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) ने बाराबंकी के जैदपुर रजबहा पर रविवार सुबह 10 बजे से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।यूनियन ने सिल्ट सफाई के नाम पर मानक विहीन मिट्टी खनन और अवैध मिट्टी खनन का आरोप लगाया है। भाकियू का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियो की मिलीभगत से नीलामी प्रक्रिया में तय मात्रा से कहीं अधिक मिट्टी का खनन किया गया है।

इस अनियमितता के विरोध में किसानों ने यह कदम उठाया है।खनन के दौरान निकाली गई मिट्टी को सड़को पर फैला दिया गया है, जिससे राहगीरो को आवागमन में परेशानी हो रही है।स्कूली बच्चो की ड्रेस पर धूल जम जाती है, और आसपास की फसलों पर भी धूल की मोटी परत जमा हो गई है। इससे किसानो को फसल बर्बाद होने का खतरा सता रहा है।विभागीय अधिकारियों पर आरोप है कि वे मौके पर पहुंचने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर लीपापोती कर रहे हैं। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता (जेई) हरीश वर्मा, ने मौके पर पहुंचकर भाकियू कार्यकर्ताओं से बातचीत की,लेकिन यूनियन अपनी मांगों पर अड़ी हुई है और धरना जारी रखने का फैसला किया है।धरने में भाकियू (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा,युवा जिलाध्यक्ष राजदेव वर्मा,राकेश वर्मा, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष गुलजार हुसैन, जिला सचिव मुलायम यादव ब्लाक अध्यक्ष सिरौलीगौसपुर शिवराज रावत आकाश वर्मा, आजाद वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद हैं। स्थिति को देखते हुए जैदपुर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई की गयी। जनपद बाराबंकी में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए उ0नि0 नागरिक पुलिस कमलाकान्त मिश्रा, लीडिंग फायरमैन कुंवर बहादुर सिंह, जागेश्वर प्रसाद (चतुर्थ श्रेणी) को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार व प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार मौजूद रहें।

### ट्रैक्टर ऑटो की टक्कर में चार घायल, युवती की मौत



**अमेठी समृद्धि, न्यूज़।** मुसाफिरखाना–गौरीगंज मार्ग स्थित दखिन गांव के पास देर शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर और ऑटो की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में सवार अमन, विमला, रोशनी और भोला गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को गौरीगंज जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 19 वर्षीय रोशनी निवासी वरना की स्थिति गंभीर देखते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही रोशनी ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए औपचारिकताएं पूरी कीं। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर लगातार बढ़ते तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिस पर प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

### बस-कार भिड़ंत में कार स्वामी ने किया हंगामा, घंटों लगा जाम



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को कस्बा अमेठी स्थित बस अड्डे से निकलते समय एक सरकारी रोडवेज बस स्विफ्ट कार से हल्की टकरा गई। जिससे कार पर स्क्रैच लग गया, जिसके बाद कार मालिक ने मौके पर जमकर हंगामा काटा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार स्वामी ने कई घंटों तक विवाद खड़ा किए रखा। बस अड्डा कर्मचारियों और कुछ स्थानीय लोगों ने काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, जिसके बाद मामला शांत हो सका। जिसके चलते सड़क किनारे वाहनों के रुकने से अंबेडकर तिराहे पर लंबा जाम लग गया जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बस अड्डा कर्मचारियों का कहना है कि घटना मामूली थी, लेकिन कार मालिक के हंगामे के कारण स्थिति बिगड़ गई। मामला शांत होने के बाद ट्रैफिक धीरे–धीरे सामान्य हुआ।

### सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम तीन व पांच दिसम्बर को

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत जनपद रायबरेली में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण (मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, ब्लाइन्डस्टिक, श्रवण यंत्र (कान की मशीन) इत्यादि वितरित करने हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, (एलिम्को) कानपुर के सहयोग से परीक्षण शिविरों का आयोजन विकास खण्डवार किया गया था। एलिम्को द्वारा पंजीकृत हुए लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण 03 व 05 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे जी0आई0सी0 मैदान में आयोजित किया जाना है, जिसमें 03 दिसम्बर को विकास खण्ड बछरावां से 118, सरेनी 137, शिवगढ़ 72, हरचंदपुर से 125 लाभार्थी सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार 05 दिसम्बर को विकास खण्ड अमावां से 71 एवं छतोह से 136 लाभार्थी सम्मिलित होंगे।

### सड़क दुर्घटना में घायल छात्रा की इलाज के दौरान मौत, मचा कोहराम

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते शनिवार को बछरावां मौरावा मार्ग पर कोचिंग पढ़कर वापस अपने घर जा रही छात्रा सृष्टि पुत्री कुलदीप उम्र 17 वर्ष निवासी नीमटीकर, उक्त मार्ग पर आरडीआरके स्कूल के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया था। जहां गंभीर स्थिति में प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया था। वहीं जिला अस्पताल रायबरेली में इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां परिजनों द्वारा उसे एंबुलेंस से ले जाते समय रास्ते में मोहनलालगंज के पास उसकी मौत हो गई। तत्पश्चात परिजनों द्वारा वापस उसे मृत अवस्था मे घर लाया गया और दुर्घटना की सूचना प्रार्थना पत्र के माध्यम से स्थानीय थाने में दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही प्रचलित है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने रविवार को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व हनुमान मंदिर एव मसौली बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पर नतमस्तक होकर काफ़िले के साथ जिला मुख्यालय रवाना हुए इस दौरान जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा का जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया।

बताते चले कि गत दिनों प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची मे कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज निवासी पुराने भाजपा नेता रामसिंह वर्मा को भाजपा का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है रविवार को जिला भाजपा मुख्यालय पद भार ग्रहण करने से पूर्व भुल्लन वर्मा ने कस्बा मसौली स्थित भगवत दास हनुमान मंदिर मे दर्शन कर पुजारी रामलला से आशीर्वाद लिया तथा बाजार मे दुर्गा मंदिर मे पूजा की। ग्रह निवास से निकले भाजपा जिलाध्यक्ष का



इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यकर्ताओं के हित में काम करने का वचन दिया। श्री वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की, ताकि भाजपा को आने वाले चुनावों में और भी बड़ी सफलता मिल सके। इस मौक़े पर ब्लाक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरीकान्त दीक्षित, अनिल वर्मा, आशीष वर्मा, प्रेमनंद वर्मा, मोहित कुमार, जितेंद्र कुमार वर्मा, राजेंद्र कुमार वर्मा राज कुमार सोनी, देविशंकर सोनी मन्नू रावत आदि कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की जिला कार्यकारिणी द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भूललन वर्मा का जोरदार स्वागत किया इस दौरान शिव कैलाश सोनी प्रदेश मंत्री नीरज पांडे जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा जिला मंत्री प्रवीण कुमार सिंह कोषाध्यक्ष देशराज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार जिला मीडिया प्रभारी राम शंकर यादव कुमार यादव अंशु कश्यप अमन कश्यप सत्यप्रकाश शिवहरी वर्मा सहित शिक्षणेत्तर संघ के काफी सदस्य शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिली बाग में लाश एडिशन एसपी ने की घटनास्थल की जांच

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश मचा हड़कंप।चन्दापुर थाना क्षेत्र के बाक़ी व मोती पासी का पुरवा के बीच खेतों के लिए गए रास्ते पर पड़ने वाली बाग मे सुबह खेतों की तरफ गए ग्रामीणों को जब बाग में एक शव पड़ा और शव शव पर चोट के निशान सहित खून भी दिखाई पड़ा तो ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना परिजनों ने 112 व स्थानीय पुलिस को सूचना दी वहीं सूचना पर चन्दापुर पुलिस सहित पुलिस के आला अधिकारी एडिशन एसपी संजीव कुमार सिन्हा सीओ प्रदीप कुमार थानाध्यक्ष अरविंद सिंह फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर गहनता से निरीक्षण किया शव की पहचान दीपक गोसई पुत्र रामकेवल उम्र लगभग चालीस वर्ष निवासी तालेवंत का पुरवा मजरे ज्योना थाना चन्दापुर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया ग्रामीणों के माध्यम से सूचना मिली है और शरीर पर चोट के निशान थे अनहोनी की आशंका है। मृतक हिस्ट्री सीटर था और उस पर कई मुकदमे दर्ज थे तथा कई बार जेल जा चुका था और घर वालों से भी नहीं पटती थी व पत्नी छोड़कर चली गई थी। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया थाना चंदापुर क्षेत्र मे शव मिला है दहीने पैर हाथ व सिर पर चोट के निशान मिले हैं प्रथम दृष्ट्या यह मामला एक्सीडेंट का प्रतीत होता है शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट होंगे

# यातायात माह का हुआ समापन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन रायबरेली में यातायात माह नवंबर 2025 का समापन किया गया। यातायात माह नवंबर 2025 में जागरूकता कार्यक्रम मे सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी गणों तथा यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आयोजित यातायात संबंधी कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों को यातायात सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य धारण करें। वाहनों को



कभी भी तेज गति से न चलाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, हमेशा अपने बाएं चले, उतावलेपन से वाहन न चलाएं, चौराहा पार करते समय अपने दाहिने व बाये देखकर ही आगे बढ़े, स्टंट बाइकिंग न करें, प्रेशर हॉर्न, मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें, तथा यातायात माह नवंबर 2025 में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाहियों से भी अवगत कराया गया। इस कार्यवाही में बिना हेलमेट के 13140, सीट बेल्ट के बिना 695, दो पहिया पर तीन सवारी के 1426, नो पार्किंग में 1232, बिना बीमा के 247, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 722, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले 57,काली फिल्म के 70, हूटर का प्रयोग करने वाले 17, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 452, गलत नंबर प्लेट का प्रयोग करने वाले 1255 एवं जाति सूचक शब्दों के तहत 15 वाहनों का चालान किया गया है।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार, क्षेत्राधिकार लाइंस अनिल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात विनय कुमार तिवारी सहित अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

# रेलिंग तोड़ते हुए ओवरब्रिज से नीचे लटका अनियंत्रित टैंकर

**भदोखर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जब थाना क्षेत्र के कुचरिया के पास तेज रफ्तार टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया और रेलिंग तोड़ते हुए ओवरब्रिज से नीचे लटक गया। हादसे के बाद टैंकर करीब 30 फीट नीचे झूलता नजर आया, जिससे वहां गुजर रहे राहगीरों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टैंकर चालक को नींद की झपकी आ गई थी, जिसकी वजह से वाहन सड़क से फिसल गया। चमत्कारिक रूप से चालक बाल-बाल बच गया, लेकिन वह घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों



ने तुरंत पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। हादसे की सूचना मिलते ही भदोखर पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से टैंकर को ऊपर खींचने का प्रयास किया गया, जिससे हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा।

राहगीरों ने बताया कि टैंकर को लटका देखकर सबके होश उड़ गए थे। फिलहाल कोई बड़ा नुकसान या जनहानि नहीं हुई है।

### महिला थाना प्रभारी ने सुलझाया तीन दंपति का विवाद



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत रविवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह तथा उनकी टीम के प्रयास से तीन वैवाहिक जोड़ा एक साथ रहने को राजी हुआ। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह द्वारा पति–पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में एक दूसरे द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पति पत्नी दोनों के बीच मतभेदों से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुलझाते हुए पति–पत्नी को फिर से एक साथ दाम्पत्य जीवन में रहने के लिए समझाया गया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह के प्रयास से तीन विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया, तथा थाना प्रभारी व जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह व उनकी टीम द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# चढ़ावा नहीं तो योजना का लाभ नहीं

**▸ सहभागिता योजना का पैसा खा रहे अधिकारी व कर्मचारी**

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री गोवंश सहभागिता योजना चलाई गई है, जिसके चलते प्रदेश सरकार द्वारा छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित करने के उपरान्त उन्हें किसानों को पालने हेतु गोद दिया जाता है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य निराश्रित गोवंश को संरक्षण प्रदान करना तथा गौ पालन को बढ़ावा देना है। जिसके चलते इस योजना के तहत गौशालाओं से गोद लेने वाले किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा 50 रुपए प्रति दिन के हिसाब से संबंधित गोवंश को देखभाल करने के लिए दिया जाता है। विकास खण्ड संग्रामपुर में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसमें सहभागिता योजना का पैसा संबंधित कर्मचारी खा रहे हैं। सूत्रों द्वारा जानकारी मिली है कि उक्त विकास खण्ड में योजना से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी द्वारा लाभार्थी से सांठ गांठ बनाकर घर में पाले हुए गोवांशों को भी योजना में शामिल कर दिया गया है तथा इसके एवज में पशु चिकित्सक व अन्य अधिकारी द्वारा लाभार्थी से रिपोर्ट लगाते समय अवैध वसूली की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि पहले वसूली 20रु की दर से की जाती रही है अब उसे बढ़ाकर 40रु कर दिया गया है। पशु चिकित्सक द्वारा कहा जाता है कि हमें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को भी चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है। लोगों के विरोध करने पर जांच के नाम पर कई लाभार्थियों को योजना के लाभ से वंचित कर दिया गया है। जिसके चलते स्थानीय लोगों में रोष है।

### ब्राह्मण महासभा सर्व समाज ने जताया विरोध



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा और सर्व समाज संगम सभा ने संयुक्त रूप से रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने मध्य प्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राम्हण समाज की बेटियों के प्रति अपमानजनक शब्द कहने को लेकर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियो ने सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष धीरज पाण्डेय, सर्व समाज संगम सभा जिलाध्यक्ष आलोक रस्तोगी, राहुल तिवारी, आकर्ष तिवारी, ललित, विपिन शुक्ला दीपक मिश्रा सुमित रस्तोगी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोशाला प्रकरण में बीडीओ, सीबीओ व पशु चिकित्सा अधिकारी को मिली कारण बताओ नोटिस

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र के पड़ीराकला गांव मे स्थित गौशाला में मृत गोवंशों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने जांच के निर्देश दिए हैं।

प्रथम दृष्टया मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा लापरवाही पाए जाने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कुलदीप द्विवेदी, पशु चिकित्सा अधिकारी सुरेश चंद्रा और खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**▸ खंड विकास अधिकारी की सस्तुति पर ग्राम विकास अधिकारी निलंबित**



गया है। विदित हो कि गुरुवार को गौशाला में गोवंशों के मृत शव नाले में पड़े होने व उनकी खाल उतारने के वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पांच केयर टेकरों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी मामले की तह तक जांच करवा रहे हैं। जिसके चलते अफसरो को कारण बताओ नोटिस भी भेजी गई है। वहीं लापरवाही व अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश को खंड विकास अधिकारी की संस्तुति के बाद निलंबित कर खंड विकास अधिकारी कार्यालय शिवगढ़ से सम्बंध कर दिया गया है।

# एसपी ने यातायात जागरूकता रैली को किया रवाना

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात जागरुकता रैली निकालकर यातायात माह नवम्बर का समापन किया गया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा यातायात जागरुकता रैली को पटेल तिराहा से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, जमीरुल रहमान किदवई इंटर कॉलेज व पॉयनियर मॉण्टेसरी इण्टर कॉलेज के छात्र/छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट व स्काउट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। यातायात माह समापन रैली पटेल तिराहा से होते हुए पुलिस लाइन्स बाराबंकी तक पहुंची। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित लोगों को यातायात माह के प्रति जागरुक कर उन्हें सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करने,सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व



पीछे बैठे व्यक्ति को बीआइएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, शराब पीकर/नशे में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय फोन में बात तथा चैटिंग न करने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने,सदैव सुक्षित व सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यातायात जागरुकता अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों, शिक्षकों तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक,दक्षिणी बाराबंकी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सुधीर कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व विद्यालयों के प्रधानाचार्य/शिक्षक तथा समाजसेवी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विश्व में भारत हो नम्बर वन, बस इसी प्रयास में हैं मोदी : अचिन

**▸ लोकल फार वोकल पर देते हैं जोर**

**▸ देश के हर हिस्से का रखते हैं ध्यान**

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**


देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वक्त देश और देशवासियों के उत्थान के बारे में ही प्रयास रत रहते हैं। प्रधानमंत्री ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ते जब देश को मजबूत करने और विश्व में नंबर वन रखने की बात हो। यह बात भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 128वें संस्करण को सुनने के दौरान कही।

भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सीतापुर विधानसभा के नगर 1 मंडल के शक्ति केंद्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुन रहे थे। उन्होंने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन



एमआरओ सुविधा का उद्घाटन हो या आईएनएस माहे का भारतीय नौसेना में शामिल होना या फिर देश में स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर की शुरूआत, ये सभी इसी बात के प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 35 करोड़ 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि भारत का अनाज उत्पादन पिछले 10 वर्ष में 10 करोड़ टन बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह महीना कई प्रेरणाएं लेकर आया है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ की शुरुआत देशव्यापी कार्यक्रमों के साथ हुई। उन्होंने कहा कि इस महीने की 25 तारीख को अयोध्या के राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई गई और उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया गया। श्री मोदी ने कहा कि यह महीना भारत में खेलों के लिहाज से बेहद सफल रहा है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही टोक्यो में डेफलिंपिक्स में भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20 पदक जीते। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी विश्व कप जीतकर इतिहास रचा और देश की खिलाड़ियों ने विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 20 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने बताया कि भारतीय महिला टीम ने एक भी मैच हारे बिना दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खेल इतिहास की यह सबसे बड़ी जीत है, जो हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि दीव में आईएनएस खुखरी को समर्पित खुखरी स्मारक और संग्रहालय है, जबकि गोवा में नौसेना विमानन संग्रहालय है जो एशिया में अपनी तरह का अनूठा संग्रहालय है। उन्होंने कहा कि फोर्ट कोच्चि में आईएनएस द्रोणाचार्य में 'भारतीय नौसेना समुद्री संग्रहालय' है। श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि देश के लाखों लोगों ने 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। इस अवसर पर उपस्थित श्री हरि कृष्ण मिश्रा, अनुराग महेंद्र, सुबोध मिश्रा,विष्णु कुमार राठौर, अंकुर तिवारी, गुड्डू आदि लोग उपस्थित रहे।

### जागरुकता रैली के साथ यातायात माह का समापन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** यातायात माह नवंबर के समापन दिवस पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में ई–रिक्शा चालकों के माध्यम से कस्बा गौरीगंज में यातायात जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें वाहन चालकों के साथ–साथ आम जनमानस को यातायात नियमों संकेत के प्रति जागरूक किया गया। यातायात जागरुकता संबंधी बैनरों व स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस अवसर पर प्रभारी यातायात उ.नि. शोभनाथ राम व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# संविधान दिवस समारोहः सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के टॉपर छात्र सम्मानित

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




बहुजन महानायक जन्मोत्सव आयोजन संयुक्त समिति के तत्वावधान में रविवार को आचार्य नरेन्द्र देव इण्टर कॉलिज, उरई में भव्य संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जितेंद्र कुमार दोहरे सूबेदार दीप प्रज्वलित किया इस गौरवपूर्ण अवसर पर हाल ही में सम्पन्न हुई डॉ. अम्बेडकर प्रबुद्ध सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

समारोह में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गयाः जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान यश कुमार पुत्र ज्ञान सिंह, द्वितीय स्थान तेज प्रताप सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह,तृतीय स्थान साक्षी अहिरवार पुत्री मनोज कुमार आदि। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रियांशी गौतम पुत्री मनोज कुमार,द्वितीय स्थान श्रुति पुत्री अशोक कुमार, तृतीय स्थान इशिका पुत्री जितेंद्र कुमार एवं सुयश कुमार पुत्र रविन्द्र नाथ भारती (संयुक्त रूप से) इन सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त, बहुजन मीडिया कर्मियों को भी उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी जालौन, संजय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने का आवाहन किया। एडीएम संजय कुमार ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा, ÷जब हम पढ़ते थे उस समय संसाधन कम थे, मैं अपने गांव में सबसे पहले सिविल सेवा में जाने वालों में रहा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी उरई, नेहा व्याडवाल ने अस्वस्थ होने के बावजूद संविधान के विषयों पर अपने विचार रखे। अन्य वक्ताओं में, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग प्रथम, जितेंद्र नाथ और अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग द्वितीय, महेंद्र नाथ भारती, रामाधीन बाबूजी, कुलदीप बौद्ध, शालिनी बौद्ध, श्रद्धा चौरसिया, दीपसिखा श्रीवास, एम.एल.संजय ने भी संविधान दिवस और बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला।

सहायक परिवहन अधिकारी जालौन, राजेश कुमार वर्मा ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा दिए गए संविधान और शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने जीवन और परिवार को आगे बढ़ा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र सिंह दोहरे (प्रबंधक सिद्धि विनायक आईटीआई कॉलेज, उरई) ने की एवं संचालन सुधाकर राव गौतम एवं भगवती शरण पांचाल ने किया। संविधान प्रस्तावना प्रस्तुतिः दादा रामावतार सिंह गौतम (वरिष्ठ शिक्षक एवं समिति के संरक्षक) इस दौरान राजेंद्र सिंह, पुनीत कुमार भारती (प्रधानाचार्य आचार्य नरेंद्र इंटर कॉलेज उरई), रमाकांत दोहरे, सुंदर सिंह शास्त्री, शशिकांत प्रभाकर, अमर सिंह, भूपेंद्र सिंह दोहरे, संत कुमार शिरोमणि, कमल सिंह, अजय कुमार गौतम, रविकांत जाटव, आशीष बौद्ध,नाथूराम बौद्ध, श्याम प्रकाश दोहरे, आत्माराम फौजी, भूरी देवी शिक्षका, मधु अनुरानी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षा से ही संभव है मुस्लिम समाज का उत्थान : सैयद आमिर मियां मसूदी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला सैयदबाड़ा स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया के 26वें सालाना जलसे में मुख्य अतिथि बांदा के खानकाह-ए-आलिया मसूदिया के सज्जादानशीन हजरत मौलाना सैयद आमिर मियां मसूदी ने मुस्लिम नौजवानों को शिक्षा की राह अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज का असली उत्थान केवल और केवल शिक्षा से ही संभव है। नौजवानों को तालीम हासिल करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए। जुआ, शराब और इस्लाम विरुद्ध हर आचरण से दूर रहें। मुस्लिम समाज को अपना भविष्य खुद तय करना होगा, दूसरों पर निर्भर रहने की आदत छोड़नी होगी। राजस्थान से तशरीफ लाए मुफ्ती समीउल्लाह ने कहा कि नौजवान समाज की रीढ़ हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया की वजाय अपनी तालीम पर ध्यान दें। आज मदरसे दीनी के साथ आधुनिक शिक्षा भी दे रहे हैं, इनका भरपूर लाभ उठाएं। हजरत मुफ्ती अशरफ जिलानी ने फिजूलखर्ची पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि शादियों में बढ़ते बेतहाशा खर्च ने गरीब बेटियों का निकाह मुश्किल कर दिया है। इस्लाम सादगी सिखाता है, निकाह को सरल और आसान बनाएं। मदरसा के प्रबंधक मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी ने कहा कि स्थापना से अब तक मदरसा गौसिया क्षेत्र में धार्मिक सद्भाव, भाईचारा और सामाजिक समरसता कायम करने में अहम भूमिका निभाता आ रहा है। इससे पूर्व शायर मुईन रजा कादरी व असद इकबाल (कोलकाता) ने अपने कलाम से समां बांध दिया।

फर्रुखाबाद के मौलाना शाहिद रजा के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कारी समशुल कमर, सूफी तालिब मियां, गालिब मियां, कारी मुईन, मौलाना अजमल, मौलाना गौस मोहम्मद, मौलाना राशिद, मौलाना फैजान मिस्बाही, मोहम्मद जैनुल खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डॉ. वैभव पांडेय की सेवा भावना को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के युवा पशु चिकित्सक डॉ. वैभव पांडेय को लंदन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से दिल्ली में आयोजित समारोह में पशु चिकित्सा क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और केस स्टडी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए लंदन के इंपीरियल कॉलेज के प्रोफेसर और वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान भारत में पहली बार किसी पशु चिकित्सक को प्राप्त हुआ है।

डॉ. वैभव पांडेय पशु चिकित्सा सेवा के उस गौरवशाली परिवार से हैं जहां तीन पीढ़ियां इस सेवा भाव को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। उनके दादा, स्व. डॉ. अशोक कुमार पांडेय, वर्ष 1968 से 2002 तक पशु चिकित्साधिकारी पद पर कार्यरत रहे और अब उनके चाचा फार्मासिस्ट गौरव पांडेय नगर के राजकीय पशु चिकित्सालय में कार्यरत है। पिछले 40 वर्षों से उनके परिवार का क्लिनिक एवं पशु चिकित्सा दवाओं की दुकान, ÷पूजा फार्मा÷ पशुपालकों के बीच सेवा, विश्वास और समर्पण का प्रतीक रही है। डॉ. वैभव पांडेय ने बैचलर्स इन एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरी टेक्नोलॉजी की शिक्षा पूर्ण की है और इसी विषय में मास्टर्स कर रहे हैं। वह पशु चिकित्सा क्षेत्र में शोध और सेवा दोनों जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सम्मान प्राप्ति के बाद डॉ. वैभव पांडेय ने कहा यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी पशुपालकों, मेरे परिवार, मेरे दादा और उन मूक पशु रोगियों का है जिनसे मैंने हर दिन कुछ नया सीखा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि मुझे आगे भी इसी निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहने की शक्ति देते रहें।



## क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशानुसार हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में आयोजित विद्यालय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्र के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता संविधान सभा का गठन एवं संविधान निर्माण की प्रक्रिया÷ विषय पर आधारित रही। नागरिक शास्त्र प्रवक्ता प्रभात कुमार शुक्ला के संचालन हुई प्रतियोगितामें 60 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में वरिष्ठ प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह चौहान, मेजर संदीप कुमार माधव एवं तसलीम का सक्रिय सहयोग रहा।

# कन्या पूजन कर मनाया गया सेवा समर्पण दिवस

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में कन्या पूजन कर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के रूप में सेवा समर्पण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर शक्तिपीठ के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा कन्या भगवती देवी के स्वरूप होती हैं। कन्याओं के प्रसन्न होने पर सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं। शुभ कार्यों में गौरी पूजन, कन्या पूजन अति आवश्यक है। उन्होंने कहा मनुष्य यदि किसी भी शक्ति के प्रति समर्पित हो जाए तो भगवती उसके खाने-पीने भरण पोषण की सारी व्यवस्था करती हैं। शक्तिपीठ गमा देवी में वह नवंबर 1999 में सेवा की भावना से स्व. संतोष तिवारी के माध्यम से आए और थे और आत्म संकल्प लिया था कि भगवती की कृपा बनी रहने पर मां भगवती सहित नगर की जनता की भी सेवा करते रहेंगे। इस संकल्प को लेकर आज 25 वर्ष बिता दिए। शक्तिपीठ में आए दिन अनवरत अखंड रामायण पाठ, महामृत्युंजय पाठ, ओम नमः शिवाय पाठ, दुर्गा चालीसा पाठ एवं अन्य धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। साथ ही मां भगवती अपनी कृपा से इस दास से सामाजिक सेवा भी कराती रहती हैं। इस उद्देश्य से विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की देव कन्याओं का पूजन मंगल तिलक रक्षा सूत्र बांधकर प्रसाद देकर कन्याओं की परिक्रमा कर देवी स्वरूप कन्याओं से बचा हुआ जीवन मां भगवती व नगर की जनता जनार्दन सेवा में लगे रहने की कामना की। इस मौके पर बड़े शुक्ला, अभिषेक तिवारी, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, राजीव पांडेय, अनुज शाक्य, सोनू गुप्ता, प्रमोद शर्मा, जतिन अग्निहोत्री, विमला पाठक, मधु भदोरिया अलका तिवारी, सौम्या पाल, रेनू शर्मा व प्रभा यादव सहित कई भक्त मौजूद रहे।

# साइबरवर्ल्ड अवेयरनेस ऑनलाइन टेस्ट में 7300 से अधिक बच्चों की भागीदारी

> 15 दिसम्बर को होगी अंतिम चरण की परीक्षा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** साइबर सेल पुलिस के मार्गदर्शन तथा उड़ान संस्कारशाला के सहयोग से आयोजित साइबरवर्ल्ड अवेयरनेस ऑनलाइन टेस्ट को नगर के विभिन्न विद्यालयों में उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिल रही है। इसमें 7300 से अधिक बच्चों ने भागीदारी की है। कार्यक्रम के आयोजक गौरव त्रिपाठी 'अमर' ने बताया कि बच्चों के माध्यम से आमजन को बढ़ते साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। साइबर जागरूकता ही बढ़ते ऑनलाइन अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है और इसी भावना के साथ यह मिशन आगे बढ़ाया जा रहा है। अब तक दो चरणों में एक दर्जन से अधिक विद्यालय इस पहल से जुड़ चुके हैं। अवध एजुकेशन सेंटर, सिटी चिल्ड्रेन एकेडमी, दयाल पब्लिक स्कूल, गैलेक्सी पब्लिक स्कूल, किड्जी स्कूल, गोल्डन एकेडमी, आरएम पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मारिया पब्लिक स्कूल, हीरालाल कॉलेज, प्रभात दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज, आरबी पब्लिक स्कूल और जनता इंटर कॉलेज के करीब 7300 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। प्रत्येक रविवार को रात 8.30 बजे चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराए गए सिलेबस के अनुसार उड़ान ऑनलाइनडॉटइन पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा हो रही है, अब तक 4000 से अधिक बच्चे परीक्षा दे चुके है। आयोजकों के अनुसार नगर सीमा में स्थित विद्यालयों के लिए, तृतीय चरण 7 दिसम्बर को और अंतिम चरण की परीक्षा 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। दिसंबर के अंतिम सप्ताह से व्यापारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

# दो पक्षों में फायरिंग, मारपीट में दो घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

> पुरानी रंजिश को लेकर हुआ खूनी संघर्ष
> एक पक्ष के 6 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

देर शाम करीब 6:20 से 7 बजे के बीच नगर के मोहल्ला चौधरियान में उस समय अफरातफरी मच गई जब दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया और एक दूसरे की जान के प्यासे हो गए। घटना के दौरान दोनों पक्ष से एक-एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी अंसार पुत्र मैकू का कहना है कि वह और उनकी धमे का ताल निवासी मौसी का पुत्र सरताज पुत्र महताब घर पर थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर फैयाज पुत्र मकबूल, अनस पुत्र शहजाद, अनवर पुत्र निसार, जीशान पुत्र अख्तर, फैसल और फैज पुत्र चंदू आदि उनके घर गाली-गलौज करते हुए पहुंचे। विरोध करने पर उक्त दबंगों ने पत्थरबाजी करते हुए अवैध तमंचों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में सरताज पुत्र महताब के दाहिने पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही मरणासन्न होकर गिर पड़ा।

हमलावरों ने इसके बाद भी कई राउंड फायरिंग की और ईंट-पत्थरों से हमला किया। वहीं दूसरे पक्ष के मोहल्ला बिरतिया स्थित एक मीनारा मस्जिद के पास निवासी लकी पुत्र शाहनवाज का आरोप है कि जब वह शाम को घर लौट रहा था तो विपक्षी गुट ने उसे घेरकर बेरहमी से पीटा। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर अवैध असलहे से फायरिंग करने का गंभीर आरोप लगा रहे हैं। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ दिख रहा है कि दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी हुई।

थाना प्रभारी विष्णु कांत तिवारी ने बताया कि दोनों तरफ से एक-एक व्यक्ति घायल हुआ है। दोनों घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पीलाघाट के निकट चल रही पॉकलैंड मशीन को वन विभाग ने पकड़ा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

> पोकलैंड के संचालन तथा चालक की गतिविधियों की कराई जाएगी जांच

यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्र ऐतिहासिक पीला घाट के निकट संदेश अवस्था में संचालित हो रही पोकलैंड मशीन को वन विभाग की टीम के द्वारा पकड़ लिया गया है। तथा विभाग के द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी रेंज के यमुना नदी के पीलाघाट के आस-पास वन विभाग की भूमि पर पोकलैंड मशीन चल रही थी।

सूचना पाकर बीट प्रभारी अजीत कुमार की टीम मौके पर पहुंची तथा पोकलैंड मशीन को रुकवा कर पकड़ लिया गया। वन क्षेत्र अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पोकलैंड के संचालन तथा चालक की गतिविधियों को लेकर जांच कराई जाएगी जांच में जो भी तथ्य उजागर होंगे उसी के मुताबिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

वहीं बताते हैं कि पीला घाट में बनखंडी धाम प्रबंधन की ओर से 1 दिसम्बर को सुन्दरकाण्ड, यमुना मैया की महाआरती व दीपदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल को लेकर के सफाई व्यवस्था चल रही थी। इसी में मशीन का भी प्रयोग किया जा रहा था।

## खुला नाला बना असुरक्षा का कारण, बंद कराने की मांग

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** नाला खुला होने से लोगों को डर बना रहता है। मोहल्ले के लोगों ने खुले नाले को बंद कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला नया खंडेराव, लौना रोड पर काफी समय से नाला खुला हुआ है, जिसमें आए दिन जानवर गिर जाते हैं। यह नाला काफी लंबा है और ऊपर से ढंका हुआ भी नहीं है। इसके आसपास रेहड़ी पटरी के दुकानदार लकड़ी आदि डालकर पुल जैसा बनाए हुए हैं। जिससे होकर लोग निकलते हैं। इसमें लड़की के टूटने और लोगों के नाले में गिरने का डर बना रहता है। मोहल्ले के रामप्रकाश, अशोक कुमार, पवन, रामकेश, आदि का कहना है कि बस्ती में बने इस नाले पर जगह जगह इसे पार करने के लिए पुल जैसा बना देना चाहिए। जिससे लोग सुरक्षित आवागमन कर सकें। ईओ सुशील कुमार ने बताया कि वह पता कर रहें यदि नाला असुरक्षित है तो सुरक्षा के प्रबंध किए जाएंगे।

# पत्रकार को जान से मारने की धमकी, पुलिस मौन!

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**प्रशासन के खिलाफ उबलते सवाल**

जब ऑडियो वायरल है, तो एफआईआर में देरी किसके इशारे पर?
क्या दबंग प्रधान को संरक्षण मिल रहा है?
क्या सच लिखना अपराध बन गया है?
पुलिस की चुप्पी सच की सुरक्षा कर रही है या भ्रष्टाचारियों की?

**पत्रकारों का ऐलान**

पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल एफआईआर, सुरक्षा और जांच नहीं हुई, तो जिले भर में चरणबद्ध आंदोलन होगा। आंदोलन की जिम्मेदारी सीधे प्रशासन की होगी।

**मांगें**

1. प्रधान उमाशंकर निषाद पर धमकी, दुर्व्यहार और भ्रष्टाचार सहित सख्त धाराओं में एफआईआर 2. पत्रकार संदीप मिश्रा को तुरंत सुरक्षा 3. वायरल ऑडियो की फॉरेंसिक जांच 4. ग्राम पंचायत हीरापुर में विशेष ऑडिट और जांच

भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ उठाना अब इस जनपद में जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। विकासखंड महेबा की ग्राम पंचायत हीरापुर के दबंग प्रधान उमाशंकर निषाद द्वारा पत्रकार को जान से मारने की धमकी का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। सूत्रों के अनुसार पत्रकार संदीप मिश्रा ने ग्राम पंचायत हीरापुर में हो रहे सरकारी धन के दुरुपयोग, फर्जी भुगतान और भ्रष्टाचार को साक्ष्यों सहित उजागर किया था। शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और विभागीय अधिकारियों तक पहुंची, तो प्रधान की दबंगई बौखलाहट में बदल गई। 28 नवंबर सुबह 11:59 बजे प्रधान ने पत्रकार को फोन कर गाली-गलौज, अश्लील भाषा और खुली जान से मारने की धमकी दी जिसकी रिकॉर्डिंग अब हर किसी ने सुनी है। पत्रकार ने कोतवाली कालपी में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और सुरक्षा की मांग की। तहरीर में स्पष्ट किया गया कि पत्रकार और उसके परिवार को जान-माल का खतरा है। अब देखना यह है कि कालपी पुलिस और जिला प्रशासन कानून के साथ खड़े होते हैं या दबंगई के आगे झुकते हैं। जनता की निगाह है और जबाब अब देना ही होगा।

# बंदरो के उत्पात से निजात पाने के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

> बंदर पकड़ने के लिए टीम के पास नहीं हैं उपकरण

नगर में लंबे समय से बंदरों के आतंक से परेशान लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजकर बंदरों की समस्या के समाधान की मांग की है। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन, इमरान, विनय, प्रतीक आदि ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि पिछले कई वर्षों से नगर में बंदरों के झुंड स्कूलों, बाज़ार और नई सब्ज़ी मंडी क्षेत्र में सक्रिय हैं। इनके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को खतरा रहता है। महिलाओं को कपड़े आदि सुखाने के लिए छतों पर जाना पड़ता है। जिससे महिलाएं भी भय में रहती हैं। पूर्व में इस बाबत नगर पालिका में शिकायत की थी। परंतु पालिका ने संसाधनों की कमी बताते हुए कार्रवाई करने में असमर्थता जताई थी। बताया था कि बंदर पकड़ने के लिए टीम, उपकरण और तकनीकी संसाधन नहीं हैं। उन्होंने नगर पालिका को बंदर पकड़ने के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने, बंदरों को सुरक्षित रूप से पकड़ने और उन्हें कानपुर या लखनऊ चिड़िया घर स्थानांतरित करने के लिए विशेष टीम गठित करने की मांग की है।

# एनएच पर पलटी सवारियों से भरी बोलेरो

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**




रविवार को कालपी कोतवाली क्षेत्र के उसरगांव राष्ट्रीय राजमार्ग में भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार बुलैरो के पलट जाने से बैठी सवारियां मामूली तरीके से घायल हो गये। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना होने से रोड में काफी देर तक अपना तफ्री मची रही।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुलेरो कार में सवार लोग ललित कुमार पुत्र रंजीत सिंह मिर्जापुर ताल्लुके जामरवां हुसैनगंज जिला फतेहपुर रंजीत सिंह पुत्र राम सुभावन उम्र 62 सनी यादव पुत्र भिव सिंह उम्र 35, सलित कुमार पुत्र रंजीत सिंह, सदरानी पत्नी रामप्रताप उम्र 50 सोनी पत्नी सलित कुमार उम्र 28 अभिमन्यु सिंह पुत्र रोमन सिंह गाड़ी नंबर यूपी 71 एजे 5811 में बैठकर कानपुर से उरई की ओर जा रहे थे। हाइवे उसरगांव के समीप ओवरटेक के दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ने से बुलैरो कार पलट गई। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। काफी देर तक हाइवे में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। सूचना मिलते ही निकटवर्ती ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विपिन कुमार, दीवान रनजीत सिंह की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से कार हटाकर हाईवे को खाली कराया गया। पुलिस ने स्थिति नियंत्रित कर यातायात सुचारु कराया बड़ी घटना होने से बची।

# जयवीर सपा अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष मनोनीत

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जयवीर सिंह यादव।

प्रमुख अधिवक्ता एवं समाजवादी विचारक जयवीर सिंह यादव एडवोकेट को प्रांतीय नेतृत्व के द्वारा सपा अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समर्थक अधिवक्ताओं तथा समर्थकों ने प्रसन्नता जताई है। उल्लेखनीय हो कि निकटवर्ती ग्राम धमना गांव के मूल निवासी जयवीर सिंह यादव एडवोकेट ने राजनीति की शुरुआत समाजवादी विचारधारा से शुरू की तथा सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में तमाम आंदोलनों में हिस्सा लिया है। गतवर्षो के चुनाव में सपा उम्मीदवारों को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव एडवोकेट ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंप है उसे पूरी निष्ठा ईमानदारी तथा लगनशीलता से पूरा करूंगा तथा संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दूंगा।

# यातायात माह समापन पर नियमों के पालन की अपील

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-शिक्षक एवं कर्मियों को किया सम्मानित

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



पुलिस लाइन उरई में रविवार को यातायात माह समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा रहे। मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने में विशेष योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं यातायात पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने स्वागत गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। जीवन ज्योति चंद्र कमल एकेडमी, रामश्री पब्लिक स्कूल, विवेकानंद ग्लोबल स्कूल कोंच तथा फाउन्टेनहैड पब्लिक स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि नवंबर माह में जिले के कई विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का महत्व समझना और दूसरों को समझाना सामाजिक दायित्व है। पुलिस उपाधीक्षक यातायात अर्चना सिंह ने कहा कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करना कानूनी और नैतिक दोनों दृष्टि से हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता स्वर्णकार ने किया। कार्यक्रम के अंत में भदौरिया क्लासेस के संचालक आकाश व अंशुल द्वारा मुख्य अतिथियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पत्रकारों, समाजसेवियों, ट्रैफिक कर्मियों, ई-रिक्शा एवं बस यूनियन सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, कालपी क्षेत्राधिकारी, माधौगढ़ क्षेत्राधिकारी अंबुज कुमार, जालौन क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र बाजपेई, गुड सेमेरिटन अलीम सर, लक्ष्मण दास बाबानी, महावीर तरसौलिया, अशोक राठौर सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# मोक्षदायिनी एकादशी पर आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन आज

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मोक्षदायिनी एकादशी जैसे दिव्य और पावन पर्व पर मां वनखण्डी देवी शक्तिपीठ, कालपी धाम में एक भव्य आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। 1 दिसम्बर 2025 दिन सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण यह कार्यक्रम भक्तजनों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस पावन अवसर पर यमुना मैया की महाआरती, सुन्दरकाण्ड पाठ तथा दीपदान का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिले भर से श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। यह आध्यात्मिक महोत्सव मां प्रसादम् सेवा न्यास कालपी धाम एवं तिरंगा अगरबत्ती परिवार के कानपुर के निदेशक पं. नरेंद्र शर्मा के संयुक्त सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की संपूर्ण देखरेख पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर जमुनादास जी महाराज (मां वनखण्डी देवी शक्तिपीठ कालपी धाम जनपद जालौन) के पावन सानिध्य में होगी। कार्यक्रम की शुरुआत अपरान्ह 1 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ के दिव्य स्वरूप के साथ होगी जिसमें भक्तजनों को प्रभु श्रीराम की महिमा और हनुमान जी की शक्ति का अनुभव होगा। इसके पश्चात सायं 5 बजे दीपदान का आयोजन किया जाएगा।

# बारात लेकर जा रही बोलेरो डम्पर में घुसी, एक की मौत, सात घायल

**पांच की हालत नाज़ुक, हायर सेंटर के लिए रेफर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती देर रात विवाह से लौट रही बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे हैं तेज रफ्तार डंपर से टकरा गई।

जिससे उसमें बैठे आढ़ती आकाश गुप्ता की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां पांच भाइयों को हालत गंभीर होने पर बाहर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पहुंचकर जाँच पड़ताल की। थाना अमृतपुर निवासी धर्मेंद्र चौहान के पुत्र पुष्पेंद्र सिंह की बारात छिबरामऊ गयी थी। जिसमे गांव के ही 28 वर्षीय आकाश गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता,18 वर्षीय अंकित पुत्र राममोहन, 22 वर्षीय अजय, 40 वर्षीय अवधेश सिंह पुत्र छविनाथ सिंह, 50 वर्षीय जयवीर सिंह पुत्र छविनाथ, कार चालक 30 वर्षीय विजय पुत्र रक्षपाल, 45 वर्षीय यदुवीर सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी कुम्हरौर, 25 वर्षीय हरिओम पुत्र शत्रुघन निवासी ककरकढ़ा मिर्जापुर शाहजहांपुर शामिल होने गये थे। सभी बोलेरो कार से वापस आ रहे थे। देर रात लगभग 12:30 बजे जब वह इटावा-बरेली हाई से गुजर रहे थे, तो थाना कादरीगेट के ग्राम चाँदपुर बीआरएस लॉन के सामने तेज रफ्तार डम्पर की बोलेरो कार से टक्कर जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे कार सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां आकाश गुप्ता को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक आकाश गांव में ही आढ़त का कार्य करता था। उसकी 1 फरवरी को शादी थी। मृतक आकाश गुप्ता अपना माता पिता का एकलौता पुत्र था। उसकी दो बहनों का विवाह हो चुका है। परिजन रो-रोकर बेहाल हो गया। मृतक की माँ सुनीता का भी रो-रोकर बेहाल हो गयी। पांच घायलों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पांचाल घाट चौकी प्रभारी मोहित मिश्रा ने बताया कि डम्पर को कब्जे में लेकर जाँच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।



मृतक आकाश गुप्ता का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस

# जुआ खेल रहे चार व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ा

**कमालगंज/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन व्यक्तियों को जुआ खेलते पकड़ लिया। नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो फड़ से 52 अदद ताश के पत्ते व 400 रूपये बरामद हुए है। पकड़े गये पहले व्यक्ति ने अपना नाम आकाश पुत्र पूसे लाल उम्र 35 वर्ष निवासी प्रताप नगर कमालगंज थाना कमालगंज बताया है। जिसकी जामा तलाशी से पहने हुई शर्ट की जेब से 70 रुपये बरामद हुए है तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मनोज कुमार पुत्र विद्यासागर उम्र 53 वर्ष निवासी गांधी नगर कमालगंज थाना कमालगंज बताया। जिसकी जामा तलाशी से पहने हुए पैण्ट की दायी जेब से 60 रुपये बरामद हुए तथा तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम राधेश्याम पुत्र प्यारे लाल उम्र 55 वर्ष निवासी इन्द्रानगर कमालगंज थाना कमालगंज बताया है। जिसकी जामा तलाशी से पहने हुए पैंट की बायीं जेब से 40 रुपये बरामद हुए हैं। **वहीं दूसरी ओर कायमगंज में** पुलिस ने एक युवक को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से 1300 रुपये, ताशपत्ते की गड्डी बरामद हुई। नवागन्तुक कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह अपने हमराह कांस्टेविल सचिन कुमार, विजय गुर्जर, विनीत कुमार, धर्मेंद्र के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि कुछ लोग हार जीत की बाजी लग रहे हैं। पुलिस ने छापा मारकर तहसीम पुत्र अजीम निवासी दमदमा थाना कायमगंज को पकडट लिया। उसके पास से 1300 रुपये की नकदी व ताश की गड्डी बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी सेवा ट्रस्ट ने गरीबों को वितरित किये वस्त्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में गरीब मजदूर, पुरुष, बच्चे व महिलाओं को कपड़े वितरण किए गए। जिसमें ट्रस्ट की पूरी टीम का सहयोग रहा। इस मौके पर अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अशोक गंगवार, प्रबंधक संगम शाक्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैयालाल, सदस्य दीपक शाक्य, विवेक शर्मा, प्रियंका पाल मेहंदीबाग, मनोज कौशल, गुरूदेव, अन्शु श्रीवास्तव व मन्दिर टीम के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, प्रबंधक संगम शाक्य ने बताया कि इस तरह समाज सेवा के कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने अन्य समाजेसवी संगठनों से भी गरीबों की मदद करने की अपील की। वहां पर उपस्थित ग्रामीणों ने इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



गरीबों को वस्त्र वितरित करते पदाधिकारीगण

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी ने संकल्प दिवस के रुप में मनाया स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी ने अपने स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में बड़े उत्साह और जन सहभागिता के साथ मनाया। जिसमें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर 1:00 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व करणी सैनिक और पार्टी समर्थक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक जुट होकर यह संकल्प दोहराया कि वे जनसेवा की नीति पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु समर्पित रहेंगे और जनपद से कम से कम एक विधायक जनसत्ता दल पार्टी से राजा भईया को देंगे। पार्टी का मूलमंत्र हम राजनीति नहीं, सेवानीति करते हैं। इस अवसर पर यह स्पष्ट किया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया हर क्षेत्र से पूरे दमखम के साथ चुनावी रण में उतरेंगे। फर्रुखाबाद की जनता ने भी इस लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर समर्थन देने का संकल्प व्यक्त किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कार्यकर्ता एवं श्री राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने कहा कि यह संकल्प दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि जनभागीदारी और सेवाभाव की दिशा में एक नई शुरुआत है। इस मौके पर कार्यकर्ता अरविंद चौहान, रामेंद्र सिंह, मुकेश चौहान, राजेंद्र मिश्रा, अनिल चौहान, अवनीश तोमर, संजीव कुमार सिंह राठौर, नीलू, सुशील शाक्य, असीब खान, राम प्रताप सिंह भानू, अजयवीर सिंह, अवनीत राठौर, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सुरजीत चौहान, कुलदीप चौहान, वेद प्रकाश, धर्मेंद्र, रोहित, प्रेमपाल सिंह सोमवंशी, अरविंद चौहान आदि व भारी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक के दौरान संकल्प लेते कार्यकर्ता

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 177 ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 177 ग्रामीणों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की गई। बाढ़ के कारण क्षेत्र में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।

स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉण् गौरव वर्मा ने बताया कि जांच के बाद मरीजों को दवाएं दी गई। मेले में 11 मलेरिया, 9 टाइफाइड, 16 शुगर, 3 डेंगू, 5 बलगम और 4 हेपेटाइटिस के मरीजों की जांच की गई।

जांच का उद्देश्य बीमारियों का सटीक पता लगाकर सही उपचार प्रदान करना है। मेले में ग्राम दौलतियापुर, परतापुर, हरसिंहपुर, लीलापुर, अमृतपुर, फखरपुर, बनारसीपुर, कलेक्टरगंज, तौफीक, नगला हूषा, खजुरिया, लीलापुर और राजपुर सहित दर्जनों गांवों से मरीज पहुंचे। बाढ़ का पानी भरा होने के कारण अधिकतर मरीज वायरल फीवर, जुकाम, सिरदर्द, खुजली, बुखारए पेट दर्द और पैरों में संक्रमण जैसी समस्याओं के साथ आ रहे हैं। डॉक्टरों ने मरीजों को मच्छरों के प्रकोप से बचाव के सुझाव भी दिए। आयुर्वेदिक डॉक्टर शैफाली भदौरिया ने बताया कि गंभीर मरीजों के लिए भी स्वास्थ्य विभाग में सुविधाएं उपलब्ध हैं।

ऐसे मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल मुख्यालय रेफर कर दिया जाता है। जिसके लिए सरकारी एंबुलेंस की व्यवस्था है। स्वास्थ्य विभाग की टीम इन मरीजों को समय पर अपनी सेवाएं दे रही है। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ0 गौरव वर्मा के साथ अरविंद कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, मीना कुमारी और अन्य स्वास्थ्य टीम के कर्मचारी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में दवाये लेते ग्रामीण

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरु, निकाली गयी कलश यात्रा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को ग्राम सिरमौरा बांगर बिजली घर के पास 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर यज्ञ में आहूतियां दी। इस दौरान नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें काफी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया।

नवाबगंज नगर क्षेत्र के सिरमौरा बांगर बिजली घर के पास 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन रविवार से शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम 3 दिसंबर 2025 तक चलेगा। वेदमूर्ति तपोनिष्ठ युगत्रधि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में यह आयोजन संपन्न हो रहा है। इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया है। इसी क्रम में रविवार दोपहर बाद नगर के सिरमौरा बांगर से मुख्य बाजार तक एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भगवान गणेश और भगवान शंकर सहित कई देवी-देवताओं की झांकियां शामिल थीं। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में पीले वस्त्रधारी पुरुषों और महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की।



कलश यात्रा में भाग लेते भक्तगण

## 15 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की अलग-अलग दो टीमों द्वारा की गई कार्यवाही में कुल 15 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कायमगंज कोतवाली की उपनिरीक्षक सुधापाल ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कासिम उर्फ गुड्डू पुत्र नसीर खॉ निवासी पहरा राजा का रामपुर जनपद एटा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्लास्टिक कि पिपिया में10 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की। वहीं कायमगंज कोतवाली उपनिरीक्षक शमसुद्दीन मय हमराह कांस्टेबिल राजेश शर्मा, पुष्पेन्द्र, रोहित धर्मेन्द्र ने मुखविर की सूचना पर प्रमोद पुत्र रामजी लाल निवासी ममापुर थाना कायमगंज को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक कि पिपिया में 5 लीटर कच्ची शराब बरामद कर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

# शेखपुर मेले की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उर्से मखदूम मेला शेखपुर की तैयारियों के सिलसिले में एक बैठक रविवार को सज्जादानशीन अजीजुल हक गालिब मियां की सरपरस्ती में अध्यक्ष मेला कमेटी भुवन बरतरिया प्रधान भोजपुर की अध्यक्षता में दरगाह मखदूयिां कैंपस में सम्पन्न हुई।

बैठक में बेहतर इन्तजाम के लिए मेले को पांच सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें इमामबाड़े से रेलवे क्रासिंग गेट 138 तक पर लगने वाली दुकानों से होने वाले अतिक्रमण पर जोर दिया गया। जिसमें जायरीन को आने जाने एवं पालकी निकलने में किसी तरह की कोई समस्या न हो और इस मार्ग पर आने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों को न आने पर जोर दिया गया और रेलवे क्रासिंग कैंप कार्यालय पर तैनात अराकीने कमेटी को सर्तकता के साथ नजर रखने पर जोर दिया गया और सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी शेखपुर प्रधान राम सेवक (बब्लू) को दी गयी।

बैठक में भुवन बरतरिया, हाफिज खुर्शीद आलम, हाफिज शाहिदा रजा ने विचार व्यक्त किये और अजीजुलहक गालिब मियां ने बैठक में आने वाले अराकीने कमेटी का शुक्रिया अदा किया और उर्स को तालमेल के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाने पर जोर दिया। बैठक में दिलीप गुप्ता, गोपाल राजपूत, रामऔतार, मुनीम, बब्लू प्रधान, आयुष दुबे, गौरव गुप्ता, देवेश राजपूत, विजय शर्मा, लालाराम, कुलदीप कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में विचार रखते आयोजकगण

# यूपी 112 की जन सेवाओं के प्रति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को यूपी112 की जन सेवाओं के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुति के माध्यम से जनता को डायल 112 की जानकारी देकर, उसके कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना और आपातकालीन स्थिति में 112 डायल करने के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाना था। अभियान के तहए नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुतियों का सहारा लिया गया। जिसके माध्यम से यूपी 112 के कार्यों, इसकी त्वरित प्रतिक्रिया सेवाओं और नागरिकों को मिलने वाली आपातकालीन मदद के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजकों ने बताया कि यह अभियान पुलिस को जनता का दोस्त बनाने और सुरक्षा के प्रति भरोसा पैदा करने के लिए चलाया गया है। लोगों से विशेष अपील की गई कि वे न केवल अपनी सुरक्षा, बल्कि दूसरों की मदद के लिए भी तुरंत 112 डायल करें। पुलिस हर समय आपकी सुरक्षा और मदद के लिए तैयार है। किसी भी आपात स्थिति में बेझिझक 112 डायल करें। नुक्कड़ नाटक और गायन में स्कूली छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें विभिन्न आपातकालीन नंबरों की जानकारी देकर 112 के महत्व और उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया। इस प्रयास से यह संदेश दिया गया कि पुलिस सहायता हमेशा एक कॉल की दूरी पर है।



कलाकारों को सम्मानित करती पुलिस

## आग से गृहस्थी जलकर राख



जली गृहस्थी को देखते ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कंपिल थाना क्षेत्र के हनुमंता गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से एक परिवार की हजारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना के समय घर के सदस्य खेत पर सिंचाई करने गए थे।

यह घटना गांव हनुमंता निवासी मुलायम के घर पर हुई। मुलायम की पत्नी धन देवी ने बताया कि उनके घर के दो छप्परों से अचानक तेज धुआं और लपटें निकलने लगीं। गांव वालों ने शोर मचाया, जिसके बाद लोग बचाव के लिए आगे आए। ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ और समर चलाकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा कपड़ा, चारपाई, राशन, बर्तन और लगभग 10,000 रुपये की नकदी जलकर राख हो चुकी थी। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने आग से घिरे पशुओं को रस्सी काटकर सुरक्षित बाहर निकाल दिया। जिससे उनकी जान बच गई। मामले की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है।

# वृद्धा की मौत, बड़े भाई पर वसीयत कराकर हत्या करने का लगाया आरोप

**सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल, भरा पंचनामा**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव ब्राहिमपुर जागीर निवासी रविन्द्र ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके बड़े भाई ने तहसील ले जाकर उसकी माँ 85 वर्षीय से पैतृक मकान की जबरन वसीयत करा ली है। विरोध करने पर उसे पकड़कर बाहर निकाल दिया गया और इसी बीच मां से अंगूठा लगवाकर वसीयत करा ली। आरोप है कि बड़ा भाई उन्हें अपने साथ घर भी ले गया।

रविन्द्र ने कहा कि उसकी मां काफी कमजोर हैं। चलने फिरने में असमर्थ हैं और कई दिनों से भोजन भी नहीं कर पा रही हैं। उसने पुलिस से मां से मिलवाने की मांग की। इंस्पेक्टर ने पुलिस टीम भेजकर मिलवाने का आश्वासन दिया और जांच कराई। रविवार सुबह करीब सात बजे 112 और कोतवाली पुलिस को रविंद्र ने सूचना दी कि बड़े भाई ने उसकी मां की गला दबाकर हत्या कर दी है। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, एसएसआई सुरजीत सिंह यादव, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, महिला एसआई सुधा पाल के साथ मौके पर पहुंचकर जाँच पडताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी पहुँचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने परिजनों से घटना के बारे में जानकारी की। मृतका की तीनों बेटियों और आरोपित बड़े बेटे ने पुलिस को बताया कि उनकी मां की तबीयत पहले से ही खराब थी और रिश्तेदार भी आकर देख चुके थे। वसीयत के मामले पर आरोपित बड़े बेटे ने चुप्पी साध ली। जब पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की, तो शिकायतकर्ता रविन्द्र और उसके भाई बहन व परिजन पहले पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी नहीं थे। पुलिस ने मामले को विवादास्पद बताते हुए समझाया। जिसके बाद परिजन तैयार हुए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक वृद्धा का फाइल फोटो



मृतका के परिजन

## आरटीओ कार्यालय में नई सीरीज यूपी 76 ए.एक्स प्रारंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 29 नवंबर की देर रात आरटीओ कार्यालय में वाहनों के पंजीयन हेतु चल रही सीरीज यूपी 76एडब्लू समाप्त हो गई है, अब इस सीरीज को लॉक करते हुए अगली सीरीज यूपी 76एएक्स् प्रारंभ कर दी गई है। अब नए पंजीकरण किए जा रहे निजी वाहनों को यूपी 76एएक्स में पंजीयन चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 30 अगस्त 2025 को वर्तमान सीरीज प्रारंभ की गई थी। वर्तमान सीरीज में जो आकर्षक पंजीयन चिन्ह शेष रह गए हैं उन सबको लॉक कर दिया गया है अर्थात अब बचे हुए 304 आकर्षक पंजीयन चिन्ह किसी को भी आवंटित नहीं किये जा सकते हैं। नई सीरीज प्रारंभ होने के साथ ही निजी वाहन खरीदने वाले स्वामी विभिन्न फैंसी नंबरों को ऑनलाइन बुक कर सकते हैं तथा उनको नंबर का आवंटन कंप्यूटर के माध्यम से कर दिया जाएगा।

# उद्योग व्यापार मण्डल ने आश्वासन मिलने के बाद खत्म किया क्रमिक अनशन

**पूर्व एमएलसी व विद्युत विभाग के जेई ने धरना स्थल पर पहुंचकर लिखित में दिया आश्वासन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल ने रेलवे रोड के सुंदरीकरण को लेकर क्रमिक अनशन करने का ऐलान किया था। रविवार को व्यापार मण्डल के पदाधिकारी नगर पालिका व विद्युत विभाग के खिलाफ अनशन पर बैठ गये और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार चौक पर अनशन पर बैठेव्यापारियों के पास पहुंचे और नगर पालिका की कार्रवाई के कागजात दिखाते हुए जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला को बताया कि रेलवे रोड के निर्माण के लिए शीघ्र ही टेंडर होने वाला है। अभी तक बिजली विभाग ने रेलवे रोड पर पोल लगाकर बंच केबिल नहीं डाली है।



अनशन खत्म करवाते मनोज अग्रवाल

जिस पर जिलाध्यक्ष ने चेयरमैन वत्सला अग्रवाल को बुलाने की मांग करने लगे। जिसके बाद नगर पालिका चेयरमैन वत्सला अग्रवाल के पति पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल धरना स्थल पर पर पहुंचे और उन्होंने आश्वासन देकर व्यापारियों का क्रमिक अनशन खत्म करवाया। मनोज अग्रवाल ने बताया कि रेलवे रोड के निर्माण के लिए बनाई गई ड्राइंग में सड़क की ऊंचाई 1 फीट ऊंची दर्शायी गई थी। ऊंची सड़क बनने पर व्यापारियों एवं अन्य निवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता।

इसलिए नगर पालिका ने ड्राइंग पर आपत्ति जताई। दोबारा ड्राइंग बनवाई गई जिसमें सड़क खोदकर पूर्व के लेवल पर ही बनाई जाएगी। टेंडर पड़ने में एक सप्ताह 10 दिन का समय लग सकता है। 5 दिसंबर तक शादी समारोह के कार्यक्रम है।

उन्होंने 5 दिसंबर के बाद रेलवे रोड का निर्माण का शुरु करवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद मनोज अग्रवाल ने व्यापारियों को जूस पिलवाकर मिठाई खिलवाई। तब जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने घोषणा की कि नगर पालिका के खिलाफकिया जा रहा आंदोलन खत्म किया जाता है।

## जेई के आश्वासन के बाद शांत हुए व्यापारी



अनशन स्थल पर मौजूद विद्युत विभाग के जेई

फर्रुखाबाद। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल विद्युत विभाग के खिलान धरना जारी रखा। कुछ देर बाद विद्युत विभाग के जेई अजय बाबू भी धरना स्थल पर पहुंच गये और उन्होंने व्यापारियों को एक सप्ताह में नई लाइन चालू करवाकर पुराने पोलों को हटाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद व्यापारी अधिशाषी अभियंता को बुलाने की मांग करने लगे। जेई अजय बाबू ने बताया कि अधिशासी अभियंता जिले के बाहर है। अधिशासी अभियंता की ओर से नगर पालिका के ईओ को लिखे गए पत्र की कॉपी जिलाध्यक्ष को सौंपी। लिखे गए पत्र में नगरीय अधिशासी अभियंता ने कहा है मै0 अनुराग मिश्रा कांट्रैक्टर एण्ड सप्लायर्स ने पत्र संख्या 209 दिनांक 29 नवम्बर द्वारा अवगत कराया है कि रेलवे स्टेशन तक के पोलों को विस्थापित किये जाने हेतु नयी एल0टी0 लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। एवं एच0टी0 लाइन निर्माण भी अंतिम चरण में है। पूर्व स्थापित पोलों को हटाने एवं परिवर्तकों को विस्थापित किये जाने का कार्य शेष है। जिसे समय से विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से चालू करले को दृष्टिगत रखते हुए हर सम्भव आगामी 7 से 8 दिवसों में पूर्ण कर लिया जायेगा। जिसके बाद जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने धरना स्थल के सामने नये विद्युत ट्रांसफार्मर रखवाने के लिए बनाये गये फाउंडेशन को हटाने को कहा। जिस पर जेई ने ठेकेदार से बात कर फांडेशन को हटवाने की बात कही। जिसके बाद सभी व्यापारियों ने अनशन समाप्त कर दिया। धरने के दौरान सोनी शुक्ला, राजू गौतम, सभासद अतुल शंकर दुबे, आत्माराम डावानी, अनुपम रस्तोगी, मुन्ना गुप्ता, राकेश सक्सेना, अंकुर श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, भईयन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# 7वें स्थापना दिवस पर जनसत्ता दल पार्टी ने लगाया रक्तदान शिविर



प्रमाण के साथ मौजूद रक्तदानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के 7वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आवास विकास स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया में रविवार को जनपद प्रतापगढ़ विधानसभा कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फराजा भैया की जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी के 7वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रधान महासचिव मनोज सिंह व राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला महासचिव प्रदीप सिंह राठौड़, जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर, जेपी चौहान, राहुल चौहान, अभिषेक राठौर, यश गुप्ता, हर्षित सिंह, राम ठाकुर, शिवम सिंह अन्य लोगों ने रक्तदान किया। मनोज सिंह ने बताया कि जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर और फल वितरण कार्यक्रम किया है।

जिसमें पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

# 4-यूपी गर्ल्स बटालियन के दस दिवसीय कैम्प का हुआ समापन

**फायरिंग, ड्रिल तथा विभिन्न खेलों का हुआ आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

4-यूपी गर्ल्स बटालियन द्वारा आयोजित दस दिवसीय कैम्प सीएटीसी-49 का समापन हो गया। कैम्प में सीनियर व जूनियर विंग के 346 कैडिट्सों ने प्रतिभाग किया। कैम्प में कैडेट्सों को सैन्य जीवन जीने का अनुभव प्राप्त हुआ। प्रातः दिनचर्या शारीरिक व्यायाम से प्रारंभ होती थी। कैडेट्सों को एक मील दौड़ने का लक्ष्य रखा जाता था। युवा कैडेट्स के अंदर सैन्य प्रशिक्षण तथा आत्मविश्वास भरते हुए फायरिंग, ड्रिल तथा विभिन्न खेलों का आयोजन व प्रतियोगितायें करवायी गई। ज्ञानात्मक पर भी विशेष बल दिया गया। एनसीसी पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों पर भी पीआई स्टाफ तथा एनओ और सीटीओ द्वारा कक्षायें ली गई। शारीरिक स्वास्थ्य तथा आपाताकालीन स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर कमान अधिकारी सैन्य अस्पताल, मेडिकल आफीसर तथा उनकी टीम द्वारा जागरुक किया गया। सेना के दंत चिकित्सक अधिकारी तथा ओरल हेल्थ के बारे में जानकारी दी गई। जिला आपदा



फायरिंग में भाग लेते कैडेट्स

प्रबंधन अधिकारी ने समय-समय पर आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरुक किया। अधिकारियों द्वारा अग्नि से संबंधित आपदा पर बचाव के उपायों का प्रदर्शन किया। साइबर सिक्योरिटी पर तत्कालिक घटनाओं के माध्यम से कैडेट्सों को जागरुक किया गया। बरेली से आयी टीम ने भारतीय सेना में वूमेंस की भर्ती से संबंधित जानकारी दी। ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर ने यातायात के नियमों की जानकारी दी। 4यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी ने बताया कि कैडेट्सों में स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा के विकास हेतु ड्रिल, डिबेट, फायरिंग, समूह गान, समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया गया। इस दौरान विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।

# यूपी-112 ने जनपद में चलाया जन-जागरूकता अभियान



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक करती टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूपी-112 पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरुक किया गया। यूपी-112 पुलिस द्वारा यूपी-112 की जनसेवाओं की जागरूकता अभियान के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुति के माध्यम से जनता को डायल-112 की जानकारी देकर, उसके कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। यूपी-112 की एक पहल योजना के तहत आम जनमानस को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि सिर्फ अपने लिए नहीं, दूसरों की मदद के लिए भी 112 मिलाएं, कॉलर की पूरी जानकारी गुप्त रखी जाती है। सिर्फ पुलिस सहायता ही नहीं, फायर, एम्बुलेंस, प्राकृतिक आपदा आदि में भी मदद होती है।

## खबरें एक नजर में

### समर्थ सामाजिक संस्था ने गंगा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान



श्रमदान करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समर्थ सामाजिक संस्था द्वारा रविवार को पांचाल घाट स्थित दुर्वाषा ऋषि आश्रम घाट पर श्रमदान किया गया। संस्था के सदस्यों ने घाट पर बिखरी अपशिष्ट सामग्री एवं कूड़े को इकट्ठा कर भूविसर्जित किया। उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने सभी जनपद वासियों को हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने, स्वयं कहीं भी गंदगी ना करनें एवं किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा गंदगी फैलाने पर उसकी आंखों के सामने उस गंदगी को साफकरने का आवाहन किया। पदाधिकारियों ने घाट पर फैली अपशिष्ट सामग्रियों को एकत्र कर भू-विसर्जित किया। इस अवसर पर आलोक गुप्ता, सतीश यादव आदि मौजूद रहे।

### गीता जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी द्वारा आदेशित किया गया कि जनपद के सभी कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालय में 1 दिसंबर गीता जयंती के उपलक्ष में मानव श्रृंखला बनाएंगे तथा एक विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन ब्रह्म दत्त स्टेडियम में प्रातः 11 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनाई जाएगी।

### सपा की एसआईआर जागरूकता एवं निगरानी चौपाल आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चल रहे एसआईआर निगरानी अभियान के अंतर्गत जनपद के विकासखंड बढ़पुर, ग्राम पंचायत बाबरपुर में 1 दिसम्बर को सांय 5 बजे एसआईआर जागरूकता एवं निगरानी चौपाल का आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, प्रभारी डॉ0 नवल किशोर शाक्य एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में एसआईआर प्रक्रिया पर तकनीकी पर चर्चा होगी।

### पीड़ितों को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता: कस्बा चौकी प्रभारी



जानकारी देते चौकी प्रभारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नवनियुक्त कस्वा प्रभारी सोमवीर सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। कस्वा चौकी प्रभारी सोमवीर ने क्षेत्र में बढती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने का अश्वासन दिया। उन्होने स्पष्ट किया कि कस्वा चौकी पर नियमित जन सुनवाई होगी। पीड़ितों की शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण किया जायेगा। चौकी प्रभारी ने विशेष रूप से गरीब और असहाय लोगों के लिए न्याय की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंनों स्पष्ट किया की पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए किसी विचौलिए या सिफरिश की आवश्यकता नहीं होगी। कस्वा चौकी व थाने पर आकर अपनी समस्याए बताने का आवाहन किया। चौकी प्रभारी ने कहा कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने मीडिया से सहयोग की अपील करते हुए क्षेत्र की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहभागिता का आग्रह किया।

# कंटेनर की टक्कर से कोल्ड स्टोरेज कर्मचारी की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार रात जहानगंज मार्ग पर एक कंटेनर की टक्कर से कोल्ड स्टोरेज कर्मचारी सत्यपाल लोधी राजपूत की मौत हो गई। वह लकूला स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में नौकरी कर बाइक से अपने घर चुरसाई लौट रहा था। रात करीब 10 बजे राजपूताना चौकी के पास सांसद मुकेश राजपूत के पेट्रोल पंप के निकट कंटेनर चालक ने सत्यपाल की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सत्यपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक सत्यपाल कोल्ड स्टोरेज में लोडिंग का काम करते थे। मृतक की



मृतक का फाइल फोटो

पत्नी, मां और बड़े बेटे की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सत्यपाल की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# मेला श्रीराम नगरिया में होगा वेद प्रचार हेतु चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की बैठक आर्य समाज भोलेपुर में संपन्न हुई। अध्यक्षता स्वामी श्यामानंद ने की। डॉ. शिवराम सिंह आर्य ने गत कार्यवाही का वाचन किया।

जिसको सभी सादस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया। सभा प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने प्रस्ताव दिया कि आगामी वर्ष में गंगा के पावन तट पर स्थिति पांचालघाट में लगने वाले मेला श्रीराम नगरिया में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभा के तत्वावधान में वेद प्रचार हेतु चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया जाना चाहिए, जिस पर सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि जनमानस तक आर्य समाज तथा वेदों के संदेश को पहुंचना इस शिविर का लक्ष्य है,



बैठक में मौजूद आर्य समाज के लोग

जो निरंतर सफल हो रहा है। शिविर में देश देशांतर से आने वाले विद्वानों को सुनने के लिये कल्पवासियों की भारी भीड़ उमड़ती है। नित्य होने वाले यज्ञ और योग में सभी की सहभागिता रहती है। देश के अनेकों प्रान्त से आर्य समाज के विद्वानों व कार्यकर्ताओं की शिविर में सहभागिता होती है।

मुन्ना यादव ने कहा सभी को तन मन धन से इस वर्ष शिविर की सफलता के लिए जुटना चाहिए। डा0 हरिनंदन आर्य ने सभी आर्य समाजों से आर्थिक सहयोग जुटाने का आवाह्न किया।

डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने कहा यह वर्ष आर्य समाज स्थापना का 150वां वर्ष है, इसलिए शिविर ऐतिहासिक रूप से आयोजित किया जाए। स्वामी श्यामानंद ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को दायित्व सौंप कर पूरे मनोयोग से इस वर्ष के आयोजन को और भी भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम में हरिओम शास्त्री, दफेदार आर्य, सुरेंद्र सिंह आर्य, सुरेश चंद्र, हर्ष आर्य आदि उपस्थित रहे।

# बूथों पर टीमें बनाकर प्रत्येक व्यक्ति को जोड़े: राम किशोर साहू

**भाजपा नेताओं ने शक्ति केंद्र पर सुनी पीएम के मन की बात**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के महामंत्री रामकिशोर साहू जनपद में एक दिवसीय प्रवास पर रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 128वें संस्करण कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र के पश्चिमी मंडल के अंतर्गत टाउन हॉल शक्ति केंद्र की बूथ संख्या 217 बूथ अध्यक्ष आदर्श मिश्रा के आवास पर पर कार्यक्रम को सुना।

उन्होंने पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की



पीएम के मन की बात सुनते भाजपा नेता

अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों के साथ मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। उनके साथ क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता रहे। पार्टी मुख्यालय पर राम किशोर साहू ने कहा कि इस समय पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को एसआईआर को गंभीरता से लेते हुए उसे अभियान में अपनी सहभागिता करनी है।

विपक्ष के द्वारा जनता के बीच वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसएआर को लेकर विभिन्न गलतफहमियां और कन्फ्यूजन उत्पन्न किया जा रहा है। विपक्ष चुनाव आयोग के इस महाव्यापी अभियान को लेकर जनता को भ्रमित कर रहा है। कार्यकर्ता जन जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक घर-घर पहुंचकर अभियान के बारे में संपूर्ण जानकारी देने का कार्य करें। बूथों पर टीमें बनाकर प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जोड़ने का कार्य करें।

संगठन के प्रत्येक मोर्चे महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा एवं सभी विभागों सोशल मीडिया, आईटी सेल मीडिया के समस्त पदाधिकारी अभियान को सफल बनाने का कार्य करें। क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा बहुत से बूथों पर कार्यकर्ता मन की बात को नहीं सुनते हैं। इसलिए प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री के द्वारा किए जा रहे हैं इस लोकप्रिय कार्यक्रम को प्रचारित और प्रसारित किया जाए। क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां पर लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं लागू है इसलिए मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया पूरे जनपद में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को चलाया जा रहा है जिसकी विधिवत समीक्षा भी की जा रही है। इस दौरान विमल कटियार, डीएस राठौर, डॉ0 रजनी सरीन, बबीता पाठक, अभिषेक त्रिवेदी, आदित्य मिश्रा, अमरदीप दीक्षित, विकास पांडे, वीर बहादुर पाल, रजनीश मिश्रा, कृष्ण मुरारी राजपूत, धीरेंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## सेवा धर्म समिति ने की गीता जयंती पर गीता पाठ करने की अपील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा धर्म समिति की ओर से 1 दिसंबर दिन सोमवार को श्रीमद्भागवत गीता जयंती के अवसर पर गीता पाठ करने व मानव श्रृंखला बनाने की अपील की। सेवा धर्म समिति के सचिव अविनाश सारस्वत नीरज ने जानकारी देते हुए बताया कि गीता जयंती के अवसर पर सभी लोग गीता का अपने-अपने घरों में पूजा कर दीप प्रचलित करें एवं आरती करके, कम से कम एक श्लोक का पाठ अपने परिवार के साथ करें और इसी के साथ अपने कॉलोनी में, मोहल्ले में बाजार में, शहर में या गांव में गीता जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाएं। एक वीडियो बनाकर अपने फेसबुक अकाउंट, व्हाट्सएप ग्रुप एवं इंस्टाग्राम पर डालें।

# चिन्हांकन हेतु अन्ना पशुओं को पहनाई गई रेडियम बेल्ट

**दुर्घटना रोकथाम में कारगर साबित होगी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पशुओं की सुरक्षा को लेकर फतेहगढ़ पुलिस ने भाजपा नेता व समाजसेवी तोषित प्रीत सिंह आदि के सहयोग से अन्ना गोवंशों व कुत्तों को रेडियम बेल्ट पहनाई, जिससे वाहन चालकों को समय रहने सावधानी बरतने में मदद मिलती है।

सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि कोहरे के समय दृश्यता कम हो जाती है। इससे सड़क पर अक्सर पशु नहीं दिखाई देते।

यह दुर्घटना का कारण बनते हैं। इस कारण उनकी गर्दन में रेडियम पट्टी पहनाई जा रही है। भाजपा नेता तोषित



गाय को रेडियम बेल्ट पहनाती सीओ व अन्य

प्रीत सिंह ने बताया कि ये बेल्ट व्यस्त मार्गो पर दुर्घटना रोकथाम में कारगर साबित होगी। रात्रि या कम रोशनी वाली परिस्थितियों में इन बेल्ट्स की चमक पशुओं को दूर से ही दिखाई देती है, जिससे वाहन चालकों को समय रहते सावधानी बरतने में मदद मिलती है। इन बेल्ट्स का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं हमारे पशुओं की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, विशेषकर व्यस्त सड़कों पर। इस दौरान टीएसआई सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण तथा रेलवे स्टेशन पर महिलाओं व छात्राओं व बालिकाओं को जागरुक किया।

थाना अमृतपुर पुलिस ने क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं व महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत सशक्त और जागरूक किया। वहीं कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं व महिलाओं को सशक्त और जागरूक किया। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस व थाना कम्पिल पुलिस, कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं व महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत सशक्त और जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया।



रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को जागरुक करती पुलिस



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद युवतियां व महिला पुलिस कर्मी

# अवैध प्लाटिंग पर बांदा विकास प्राधिकरण सचिव ने कसा शिकंजा

बाँदा, समृद्धि न्यूज़।

बीडीए के सचिव द्वारा पुलिस अधीक्षक बाँदा को पत्र के माध्यम से बड़ी कार्रवाई हेतु भारी पुलिस फोर्स उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जा रहा है। सचिव ने बताया कि कई स्थानों पर अवैध रूप से प्लाट काटने और कालोनी विकसित करने का कार्य बड़े पैमाने पर किया गया है।

अवैध प्लाटिंग मामलों को लेकर यह भी संकेत दिया है कि बड़े स्तर पर ध्वस्तीकरण की कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे कोई भी हो। उसकी अवैध प्रॉपर्टी को बुलडोजर से ढहाया जाएगा। आपको विशेष जानकारी देते हुए बतादें शहर में तेजी से बढ़ रही अवैध प्लाटिंग और अनाधिकृत निर्माण पर बाँदा विकास प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए कई स्थानों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती ग्रीन सिटी पूरी तरह अवैध, प्लॉट न खरीदने की अपील रानी दुर्गावती ग्रीन सिटी पूरी तरह अवैध है।

- सचिव विकास प्राधिकरण ने बताया कि नरैनी रोड स्थित ग्रीन सिटी पूरी तरह अवैध है
- सचिव ने की प्लाट न खरीदने की अपील



महोबा रोड और नरैनी रोड क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जमीन को अवैध रूप से प्लाटों में बदलने का मामला सामने आया है। इसके साथ ही सर्किट हाउस क्षेत्र और तुलसी नगर बाबा तालाब के आस-पास भी बिना अनुमति प्लाटिंग की गतिविधियाँ चिन्हित की गई हैं। आपको विस्तार से जानकारी देते हुए बतादें की महोबा रोड त्रिवेणी चौराहा पेट्रोल पंप के पीछे लगभग 8 बीघा जमीन पर बिना किसी स्वीकृत ले-आउट के प्लाटिंग और निर्माण कार्य पाए गए।

निरीक्षण के दौरान अनुमति से जुड़े कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। नरैनी रोड पर राजा देवी डिग्री कालेज हास्टल के पास, मेडिकल कालेज गेट नंबर-1 से कुछ दूरी पर लगभग 20 बीघा क्षेत्र में अवैध कालोनी विकसित होती मिली। यहाँ किसी प्रकार का स्वीकृत मानचित्र या अनुमति पत्र उपलब्ध नहीं था। सर्किट हाउस क्षेत्र में भी जमीन को अवैध रूप से प्लाटों में बांटे जाने की शिकायत पर ठव। की टीम ने निरीक्षण किया। इस क्षेत्र को भी विशेष निगरानी में रखा गया है और आवश्यक कार्रवाई की तैयारी चल रही है। तुलसी नगर बाबा तालाब के निकट भी बिना अनुमति प्लाटिंग की जानकारी पर प्राधिकरण सक्रिय हो गया है। टीम ने स्थल का सर्वे कर इसे जांच सूची में शामिल कर लिया है। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि मैरिज हॉल संचालकों में लगभग 20 लोगों ने अभी तक नक्शा पास नहीं कराया है। जिसको लेकर 6 दिसंबर शाम 6 बजे मीटिंग बुलाई गई है।

इस दौरान संचालकों से कहा जाएगा कि सभी अपना नक्शा पास करा लें, अन्यथा की स्थित में जिनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं, उनके मैरिज हॉल सील कर बंद कर दिए जाएंगे। होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की भी बैठक बुलाई गई थी, जिसमें 2 लोगों ने अपना नक्शा पास करा लिया है। बाकियों को चेतावनी दी गई है कि वे तुरंत अपने होटल और रेस्टोरेंट का नक्शा पास करा लें, अन्यथा उनके प्रतिष्ठान भी सील और बंद कर दिए जाएंगे।

मामले में धारा 27(1), 28(1) और 28(2) के तहत कार्यवाही आगे बढ़ाई जा रही है। प्राधिकरण ने संबंधित पक्ष को 3 दिसंबर 2025 दोपहर 12 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। अवैध प्लाटिंग या कॉलोनी विकसित करने वालों पर 50,000 तक का जुर्माना, तथा निर्माण जारी रहने पर प्रतिदिन 2,500 तक अतिरिक्त आर्थिक दंड लागू किया जा सकता है। सभी कार्रवाई उत्तर प्रदेश अर्बन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट 1973 के अनुरूप की जा रही है।

## सीओ अतुल प्रधान के सेवानिवृत होने पर दी विदाई



इटावा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस लाइन सभागार में भरथना सीओ अतुल प्रधान के सेवानिवृत होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने माला और शॉल उढ़ाकर एवं घड़ी भेंट कर उन्हें विदा किया। इस मौके पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें उनकी सेवाओं की सराहना की गई। एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बुका भेंट कर एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया एवं नम आंखों से विदाई दी। मोहम्मद आमीन, ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख़ बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, जिलाउपाध्यक्ष शेख मोहम्मद नवाब आदि लोगों ने सेवानिवृत्त भरथना सीओ अतुल प्रधान को माला पहनाकर और शॉल उड़ाकर सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें विदाई दी।

## खबरें एक नजर में

### घायल अवस्था में मिला लापता युवक



**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला मुलू बिबौली निवासी जितेंद्र दोहरे के परिजनों में रविवार की सुबह करीब 6 बजे उस समय कोहराम मच गया, जब बीते 15 घंटों से घर से अचानक लापता हुए उनके छोटे मंदबुद्धि पुत्र विपिन कुमार (22 वर्ष) दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक स्थित ग्राम कंधेसी पचार के समीप रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से घायल अवस्था में पड़ा होने की खबर मिली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजन गम्भीर घायल विपिन को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने विपिन को सैंफई पीजीआई के लिए रिफर कर दिया। घायल विपिन के चचेरे भाई विकास दोहरे ने बताया सैंफई के चिकित्सकों ने विपिन के घुटनों से नीचे के दोनों पैर काटकर शरीर से अलग कर दिए हैं। विकास के अनुसार मंदबुद्धि विपिन बीती शनिवार कि शाम करीब 4 बजे से अचानक घर से लापता हो गया था, परिजन विपिन की खोजबीन में लगे हुए थे। तभी पुलिस ने उक्त घटना की सूचना परिजनों को दी। घटना के बाद से विपिन के पिता जितेंद्र दोहरे, छोटा भाई रामू, बहन कल्पना, मां रीना देवी सहित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सर्विस रोड पर मिला अज्ञात महिला का शव

**जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित धौलपुर खेड़ा गांव के फ्लाईओवर ब्रिज की सर्विस रोड पर रविवार की अलख सुबह लगभग छह बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब राहगीरों ने एक महिला का शव और पास में पड़ा बैग देखा। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कमल भाटी के निर्देशन में उपनिरीक्षक आशीष कुमार व यशवीर तोमर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से मिले मोबाइल फोन की जांच शुरू की। उसी दौरान फोन पर एक कॉल आई, जिसके आधार पर मृतका की पहचान हो सकी। कॉल करने वाले दीपक, निवासी दोदुआ गोपालपुर, ने बताया कि मृतका उसकी मौसी 45 वर्षीय गायत्री देवी पत्नी स्व. राजू निवासी ग्राम सायनो, जिला भिंड थीं। वह गुड़गांव में अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए किराए पर रहती थीं और वहीं एक कंपनी में कार्यरत थीं। दीपक ने बताया कि मौसा की मृत्यु के बाद गायत्री देवी दोदुआ में घर बनवाकर वहीं रहने लगी थीं। घर में बेटी के जन्मोत्सव व मूल शांति के पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह गुड़गांव के सेक्टर 37 से शनिवार की रात करीब 9 बजे बस में बैठकर निकली थीं। लेकिन रास्ते में उनके साथ क्या हुआ, इसकी कोई जानकारी परिजनों को नहीं मिल सकी। मृतका के दो बच्चें है जिसमें22वर्षीया पुत्री मनु और 20 वर्षीय पुत्र शिवमोहन है।

### 25 बीएलओ की मौत पर आप का विरोध



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रदेश व्यापी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भरथना के बालूगंज स्थित शहीद पार्क में किया गया। देशभर में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ पर इस हद तक दबाव बना रहे हैं कि अब तक 25 से अधिक बीएलओ अपनी जान गंवा चुके हैं। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के खिलाफ संगठित अपराध है। जब चुनाव में अभी डेढ़ साल बाकी है तो इतनी बेतहाशा जल्दबाज़ी क्यों क्या यह चुनाव सुधार है या विपक्ष और वंचित वर्ग को सूची से हटाने की सोची-समझी साजिश। आप जिलाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग की इस निर्मम जल्दबाज़ी का नतीजा 25 से ज्यादा मौतों के रूप में सामने आया है और अब आयोग को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और एस आई आर की समय सीमा कम से कम 3 माह की जानी चाहिए। मृत बीएलओ को श्रद्धांजलि देने के साथ यह मांग उठाई जाएगी कि बीएलओ की मौतों की उच्च स्तरीय जांच हो, परिवारों को मुआवजा दिया जाए और एसआईआर के नाम पर हो रहा अत्याचार तुरंत रोका जाए। कार्यक्रम में भजनलाल जिलाउपाध्यक्ष, एजाज मोहम्मद जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, अशोक यादव विधानसभा अध्यक्ष, मोहम्मद नफीस, अंकुर कुमार जिला उपाध्यक्ष, किशन लाल, प्रदीप पोरवाल, महेश चंद्र, जीतू यादव, सर्वेश, राम शंकर, कृपाराम, दिनेश कुमार मौजूद रहे।

## नुमाइश की दुकानों का आवंटन शुरू

इटावा, समृद्धि न्यूज।

नुमाइश की दुकानों का आवंटन शुरू। पांच सौ से ज्यादा दुकानदारों को दुकानों का आवंटन किया गया। आवंटन में पूर्व में काबिज दुकानदारों को प्राथमिकता दी गई। अपर जिलाधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने दी जानकारी।



दुकानों के आवंटन में देरी को लेकर कल बाहर से आए दुकानदारों आक्रोश जताया था, दुकानदारों का कहना था कि दुकानों के आवंटन में देरी के चलते उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही आवंटन की नई प्रक्रिया का भी विरोध किया था। नई प्रक्रिया के तहत दुकानों को बाजार के हिसाब से आवंटन करना था, जिसमें खिलौने की दुकान एक साथ, कपड़े की दुकानें एक साथ, घरेलू सामान की दुकानें एक साथ और इसी तरह एक वस्तु की दुकानें एक जगह लगाई जाने का निर्णय नुमाइश प्रशासन ने लिया था जिसका विरोध दुकानदारों ने किया था साथ ही दुकानदारों का कहना था कि उनको नुमाइश के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है और उनका करोड़ो का सामान खुले में पड़ा हुआ है। अपरजिलाधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि नुमाइश की दुकानों का आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 508 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है और पूर्व से जिस जगह पर दुकानें लगती रही है उन जगहों पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को प्राथमिकता दी गई है। अपर जिलाधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि नुमाइश कमेटी और प्रशासन का उद्देश्य नुमाइश को साफसुधरा और उच्च स्तरीय स्वरूप देना है। उन्होंने बताया कि आवंटित दुकानदारों की सूची चस्पा कर दी गई है।

## सभी गोवंश गोशाला में बेहतर तरीके से किए जाएं संरक्षित : विशेष सचिव

- नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक



बांदा, समृद्धि न्यूज।

विशेष सचिव ,दुग्ध विकास एवं नोडल अधिकारी राम सहाय यादव की अध्यक्षता में गौसंरक्षण एवं संचालन प्रबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित पशु चिकित्सा धिकारियों एवं जिला पंचायतराज ,मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी गोवंश गौशाला में संरक्षित बेहतर तरीके से की जाए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को गोवंसों का बेहतर रूप से चिकित्सीय उपचार तथा टीकाकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गौशाला में पेयजल की उपलब्धता तथा चराई की छाया व्यवस्था रखने के निर्देश दिएस उन्होंने निर्देशित किया कि जिन गौशाला में बाउंड्री वॉल नहीं है वहां तार लगाकर बाउंड्री बाल बनाई जाए तथा जो बाउंड्री वॉल मरम्मत योग्य है उनको मरमत कराई जाए सउन्होंने गोशाला में लाइट की व्यवस्था अथवा सोलर पैनल लगाए जाने के निर्देश दिएस, उन्होंने ठंड से बचाव हेतु तिरपाल लगाए जाने एवं अलाव की व्यवस्था किए जाने तथा पशुओं का टीकाकरण एवं फीडिंग कराए जाने के साथ समय-समय पर हेल्थ परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं में अभिलेख / रजिस्टर जरूर बनाया जाए ,जिसमें गौशालाओं गोवंशों की संख्या ,टीकाकरण ,उपचार की व्यवस्था, उपलब्ध प्राप्त धनराशि सहित अन्य आवश्यक विवरण उपलब्ध हैं सउन्होंने निर्देशित किया कि सभी के गौशाला में केयरटेकर एवं चौकीदार की रात में आवश्यक व्यवस्था की जाए स्टॉक रजिस्टर बनाया जाए और गोबर से गैस गोबर प्लांट लगाया जाएस उन्होंने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग एवं लाक बुक बनाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत दिए गए गोवंश को समय से भुगतान एवं सत्यापन कराए जाने तथा गौसंरक्षण हेतु सभी गौशाला में समय से धनराशि भेजे जाने के निर्देश दिए सउन्होंने हरा चारा हेतु चरागाह एवं अन्य चिह्नित भूमि पर चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुग्ध उत्पादन व पशुधन को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री गो संवर्धन योजना में कार्य करने तथा दुग्ध कलेक्शन बढ़ाए जाने तथा दुग्ध समितियां नई का गठन करने के निर्देश दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों को दिए सउन्होंने पशुपालन के अंतर्गत पशुधन कुक्कुट एवं मत्स्य पालन किए जाने पर भी जोरदिया। उन्होंने आज कनवारा गौशाला एवं बृहद को संरक्षण केंद्र रंगोली भटपुरा नारायणी का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान गौ संरक्षण केंद्र कनवाड़ा में साफ सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

बैठक में अपर आयुक्त भगवान शरण ,मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे तथा मंडल के पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण अवस्थित रहे।

## वरदान वेलफेयर सोसायटी ने बीएलओ को किया सम्मानित

- मतदाता शीघ्र एसआईआर फार्म भरकर जमा कर दें- कासिम अंसारी

इटावा, समृद्धि न्यूज।



एसआईआर प्रक्रिया में महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान देने पर वरदान वेलफेयर सोसायटी एवं बुनकर एकता समिति के तत्वावधान में कासिम अंसारी ने अपनी टीम के साथ बाह अड्डा स्थित कार्यालय पर दो बीएलओ को सम्मानित किया।

वरदान वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष कासिम अंसारी ने अपनी टीम के साथ करनपुरा व बाह अड्डा के बीएलओ उग्रसेन तथा पुरोहितन टोला की बीएलओ विमला देवी को बुके देकर, पुष्प अर्पित कर और शाल उढ़ाकर सम्मानित किया साथ हो उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कासिम अंसारी ने कहा दोनों बीएलओ क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर लोगों तक एसआईआर फार्म पहुंचा कर फार्म भरने में काफी सहायता कर रहे हैं ताकि लोग फार्म भरने से छूट न जायें। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वह अपना एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ के पास अवश्य जमा कर दें और अगर फार्म भरने में कोई दिक्कत आए तो बाह अड्डा स्थित कार्यालय पर आकर अपनी समस्या का समाधान कराएं। बीएलओ उग्रसेन ने बताया कि करीब 900 फार्म वितरित हो चुके हैं और करीब 725 फार्म अपलोड हो चुके हैं।

बीएलओ विमला देवी ने बताया कि अधिकांश फार्म वितरित हो चुके हैं और 800 फार्म अपलोड हो चुके हैं। इस अवसर पर दिव्यांशु, राजीव पाल, हाफिज मोहम्मद आबिद, मोहम्मद शाबान, जीशान अंसारी, शफीक अंसारी, इमरान खान, डा. मोहम्मद रफी, शावेज़ नक़वी आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी गांव मोड़ के सामने हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक रामू पुत्र सुनील (25) निवासी चंदरपुर, थाना सिविल लाइन इटावा ने बीती देर शाम इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना 24 नवंबर की है, जब रामू को ट्रक की टक्कर लगने से गंभीर चोटें आई थीं। राहगीरों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ डॉक्टरों ने उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए भर्ती रखा। हालांकि गम्भीर चोटों के कारण उसकी हालत लगातार नाजुक बनी रही और अंततः देर शाम उसकी मौत हो गई। उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसा किस ट्रक से हुआ इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### रोटी बैंक सोसाइटी ने मरीजों को फल व बिस्किट आदि का किया वितरण



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की महिला टीम की अध्यक्ष श्रीमती तबस्सुम फ़ात्मा की अध्यक्षता में महिला टीम की महामंत्री रिया खान के नेतृत्व में महिला टीम के सहयोग से महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0श्रीमती सुनीता सिंह जी के निर्देशन में जिला महिला अस्पताल स्टाफ़ के विशेष सहयोग से, महिला टीम के द्वारा हर माह की तरह इस बार भी महिला जिला चिकित्सालय बाँदा के मरीजों और तीमारदारों को फल,बिस्किट आदि का वितरण किया गया ।इसके साथ ही महिला टीम की सदस्य राबिया खान और सदस्य शहाना खान के द्वारा मरीजों को उनके मौलिक अधिकारों तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया ।उक्त फल,बिस्किट आदि पाकर मरीज़ों और उनके तीमारदारों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाज़ा ।उक्त फल वितरण कार्यक्रम में निम्न दाधिकारियों,सदस्यों,समाजसेवियों ने मरीज़ों और उनके तीमारदारों को सेवा प्रदान की ।रिज़वान अली संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष,सुनील सक्सेना संगठन मंत्री,मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,महिला अध्यक्ष तबस्सुम फ़ात्मा, महिला महामंत्री रिया खान, सदस्य राबिया खान,शहाना खान आदि मौजूद रहे।

## संविधान निर्माता बीएन राव की मनाई पुण्यतिथि

इटावा, समृद्धि न्यूज।

कानून विधि संविधान निर्माता बी एन राव की पुण्य तिथि परशुराम सेवा समिति, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में राम किशोर मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि नागरी के आवास पर इंद्रा आवास कालोनी आईटीआई चौराहे के पास में मनायी गयी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीबीए के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, महामन्त्री नितिन तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी उपस्थित रहे। डॉ.सुशील सम्राट ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीबीए के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण समाज की एक जुटता के लिए सभी को प्रयास करना होगा स उन्होंने कहा कि कानून विधि बी एन राव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट, संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष आदित्य बंटी बाजपेयी, रामकिशोर मिश्रा नागरी प्रधान, विपिन अवस्थी चौबिया, मेजर पांडेय मेला मालिक परसूपुरा, कुलदीप मिश्रा, एड, रामकुमार दुबे, आलोक तिवारी प्रधान लवेदी, मुकेश चौधरी प्रधान पृथ्वीपुर, शिवहरी दीक्षित, अनिल चौधरी बुआपुर, अविनाश दीक्षित, शिवकुमार शुक्ला, बृजेश तिवारी, शनि दुबे, वैभव मिश्रा एड, प्रभाकर त्रिपाठी, सूरज मिश्रा, मोनू दीक्षित आदि लगभग सभी ब्राहमण संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति रही।

## मन की बात, जन सामान्य से संवाद का एक प्रेरक मंच



- मोदी ने प्रस्तुत किये जन जागरूकता व सामूहिक भागीदरी के प्रेरणादायक उदाहरण
- जिले के 1395 बूथों में भाजपाइयों ने सुना मन की बात

बाँदा, समृद्धि न्यूज।

आज जिले के सभी 1395 बूथों में मोदी ज़ी के मन की बात के 128 वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना गया स जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने अपने इंदिरा नगर स्थित 77 वें बूथ में मन की बात सुनी जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 नवम्बर को अयोध्या श्री राम मंदिर में धर्मध्वजा का आरोहन , वन्देमातरम के गौरवशाली 150 वर्ष , कुरुक्षेत्र में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण, उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म जैसे अनेकों विषयों पर अपने विचार साझा किये स सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपने खुरहण्ड स्थित आवास पर मन की बात सुनी जिसमें प्रधानमंत्री ने देशभर में चल रहे सामाजिक प्रयासों, सामूहिक भागीदारी और जनजागरूकता को बढ़ाये जाने वाले अनेक प्रेरणा दायक उदाहरण प्रस्तुत किये जिसमें उन्होंने कहा कि मन कि बात मेरे लिए हमेशा जन सम्बाद का एक प्रेरक मंच रहा है जहाँ देश की सकारात्मक कहानियां, लोकशक्ति उदाहरण और राष्ट्र निर्माण की दिशा में जनता की भूमिका एक नई ऊर्जा देती है स निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मण्डल के तुलसी नगर स्थित बूथ नम्बर 191 में मन की बात सुनी जिसमें मोदी ज़ी ने महिला क्रिकेट खिलाडियों की प्रशंसा करते हुए देश की कला के बारे में चर्चा की स उन्होंने खेल जगत की विविध उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए स्थानीय उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊंचाईयों तक ले जाने का आह्वाहन किया स जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने अपने बाकर गंज स्थित आवास पर मन की बात सुनी जिसमें मोदी ने कहा कि मन कि बात का कार्यक्रम हम सभी को जोड़ता है प्रेरित करता है और यह विश्वास दिलाता है कि राष्ट्र का बदलाव तब सबसे मजबूत होगा ज़ब हर नागरिक उसमें अपना सक्रिय योगदान देता है।

## भगवान का अवतार दुष्टों का संहार करने के लिए होता है : पं. रमन वाजपई

एजेंसी, नरैनी/बांदा।

कस्बे में चल रहे भागवत ज्ञान सप्ताह कार्यक्रम में भागवताचार्य ने कृष्ण जन्म और वामन अवतार की कथा विस्तारपूर्वक कही। नरैनी कस्बे के रामलीला मैदान में चल रहे भागवत कथा में गोधूलीपुरम वृंदावन धाम से पधारे पंडित रमन वाजपई जी ने चतुर्थ दिवस कृष्ण जन्म और वामन अवतार की कथा मौके पर मौजूद श्रोताओं को विस्तार से सुनाई।बताया जब जब इस पृथ्वी पर अत्याचार बड़ा पाप हुआ, तब तब प्रभु को धर्म की स्थापना के लिए इस धरती पर अवतार लेना पड़ा।बताया कि कंश के अत्याचार और दुराचार से कराह रही धरती वासियों को भगवान कृष्ण ने देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया।भगवान के जन्म के समय मौके पर मौजूद महिलाओं के द्वारा अनेक मंगल गीतों का गायन किया गया।कथा ब्यास ने बताया कि भागवत मनोरंजन नहीं बल्कि मन का रंजन कराती है। मनुष्य योनि में आकर हम सभी को धर्म के रास्ते का अनुसरण करना चाहिए।बताया कि कथा सुनना तभी सार्थक होगा जब हम लोग भागवत कथा में बताए गए मार्ग में चलकर परमार्थ का कार्य करे।बताया कि भगवान का अवतार भी धर्म की स्थापना के लिए हुआ था।अवतार लेकर इस धरती में दुष्टों का संहार किया।भगवान के जन्म के अवसर पर तमाम मंगलगीतों के गायन के साथ सुन्दर झांकी निकाली गई।महिलाओं ने नंदोत्सव के जन्म पर खूब नाची।माखन मिश्री फल फूल मिष्ठान्न का वितरण किया गया।बता दे कि जगत कल्याण हेतु कथा परीक्षित रामकली पांडे पत्नी स्व शीतल प्रसाद पांडे के द्वारा भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन कस्बे के रामलीला मैदान में करवाया जा रहा है।



### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय राजमार्ग से सिस हाट रोड के किनारे स्थित एक उत्सव गार्डन के पास शनिवार देर रात 2 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने हाइवे पर जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह मौके पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवक दम तोड़ चुका था। मृतक की पहचान जीतपाल (26) पुत्र भजनलाल, निवासी बिहारी भटपुरा, थाना सैफई के रूप में हुई है। मौके पर पहुँचे सिटी इंचार्ज मनीष कुमार व ललित चतुर्वेदी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा किस वाहन से हुआ, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगालने के साथ राहगीरों से भी जानकारी जुटा रही है ।मृतक युवक की माँ का नाम सुनीता देवी है यह युवक पिछले कई साल से अपनी माँ के साथ मामा के गाँव में ही नानी के साथ रह रहा था। गाँव की एक लड़की की शादी में सम्मिलित होने के लिए गया था।

## ननद-भौजाई ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल, मौत

- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र अमरइया पुरवा में अलाव तापते समय ननद भौजाई ट्रैक्टर से दब कर गम्भीर रूप से घायल हो गई।

दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया और दूसरे को जिला अस्पताल रेफर जहां रास्ते में दूसरे की भी मौत हो गई।वही ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



पुत्र सर्वेश कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कोतवाली क्षेत्र के अमरइया पुरवा निवासी पार्वती पत्नी स्व बुद्ध विलास उम्र 45 वर्ष व परसौली निवासी भौजाई बिट्टी देवी पत्नी भूपत 60 वर्ष दोनो ननद भौजाई घर के पास अलाव ताप रही थी तभी अमरइया पुरवा निवासी देव कुमार पुत्र शिव लोचन उम्र 35 वर्ष टेक्ट्रर मे चाबी लगाई और टैक्टर स्टार्ट होकर आगे बढ़ गया ।रोकते रोकते डाइवर पहिये के नीचे आ गया पैर मे चढते हुये अलाव ताप रही महिलाओ के ऊपर चढ गया दोनो ननद भौजाई गम्भीर रूप से घायल हो गये परिवारीजनो ने इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र मे भती कराया जहां पार्वती कीडॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। ननद बिट्टी देवी को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। ड्राइवर देव कुमार का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर घायल होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिह राजावत ने शंव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतिका पार्वती के दो पुत्र तीन पुत्रिया है।